ठाणे - मुंबई
से प्रकाशित
सोमवार, 20 जुलाई 2026
वर्ष - 19, अंक-215
मुल्य-2, पृष्ठ-8+4

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
www.tarunmitra.in
संपादक- स्वतंत्र कुमार
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
e-mail-tarun.thana@gmail.com
महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित



## संक्षिप्त समाचार

### सर्वदलीय बैठक : सरकार ने विपक्ष से की विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सुचारू संचालन में सहयोग की अपील



**नई दिल्ली**। संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सरकार ने विपक्ष से महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सकारात्मक सहयोग का आग्रह किया। बैठक के दौरान विपक्षी दलों ने अलग गुट बनाने वाले सदस्यों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। विरोध स्वरूप विपक्ष के कुछ नेताओं ने कुछ समय के लिए सांकेतिक बहिर्गमन भी किया। हालांकि बाद में वे बैठक में वापस लौट आए और चर्चा में शामिल हुए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से बुलाई गई इस बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में 40 राजनीतिक दलों के कुल 58 नेताओं ने हिस्सा लिया। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, बैठक की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रारंभिक टिप्पणी से हुई। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक का संचालन किया। बैठक के समापन पर रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को उनकी उपस्थिति, सुझाव और सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया।

# पुंछ में फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड से 16 लोगों की मौत, किश्तवाड़ में फटा बादल

### फंसे लोगों को निकालने युद्धस्तर पर कार्य जारी, सीएम ने दिल्ली दौरा बीच में छोड़ा

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार तड़के मूसलाधार बारिश ने तबाही मचाई। भारी बारिश के कारण फ्लैश फ्लड और भूस्खलन में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा प्रभावित सुरनकोट तहसील में सभी मौतें दर्ज की गई हैं। राहत एवं बचाव दल मौके पर तैनात हैं और फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने, प्रभावित क्षेत्रों को खाली कराने और राहत पहुंचाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किश्तवाड़ में बादल फटा है। इसके चलते व्यापक पैमाने पर तबाही मची। घर-मकान को नुकसान पहुंचा है। राजौरी में भी भारी से बहुत भारी बारिश के चलते हालात खराब हैं। प्रशासन ने लोगों को अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है। अभी तक 16 लोगों के मरने की सूचना मिली है। इसके अलावा कई अन्य अभी भी लापता हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने का अंदेशा जताया गया है।

नूनाबंदी गांव में मकान गिरने से एक महिला की मौत हो गई। उनके पति और तीन बच्चों को घायल अवस्था में बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया है। लोअर मुर्रा



क्षेत्र में भूस्खलन के कारण एक अन्य शख्स मकान में दब गया। वहीं, मकान समेत परिवार के 6 सदस्य लापता बताए जा रहे हैं। उनकी तलाश के लिए बचाव अभियान चलाया गया है। इसके अलावा मरहोट में एक नाबालिग लड़की नाले में बह गई, जबकि धुंदक लाथूंग पुल के पास एक नाले से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक किश्तवाड़ के दाछन के सुरनू (कियार) में बादल फटा है। इससे इलाके में हालात काफी बिगड़ गए। खेत में खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। लगातार हो रही भारी बारिश और सलाल व बगलिहार बांध से पानी छोड़े जाने के कारण चिनाब नदी का जलस्तर अलर्ट लेवल तक पहुंचने वाला है। घाट किनारे पर बने मंदिर परिसर तक पानी पहुंच गया है और घाट पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। प्रशासन ने लोगों को अलर्ट पर रहने को कहा है। वहीं, जम्मू के पीर खो क्षेत्र के पास तवी नदी में तेज बहाव के बीच फंसे 3 लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

### जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की स्थिति पर अमित शाह ने एलजी और मुख्यमंत्री से की बात



**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अलग-अलग बातचीत की। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। गृह मंत्रालय के अनुसार, अमित शाह ने दोनों नेताओं से प्रभावित क्षेत्रों की मौजूदा स्थिति, राहत एवं बचाव अभियान तथा प्रशासन की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा और राहत कार्य केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा आवश्यकतानुसार हर प्रकार की सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में रविवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में जन-धन का नुकसान हुआ है। अब तक आठ लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई अन्य लोगों की तलाश के लिए राहत एवं बचाव अभियान जारी है। प्रशासन, पुलिस, आपदा प्रबंधन दल और अन्य एजेंसियां प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं।

### 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' के तहत बोधगया के लिए स्पेशल ट्रेन 20 जुलाई को होगी रवाना



**तरुणमित्र। मुंबई**

सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग की ओर 'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' के तहत बोधगया के लिए स्पेशल ट्रेन 20 जुलाई को दोपहर 2 बजे दादर स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म नंबर 14 से रवाना होगी। इस ट्रेन में मुंबई डिवीजन के 800 लाभार्थियों के लिए इंतज़ाम किया गया है। सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना का मुख्य मकसद राज्य के लोगों को देश के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों की यात्रा कराना है, साथ ही समाज के अलग-अलग वर्गों को आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का एहसास कराना है। मुंबई शहर, मुंबई के आस-पास के इलाके, ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिलों के योग्य लाभार्थी 20 जुलाई से 26 जुलाई, 2026 तक इस खास तीर्थयात्रा में हिस्सा लेंगे। यह खास तीर्थयात्रा लाभार्थियों को दुनिया भर में मशहूर पवित्र जगह बोधगया जाने का मौका देगी, जहाँ भगवान गौतम बुद्ध को ज्ञान मिला था। सरकार ने बौद्ध धर्म के एक बहुत ही महत्वपूर्ण पूजा स्थल बोधगया के दर्शन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आसान बनाने के लिए यह खास ट्रेन सर्विस उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के ज़रिए राज्य के योग्य नागरिकों को दर्शन का मौका देने से सरकार की जन-केंद्रित और व्यापक पहल को और बल मिल रहा है। सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग ने इस प्रोग्राम में शामिल होने की अपील की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजीत पवार, सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट, सामाजिक न्याय राज्य मंत्री माधुरी मिसाल, सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हर्षदीप कांबले, समाज कल्याण आयुक्त दीपा मुधोल-मुंडे और अन्य गणमान्य लोग स्पेशल ट्रेन के रवाना होने के समारोह में मौजूद रहेंगे।

## राज ठाकरे के घर में घुसा बंदरों का झुंड



**मुंबई**। राज ठाकरे के मुंबई स्थित आवास पर रविवार को बंदरों का एक झुंड घर के परिसर में घुस आया। घर के अंदर बंदरों को देख परिवार और स्टाफ के लोग घबरा गए। इसके बाद तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम से संपर्क किया और वन्यजीवों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने के लिए सहायता मांगी। मौके पर पहुंची टीम ने बंदरों को बिना किसी नुकसान के घर से बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी। बंदरों का झुंड घर के अलग-अलग हिस्सों में घूमता रहा जिससे कुछ समय के लिए वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने या किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। मुंबई जैसे महानगर में रिहायशी इलाकों में बंदरों के घुसने की घटनाएं कम ही देखने को मिलती हैं। लेकिन कभी-कभी जंगली जानवर आबादी वाले इलाकों में पहुंच जाते हैं।बंदरों का झुंड सुबह से ही राज ठाकर के घर के आसपास के इलाके में घूम रहा था। इससे स्थानीय लोगों डरे हुए थे।

## नांदेड़ आत्महत्या मामले में नया मोड़
### शिक्षक ने ही की थी अपने दो बच्चों की हत्या

**तरुणमित्र। मुंबई**

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में तीन दिन पहले एक शिक्षक की दो बच्चों सहित आत्महत्या में नया मोड़ आ गया है। अब तक की जांच में पता चला है कि शिक्षक ने पहले अपने दो बच्चों सारा और सुमेध की धारदार हथियार से हत्या की थी। इसके बाद दोनों शव कार में रखकर कार गोदावरी नदी में गिरा दिया था। इस मामले की छानबीन नांदेड़ पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। इस घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि 16 जुलाई को हिमायत नगर के पोटा में जिला परिषद स्कूल में कार्यरत 42 साल के शिक्षक सुनील मोरे ने अपने दो बच्चों के साथ नदी में कार गिराकर आत्महत्या कर लिया। सुनील मोरे ने इस घटना से पहले अपने वरिष्ठों के विरुद्ध उत्पीडन का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाला था। इससे इस घटना को लेकर रोष फैल गया था और



पुलिस ने भी सुनील मोरे की पोस्ट को ध्यान में रखते हुए चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया। इनमें ग्रुप एजुकेशन ऑफिसर किशन फोले, एक्सटेंशन ऑफिसर सूर्यकांत बच्चे, सेंटर हेड शिवाजी कदम और साथी टीचर दत्ता पावले शामिल है। इस घटना में पुलिस ने कार सहित तीनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस को आज मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सुनील मोरे के दोनों बच्चों की हत्या किए जाने की बात सामने आई है जबकि सुनील मोरे की मौत दम घुटने से होने की जानकारी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से मिली है।

# अरब सागर में हाई टाइड लहरों का ऑरेंज अलर्ट

**तरुणमित्र। मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने अरब सागर में उंची लहरें उठने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी दी गई है। साथ ही तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। अरब सागर में महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों में हाई टाइड के दौरान उंची लहरे उठेंगी और समंदर खतरनाक स्थिति में रहेगा। आपदा प्रबंधन ने साफ किया है कि अरब सागर में कम तीव्रता वाले भूकंप के कारण कोई समुद्री खतरा नहीं है. हाई टाइड के समय मछुआरों से गहरे समुद्र में मछली पकड़ने से बचने, नावों, ट्रॉलरों, मछली पकड़ने के उपकरणों को किनारे पर सुरक्षित रूप से बांधकर रखने कहा

### मछुआरों को समुद्र में न जाने की चेतावनी



गया है। तटीय निवासियों, पर्यटकों और बच्चों को बीच या चट्टानी इलाकों में न जाने की सलाह दी गई है। स्थानीय मत्स्य पालन विभाग, तटीय प्रशासन और मौसम विभाग की ओर से समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करने का सुझाव दिया गया है। शनिवार सुबह वसई-विरार तट से करीब 57 किमी दूर अरब सागर में 5 किमी की गहराई पर कम तीव्रता का भूकंप आया था।

### महाराष्ट्र के पुणे, सतारा, सोलापुर और अहिल्यानगर में भारी बारिश की संभावना

**मुंबई**। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को महाराष्ट्र के पुणे, सतारा, सोलापुर और अहिल्यानगर जिलों में 20 जुलाई से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही मराठवाड़ा और विदर्भ के कई जिलों में भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आज पत्रकारों को बताया कि 20 जुलाई से पूरे राज्य में बारिश की तीव्रता और बढने की उम्मीद है। ठाणे, नवी मुंबई और पालघर में 17 जुलाई से हल्की बारिश हो रही है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार इस दरम्यान मुंबई,ठाणे और नवी मुंबई के अंदरूनी इलाकों में हल्की से भारी बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे ज़्यादा अधिकतम तापमान यवतमाल में 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि महाबलेश्वर में सबसे कम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश की गतिविधियों के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखा गया है। पिछले २४ घंटों में राज्य में सबसे ज़्यादा बारिश ताम्हिनी में दर्ज की गई, जहाँ इस दौरान 200 मिमी बारिश हुई है।

## ज्योतिषी खरात के खिलाफ चार्जशीट दाखिल



**मुंबई** : मुंबई की विशेष पीएमएलए अदालत में अशोक खरात, उनकी पत्नी कल्पना खरात तथा चार अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। ईडी ने15 जुलाई को पीएमएलए की धारा-5 के तहत अशोककुमार खरात उर्फ कैप्टन/बंधु बाबा और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर मौजूद लगभग 19.20 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया गया। ससे पहले अप्रैल और मई 2026 के दौरान आरोपी और उसके सहयोगियों से जुड़े विभिन्न परिसरों, बैंक लॉकरों और वाहनों पर की गई तलाशी के दौरान पीएमएलए की धारा-17 के तहत लगभग 17.70 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां जब्त अथवा फ्रीज की गई थीं। इन दोनों कार्रवाइयों को मिलाकर अब तक इस मामले में करीब 36.90 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच, जब्त या फ्रीज की जा चुकी हैं।ईडी ने अपनी जांच महाराष्ट्र के सरकार वाडा, शिरडी, सिन्नर और राहाता पुलिस थानों में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच के दौरान एजेंसी को ऐसे साक्ष्य मिले, जिनसे संकेत मिला कि अशोक कुमार एकनाथ खरात ने लोगों की धार्मिक भावनाओं और आस्था का फायदा उठाते हुए उन्हें 'अवतार पूजा' कराने, गंभीर बीमारियों का इलाज कराने, दुर्भाग्य दूर करने तथा व्यापार और जीवन में सफलता दिलाने का झांसा देकर बड़ी मात्रा में धन और संपत्तियां हासिल कीं।

### 'वंदेमातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा देने वाला विधेयक आज राज्यसभा में होगा पेश

**नई दिल्ली**। केन्द्रीय गृहमंत्री सोमवार को राज्यसभा में राष्ट्रगीत 'वंदेमातरम' को राष्ट्रगान के समान दर्जा देने वाला विधेयक पेश करेंगे। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय ध्वज और संविधान का अपमान तथा राष्ट्रगान में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा। राज्यसभा की कल की कार्यसूची में इसकी जानकारी दी गई है। विधेयक 1971 के राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 को संशोधित करेगा। यह विधेयक राष्ट्रगीत वंदेमातरम को भी राष्ट्रगान की ही तरह सम्मान देने के उद्देश्य से लाया जायेगा। अपमान करने वाले को तीन साल की सजा का प्रावधान है। इसमें गायन से जुड़ी अनिवार्यता के भी प्रावधान हैं। दूसरी ओर लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उच्चतम न्यायालय में जजों की संख्या बढ़ाए जाने से जुड़े विधेयक को पेश करेंगे। इसका उद्देश्य देश की शीर्ष अदालत में जजों की संख्या को 33 से 37 करना है। संसद का मानसून सत्र कल से आरंभ होने जा रहा है। सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मीडिया के समक्ष सभी दलों से कार्यवाही को सुचारू चलाने की अपील करते हुए अपना वक्तव्य देंगे। मानसून सत्र के पहले दिन लोकसभा में 'फादर अमीर' के नाम से जाने जाने वाले कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल-थानी को श्रद्धांजली दी जाएगी।

## राष्ट्रपित मुर्मु तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के लिए माल्दोवा रवाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को अपने सात दिवसीय तीन देशों के राजकीय दौरे के पहले चरण के लिए मोल्दोवा रवाना हो गईं। वह 19 और 20 जुलाई को मोल्दोवा की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की मोल्दोवा की पहली यात्रा होगी। माल्दोवा यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु अपनी समकक्ष राष्ट्रपति मैया सैंडू के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी तथा मोल्दोवा की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह भारत के किसी राष्ट्रपति की मोल्दोवा और उत्तर मैसेडोनिया की पहली राजकीय यात्रा है, जबकि रोमानिया की राष्ट्रपति स्तर की यात्रा तीन दशक बाद हो रही है। इस दौरे से तीनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती मिलेगी। मोल्दोवा यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु और राष्ट्रपति मैया सैंडू के बीच विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी। दोनों देशों के बीच कृषि, स्वास्थ्य सेवा, औषधि उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## सोनम वांगचुक को अस्पताल ले जाने पर पत्नी ने सरकार पर उठाए सवाल, स्वास्थ्य संबंधी दावों को बताया भ्रामक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जंतर-मंतर पर अनशनरत पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को शनिवार को सफदरजंग अस्पताल ले जाने की घटना को लेकर उनकी पत्नी डॉ. गीतांजलि आंग्मो ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वांगचुक की बिगड़ती सेहत का हवाला देकर उन्हें अस्पताल ले जाने का दावा तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। उनके अनुसार वांगचुक के सभी चिकित्सकीय मानक सामान्य थे और यदि वास्तव में स्वास्थ्य को लेकर चिंता होती तो पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से अपनाई जाती। रविवार को मीडिया से बातचीत में डॉ. गीतांजलि आंग्मो ने कहा कि सरकार का यह



कहना कि सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ रही थी, वास्तविकता से परे है। उन्होंने कहा कि शनिवार शाम तक हुई चिकित्सकीय जांच की रिपोर्ट में उनका पोटेशियम स्तर 4.3 था और अन्य सभी स्वास्थ्य मानक भी सामान्य पाए गए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार वास्तव में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थी तो सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को भेजने के बजाय चिकित्सकों की टीम धरनास्थल पर भेजी जा सकती थी और परिवार को स्थिति से अवगत कराया जा सकता था। डॉ. आंग्मो ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य संबंधी चिंता का तर्क केवल एक बहाना था। उनका दावा था कि प्रशासन को इस बात की आशंका थी कि यदि सोनम वांगचुक प्रस्तावित संसद मार्च शुरू करते हैं तो देशभर से बड़ी संख्या में लोग आंदोलन से जुड़ सकते हैं। इसी आशंका के चलते उन्हें धरनास्थल से हटाया गया। उन्होंने कहा कि परिवार वांगचुक का उपचार अपनी पसंद के चिकित्सकों की देखरेख में कराना चाहता है, जहां उन्हें अधिक विश्वास और सहजता महसूस हो। उन्होंने बताया कि शनिवार रात की रिपोर्ट में वांगचुक का रक्तचाप, जो सामान्यतः 110/70 रहता है, बढ़कर 125/85 दर्ज किया गया। उनके अनुसार यह वृद्धि वहां के तनावपूर्ण माहौल का परिणाम हो सकती है।

### भारत की टुकड़ी मल्टीरोल लड़ाकू राफेल विमान के साथ हवा में ईंधन भरने का करेगी प्रदर्शन

# ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध 'पिच ब्लैक' सोमवार से, भारत के वायु योद्धा शामिल होंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स बेस डार्विन में सोमवार से द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास 'पिच ब्लैक' शुरू करेगी, जो 7 अगस्त तक चलेगा। इस अभ्यास का नाम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के विशाल निर्जन क्षेत्रों में रात्रि उड़ान विशेष अभियान के कारण रखा गया है। इसमें भारत, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान, यूके और मेजबान ऑस्ट्रेलिया समेत 19 से अधिक सहयोगी देश शामिल होंगे। भारत की टुकड़ी मल्टीरोल लड़ाकू राफेल विमान का संचालन करेगी, जिसे



सी-17 ग्लोबमास्टर-III और आईएल-78 वायु-से-वायु ईंधन भरने वाले विमानों का समर्थन प्राप्त होगा। भारतीय वायु सेना की टुकड़ी में पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, नियंत्रक और अन्य विशेषज्ञ सहित उच्च कुशल वायु योद्धा शामिल होंगे। यह अभ्यास भाग लेने वाली सेनाओं को अंतरसंचालनीयता बढ़ाने, बल एकीकरण को मजबूत करने और वैश्विक परिदृश्यों में सहयोगात्मक संचालन की दिशा में परिचालन सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने करेगा। यह अभ्यास 'पिच ब्लैक' लंबी दूरी पर अभियान संबंधी हवाई अभियानों को परखने, बहुराष्ट्रीय अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पेशेवर साझेदारियों को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। यह अभ्यास विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी, समन्वय और जटिल हवाई युद्ध परिदृश्यों में युद्धाभ्यास का प्रशिक्षण देना है। इस अभ्यास का नाम 'पिच ब्लैक' (पूर्ण अंधेरा) इसलिए रखा गया है, क्योंकि इसका मुख्य फोकस रात के समय उड़ान भरने और अंधेरे में आक्रामक व रक्षात्मक अभियानों के अभ्यास पर होता है। यह अभ्यास भाग लेने वाली वायु सेनाओं को एक वास्तविक और चुनौतीपूर्ण बहुराष्ट्रीय वातावरण में संचालन करने में सक्षम बनाएगा, जिससे परिचालन समन्वय और आपसी समझ को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय वायु सेना ने इससे पहले 2018, 2022 और 2024 में इस अभ्यास में भाग लिया है, जो रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने की उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जापान ओपन 2026 में जीत के लिए पीवी सिंधु को दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जापान ओपन 2026 में जीत हासिल करने के लिए भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, ''भारतीय बैडमिंटन के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि! जापान ओपन 2026 में जीत हासिल करने के लिए पीवी सिंधु को बधाई। पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनका दृढ़ संकल्प और बेहतरीन कौशल देखने को मिला। यह उपलब्धि इसलिए और भी खास है क्योंकि वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। यह देश भर के अनगिनत युवा खिलाड़ियों को खेलने और शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में हराकर जापान ओपन 2026 महिला एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। फाइनल मुकाबले में सिंधु ने आक्रामक स्मैश, सटीक ड्रॉप शॉट और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए घरेलू खिलाड़ी यामागुची को 21-17, 21-17 से मात्र 50 मिनट में पराजित किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 खिताब भी जीत लिया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान साइबर क्राइम कन्ट्रोल सेंटर का किया अवलोकन

- हेल्पलाइन 1930 की पूरी कार्यप्रणाली का किया निरीक्षण
- साइबर अपराध पर शिकंजा कसने को लेकर मुख्यमंत्री के निर्देश
- साइबर अपराधों के विरुद्ध आमजन में बढ़ाएं जागरुकता

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर, 19 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय में R4C (राजस्थान साइबर क्राइम कन्ट्रोल सेंटर) और उसके तहत संचालित हेल्पलाइन 1930 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में साइबर अपराधों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्रवाई का फीडबैक लेकर साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर सोशल मीडिया सहित अन्य मीडिया माध्यमों के जरिए साइबर अपराधों के विरुद्ध आमजन में जागरुकता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि स्कूलों एवं कॉलेजों में भी विशेष जागरुकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने बैंकिंग संस्थानों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर साइबर अपराधियों के बैंक खाते तुरंत ब्लॉक करवाने तथा आधुनिक तकनीक एवं डेटा विश्लेषण का उपयोग कर त्वरित कार्रवाई से साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने साइबर ठगों की गिरफ्तारी के साथ ही उनकी संपत्तियों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर अपराध की रोकथाम के लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। इसी क्रम में, उन्होंने R4C के लिए नया भवन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम में अपना बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले लोगों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री को पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हेल्पलाइन 1930 पर लगभग 95 प्रतिशत शिकायतें समय पर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा



रही है। पहले 30 लाइनों पर शिकायतें सुनी जा रही थी। अब इसे विस्तार देते हुए 53 लाइनें कर दी गई हैं तथा इस हेल्पलाइन को तीन पारियों में संचालित किया जा रहा है। शीघ्र ही, हेल्पलाइन में 60 लाइनों की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे हर पीड़ित की शिकायत समय पर सुनी जा सके। जून 2026 में कॉल टेकर लाइन, रिप्लाई प्रतिशत (टीसीएस एवं एनसीआरपी) में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वहीं, पांच लाख से अधिक की साइबर धोखाधड़ी पर 412 ई-जीरो एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। गृह मंत्रालय द्वारा डिजिटल सुरक्षा एवं अनुसंधान के लिए वर्ष 2026 में 54 पुलिस कार्मिकों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया है।

इसी प्रकार, साइबर अपराधों के विरुद्ध ऑपरेशन वज्र प्रहार, ऑपरेशन साइबर शील्ड, ऑपरेशन एन्टी वायरस, ऑपरेशन म्यूल हंटर जैसे विशेष अभियानों को चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी, पीड़ितों को रिफंड, सिम व आईएमईआई ब्लॉक करने की कार्रवाई की गई हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में बैंक और साइबर पुलिस के बीच बेहतर समन्वय के लिए 21 जुलाई को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्पेशल स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की बैठक भी बुलाई गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए बजट 2026-27 में राजस्थान साइबर क्राइम कन्ट्रोल सेंटर (R4C) की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण निर्णय से पुलिस मुख्यालय में R4C का संचालन किया जा रहा है। साथ ही, अत्याधुनिक एआई-एनेबल्ड 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन कॉल सेंटर की स्थापना की प्रक्रिया भी तीव्र गति से जारी है।

मुख्यमंत्री ने 1930 हेल्पलाइन के निरीक्षण के दौरान बाड़मेर से आए कॉल पर शिकायतकर्ता भैराराम से बातचीत की तथा इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने को लेकर उसके साथ हुई साइबर धोखाधड़ी की पूरी जानकारी ली। इस संबंध में उन्होंने हेल्पलाइन द्वारा कंप्लेंट दर्ज करने से लेकर संबंधित थाने और बैंक में इसकी दी जाने वाली जानकारी की पूरी कार्यप्रणाली को देखा। उन्होंने साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर के लाइव डेशबोर्ड और ट्रैकिंग सिस्टम का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने आमजन से भी अपील की है कि साइबर अपराध होने पर 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं, जिससे गोल्डन आवर्स में ही प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, मुख्यमंत्री कार्यालय, गृह विभाग सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# समदड़ी में पुलिस-तस्करों के बीच मुठभेड़, 228 किलो डोडा पोस्त बरामद

### फायरिंग कर भागने की कोशिश नाकाम, दो गिरफ्तार; दो अन्य हिरासत में, दो कारें व हथियार जब्त

तरुणमित्र बाड़मेर/बालोतरा जिला ब्यूरो (असरफ मारोठी)



मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन विषभंजन' के तहत बालोतरा पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए समदड़ी क्षेत्र में 228.150 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। कार्रवाई के दौरान तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने साहस और सतर्कता दिखाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त दो कारें, एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो खाली कारतूस और कई फर्जी नंबर प्लेटें भी बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक रमेश ने बताया कि डीएसटी को डीसीआरबी इनपुट एवं मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में डोडा पोस्त ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर समदड़ी थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त रूप से नाकाबंदी की। पुलिस को देखते ही तस्करों ने वाहन तेज गति से भगाया, लेकिन पीछा करने के दौरान कार का टायर फटने से वाहन रुक गया और आरोपी खेतों की ओर भाग निकले। भाग रहे एक आरोपी ने पुलिस टीम पर देशी कट्टे से फायरिंग कर दी। हालांकि पुलिसकर्मी ने सूझबूझ और बहादुरी का परिचय देते हुए आरोपी को हथियार सहित दबोच लिया। कुछ देर बाद दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी में कार से 228.150 किलोग्राम डोडा पोस्त और 14 अलग-अलग नंबर प्लेटें बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी पहचान छिपाने के लिए बार-बार नंबर प्लेट बदलते थे। पुलिस ने रोहित निवासी पुनासा (जालोर) और शंकरलाल निवासी सोनड़ी (बाड़मेर) को गिरफ्तार किया है। वहीं तस्करों की एस्कॉर्ट कर रही स्विफ्ट कार को भी पकड़कर उसमें सवार ओमप्रकाश और रमेश को हिरासत में लिया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क और मादक पदार्थ के स्रोत का पता लगाने में जुटी है। बालोतरा पुलिस ने युवाओं से नशे और नशा तस्करी से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

# धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही राज्य सरकार- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने किया हनुमान कथा का श्रवण

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर, 19 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य हनुमान कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी गोविन्द देव गिरी जी महाराज जैसे संतों के सान्निध्य में होने वाले धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मकता और उच्च संस्कारों का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज अमृत काल में है और दुनिया के अग्रणी राष्ट्रों के रूप में उभर रहा है। स्वामी विवेकानंद जी ने जिस



सांस्कृतिक वैभव का सपना देखा था, आज हमारी संस्कृति उसी रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक और बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम का जीर्णोद्धार नए भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए कहा कि लंबे इंतजार के बाद जब प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, तो पूरी दुनिया उस पल की साक्षी बनी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संरक्षण का कार्य निरन्तर कर रही है। खाटूश्याम जी, गिरराज जी और पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक केंद्रों के विकास के लिए सरकार काम कर रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का वैदिक परंपरा के अनुरूप मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने चारों वेद ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद का वाचन कर रहे बटुकों के वैदिक मंत्रोच्चार का श्रवण किया। हनुमान कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए। इस अवसर पर विधायक बालमुकुंद आचार्य, ठाकुर गोविन्ददेव चतुर्वेद विद्यापीठ के न्यासी संदीप झंवर सहित अन्य पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार के भांजे दिनेश बढेरा की दुर्घटना होने से दौराने इलाज निधन

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गहरा शोक व्यक्त किया है

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो चीफ टोंक डॉ नरेन्द्र मेहरा

**टोंक ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव व कहार कीर-केवट-कश्यप-मेहरा विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार के भांजे दिनेश बढेरा का इलाज के दौरान निधन होने पर झालीजी का बराना में शोक की लहर मंच के प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया की झाली का बराना के रहने वाले व प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार, फूलचंद कहार एडवोकेट, हरिमोहन कहार के भांजे दिनेश बढेरा s/o नाथूलाल कहार का पिछले महिने सडक दुर्घटना में घायल हो गया था जिसका जयपुर व कोटा में इलाज चल रहा था आज रविवार को दौराने इलाज निधन हो गया जिसके समाचार मिलते ही झालीजी का बराना व कहार समाज मे शोक की लहर दौड़ गई रविवार को। ही पैतृकि गांव झालीजी का बराना में अंत्येष्टि की गई जिसमें शामिल हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के निजी सचिव व कहार कीर-केवट-कश्यप-मेहरा विकास मंच के प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार सहित अनेक समाज बंधु दिनेश कहार के आकस्मिक निधन पर



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्य संरक्षक बजरंग लाल मेहरा, प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन, पूर्व अध्यक्ष रामजीलाल चौहान, जिलाध्यक्ष टोंक सायरलाल कीर, संयोजक किशन लाल कहार व्याख्याता नगरफोर्ट, मोहनलाल कश्यप, मांगीलाल कहार अध्यापक, महर्षि कश्यप स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूनी के निदेशक डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट. प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश कहार, छात्रावास अध्यक्ष राजेश सिकरवाल, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री राजेन्द्र कहार, मुकेश कश्यप पार्षद, जगदीश मेहरा आमेर, युवा नेता जितेन्द्र धीवर, मोहनलाल कम्पाउंडर, कोषाध्यक्ष चेतन मलिया, मीडिया प्रभारी दानमल कहार, ओम शंकर कहार, आशु कहार, दिपांशु कहार, दिपक मेहरा, मगनलाल बलावत, लक्ष्मी नारायण धीवर सहित अनेक व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता एवं पाली जिला प्रभारी मोहम्मद साबिर कुरेशी के पाली प्रवास पर किया स्वागत एवं अभिनंदन

तरुणमित्र

**पाली –** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता और पाली जिला प्रभारी मोहम्मद साबिर कुरेशी के पाली प्रवास पर पाली जिला संयोजक पीर मोहम्मद कंटालिया सहसंयोजक सलीम घोसी शेरू दातार डॉ अब्दुल गफ्फार शेख ने मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जोधपुर संभाग प्रभारी जाहिर मकरानी प्रदेश प्रवक्ता जोधपुर प्रभारी यासीन छिपा पूर्व जिला अध्यक्ष अजीज कोहिनूर , भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पाली जिला महामंत्री पपसा सिलावट लियाकत अजमेरी नौशाद केजीएन महमूद कबाड़ी मोहब्बत अब्बासी जावेद भास्कर सिरोही जिला महामंत्री मोहम्मद हबीब जिला मंत्री इमामुद्दीन मॉयल जिला उपाध्यक्ष हनीफ बेलीम मंडल अध्यक्ष लतीफ खान सोजत से मोहम्मद सलीम काजी मोहम्मद अयूब छिपा मोहम्मद आरिफ मोहम्मद हनीफ सिलावट हनीफ



सिपाही सहित भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मस्तान बाबा दरगाह पर चादर और फूल पेश कर देश में अमन और खुशहाली की कामना की उक्त कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष जहिर मकरानी पाली जिला प्रभारी मोहम्मद साबिर कुरेशी प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद यासीन छिपा का पीर मोहम्मद कंटालिया सलीम घोसी शेरू दातार डॉक्टर अब्दुल गफ्फार शेख ने साफा और माला पहनकर स्वागत किया उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के सभी नेताओं ने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर कार्य करने का आह्वान किया आने वाले पंचायत और निकाय चुनाव में अल्पसंख्यक मोर्चा बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाते हुए निकाय और पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को जीताने का पुरजोर प्रयास करेगा

# रिमझिम बारिश और जयकारों के बीच कामाठीपुरा में आचार्य प्रसन्नचंद्र विजयजी म.सा. का ऐतिहासिक चातुर्मास मंगल प्रवेश

कर्मपालसिंह सवाली/ सुरेश पुरोहित

**मुंबई।** महाराष्ट्र की मायानगरी मुंबई के कामाठीपुरा स्थित राजस्थान श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्री नमिनाथ जैन संघ में परम पूज्य श्री प्रसन्नचंद्र विजयजी म.सा. एवं श्री नंदीसेन विजयजी म.सा. का चातुर्मास मंगल प्रवेश रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। रिमझिम बारिश और "देखो-देखो कौन आया, जिनशासन का शेर आया" तथा "यह रैली नहीं, गुरुदेव का मेला है" जैसे जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। प्रतिक्षा टॉवर से प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और मंगल गीतों के बीच निकली। महिलाओं ने मंगल कलश और पारंपरिक गीतों के साथ गुरुदेव का स्वागत किया। हजारों श्रद्धालुओं ने गुरुभगवंत के दर्शन कर उनका अभिनंदन किया। शोभायात्रा फारस रोड, सुखलाजी





स्ट्रीट और कामाठीपुरा के विभिन्न मार्गों से होती हुई तेलगुवाड़ी, 10वीं गली पहुंची, जहां धर्मसभा, सकल संघ स्वामी वात्सल्य एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। धर्मसभा को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने कहा कि जिस प्रकार घड़ी की सुइयाँ निरंतर चलती रहती हैं, उसी प्रकार जीवन का समय भी लगातार आगे बढ़ता रहता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धर्म, संयम, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए।

उन्होंने समाज में एकता, संगठन और सद्भाव बनाए रखने का भी संदेश दिया तथा श्री नमिनाथ जैन संघ और ट्रस्ट मंडल की संगठन क्षमता की सराहना की। गुरुपूजन के लाभार्थी के रूप में संघवी मांगीलाल प्रभुजी मुथा (बागोड़ा) तथा कांबली के लाभार्थी श्रीमती पवनीदेवी खीमचंदजी भंसाली (बागोड़ा) ने लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष जोईतजी भंसाली, नरपतजी मोरसीम, राणमलजी सोना ग्रुप सहित ट्रस्टीगण एवं मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा हैदराबाद, सूरत, अहमदाबाद, चेन्नई, वडोदरा, बेंगलुरु, विरार, अंधेरी, बांद्रा, बोरिवली, झाबुआ, बागोड़ा सहित देशभर से आए लगभग 3,300 श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धा, भक्ति, सामाजिक समरसता और विशाल जनसहभागिता के साथ संपन्न यह चातुर्मास मंगल प्रवेश समारोह कामाठीपुरा जैन समाज के लिए एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय आयोजन बन गया।

# रविवार को स्वच्छ ब्रज का संदेश देगी श्रीबाँकेबिहारी जी की नगरी वृंदावन मे स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

### विशेष स्वच्छता अभियान के लिए वृंदावन परिक्रमा मार्ग सुबह 8 से 11 बजे तक के लिए 11 सेक्टरों में बांटा, प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संगठनों की संयुक्त भागीदारी निभाने में बड़ी पहल की

ब्यूरो चीफ मधु ठाकुर

**मथुरा।** 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' अभियान के तहत 19 जुलाई रविवार को वृंदावन परिक्रमा मार्ग



पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान सुबह 8 बजे से 11 बजे तक चलाया इसके लिए संपूर्ण परिक्रमा मार्ग को 11 सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर की जिम्मेदारी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। उनके साथ उज्वल ब्रज और हार्टफुलनेस के स्वयंसेवकों की टीमें भी रहेंगी। सेक्टरों का विभाजन अटल्ला चुंगी से



साक्षी आश्रम, साक्षी आश्रम से धानुका आश्रम, धानुका आश्रम से इस्कॉन गौशाला, इस्कॉन गौशाला से जादौन पार्किंग, जादौन पार्किंग से गंगा मोहन कचहरी, गंगा मोहन कचहरी से केसी घाट, केसी घाट से जगन्नाथ घाट, जगन्नाथ घाट से उमाशक्ति पीठ, उमाशक्ति पीठ से जानकी गार्डन तथा कालीदेवी होते हुए पुनः अटल्ला चुंगी तक किया गया है। इस अभियान में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मंडलायुक्त आगरा नगेंद्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा शैलेश पांडेय, जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, एडीएम प्रशासन डा अमरेश कुमार मौर्य, एडीएम वित्त पंकज कुमार वर्मा, एसपी नगर राजीव कुमार सिंह, सीओ सदर वरुण मिश्रा, अपर नगर मजिस्ट्रेट वृंदावन राजकुमार चौधरी, प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार प्ले स्वच्छता अभियान में विशेष रूप में अपनी भागीदारी निभाने की पहल की गई।

# पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने रविवार को जैन आचार्य श्री जगच्चन्द्रसूरीश्वर महाराज जी के चातुर्मास प्रवेश कार्यक्रम में भाग लिया



दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**सिरोही।** सिरोही के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने रविवार को जैन आचार्य श्री जगच्चन्द्रसूरीश्वर महाराज जी के चातुर्मास प्रवेश कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आचार्यश्री के मांगलिक प्रवचन का श्रवण किया तथा साधु-साध्वी भगवंतों के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। चातुर्मास प्रवेश के अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संयम लोढ़ा ने आचार्यश्री के प्रवचनों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन, संयम, सदाचार और आध्यात्मिक उन्नति का महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा, भक्ति और धर्ममय वातावरण से सराबोर रहा।

# ठाणे के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, 'दिशा' बैठक में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के बड़े निर्देश

तरुणमित्र युसुफ पुरी



**ठाणे**। ठाणे जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के संतुलित, समावेशी और सतत विकास के लिए सभी सरकारी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। यह निर्देश सांसद एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दिए।

जिला ग्रामीण विकास यंत्रणा द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय स्थित नियोजन भवन में आयोजित 'दिशा' समिति की बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, आधारभूत सुविधाओं, कचरा प्रबंधन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में डॉ. शिंदे ने बताया कि सरकारी स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए 'स्मार्ट स्कूल' परियोजना के तहत लगभग 100 करोड़ रुपये की योजना लागू की जाएगी। इसके तहत सरकारी विद्यालयों का मानकीकरण कर विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कल्याण-डोंबिवली तथा अन्य महानगर पालिका क्षेत्रों में स्थित जिला परिषद स्कूलों के हस्तांतरण की लंबित प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक कैबिनेट नोट तैयार कर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। पर्यावरण संरक्षण के तहत उल्हास और वालधुनी नदी पुनर्जीवन परियोजना को भी गति देने पर जोर दिया गया। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई गई। सांसद ने निर्देश दिए कि नदियों की सफाई के बाद दोबारा प्रदूषण न हो, इसके लिए नदी किनारे रिवरफ्रंट डेवलपमेंट परियोजनाएं विकसित की जाएं।

ग्रामीण क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए कल्याण ग्रामीण में छह क्लस्टरों का आधुनिक वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट स्थापित किया जा रहा है। इसी मॉडल पर भिवंडी और मुरबाड में भी ऐसी सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अंबरनाथ-बदलापुर की तर्ज पर भिवंडी महानगर पालिका और जिला परिषद क्षेत्र के लिए संयुक्त इंटीग्रेटेड वेस्ट प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट स्थापित करने तथा इसके लिए एमएमआरडीए से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। सड़क विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए डॉ. शिंदे ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण और सीमेंट कंक्रीटीकरण परियोजनाओं में बिजली के डीपी शिफ्टिंग का खर्च भी शामिल किया जाए, ताकि बाद में दोबारा खुदाई की नौबत न आए। उन्होंने चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड केबलिंग की योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। जल संरक्षण के क्षेत्र में केंद्र सरकार के 'पानी अडवा, पानी जिरवा' अभियान का भूजल स्तर पर कितना प्रभाव पड़ा है, इसका स्वतंत्र थर्ड पार्टी इम्पैक्ट एनालिसिस कराने के लिए तत्काल संस्था नियुक्त करने के निर्देश भी प्रशासन को दिए गए।

बैठक में कळवा में 48 एकड़ भूमि पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के जिला खेल परिसर के निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने, प्रधानमंत्री आवास योजना में स्थानीय पात्र नागरिकों को प्राथमिकता देने तथा आयुष्मान भारत योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही आयुष्मान भारत और महात्मा फुले जनआरोग्य योजना का तुलनात्मक अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

अंबरनाथ स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर के प्रकाशनगर पुनर्वास परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में एमएसआरटीसी को संशोधित रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने को भी कहा गया।

बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाळ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से ठाणे जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी।

बैठक में सांसद नरेश म्हस्के, सांसद सुरेश म्हात्रे, विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, रईस शेख, राजेश मोरे, सुलभा गायकवाड़, विभिन्न महानगर पालिकाओं के महापौर, आयुक्त, जिला परिषद के अधिकारी, पुलिस अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 22 साल बाद घर की दहलीज पर लौटा बेटा

### ठाणे क्षेत्रीय मानसिक चिकित्सालय के सतत उपचारों ने कराया परिवार का भावुक पुनर्मिलन

तरुणमित्र, ब्यूरो



**ठाणे**। इंसानियत की गर्माहट, धैर्यपूर्ण उपचार और कभी हार न मानने वाली सेवा... इन्हीं प्रयासों से कई बार असंभव दिखने वाले काम भी संभव हो जाते हैं। ठाणे क्षेत्रीय मानसिक चिकित्सालय ने 22 वर्षों से अपने परिवार से बिछड़े एक मानसिक रोगी को न केवल मानसिक रूप से स्वस्थ किया, बल्कि उसे उसके उत्तर प्रदेश स्थित परिवार से मिलाकर मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। 18 अगस्त 2017 को राबोडी क्षेत्र में एक मध्यम आयु का व्यक्ति अकेले बैठकर रोता हुआ मिला। वह किसी से बात नहीं कर रहा था और न ही भोजन कर रहा था। राबोडी पुलिस थाने के रमेश नागराव आंभोरे एवं उनके सहयोगियों ने न्यायालय के आदेशानुसार उसे ठाणे क्षेत्रीय मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती होने के बाद शुरुआती छह वर्षों तक मरीज ने एक शब्द भी नहीं बोला। चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. नेताजी मुलीक के मार्गदर्शन में डॉक्टरों, मनोचिकित्सकों, नर्सों और कर्मचारियों ने लगातार उपचार, परामर्श और देखभाल जारी रखी। उपचार का सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने पर मरीज ने अपना नाम विजय (बदला हुआ नाम) बताया, लेकिन उसे अपने गांव और परिवार की कोई जानकारी याद नहीं थी। अस्पताल की मनोरोग परिचारिका मानसी ओझाले ने धैर्य और कुशलता से उसे कॉपी और पेन देकर कई बार जानकारी लिखवाई। इसी प्रयास के दौरान पता चला कि वह उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले का रहने वाला है। यह जानकारी अस्पताल के समाज सेवा अधीक्षक नितिन शिवदे ने दी। इसके बाद समाज सेवा विभाग ने गौरी बाजार पुलिस थाने से संपर्क कर मरीज का फोटो और आवश्यक जानकारी भेजी। गांव के सरपंच के माध्यम से उसके परिजनों का पता चला। तब यह सामने आया कि विजय पिछले 22 वर्षों से लापता था। उसके जीवित होने की खबर सुनकर परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद कई वीडियो कॉल के माध्यम से मरीज और उसके परिवार की बातचीत कराई गई। आखिरकार परिजन ठाणे पहुंचे और विजय को अपने साथ घर ले गए। गांव में उसका भव्य स्वागत किया गया, जुलूस निकाला गया और मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गईं। इस पूरी प्रक्रिया में मनोचिकित्सक डॉ. संदीप दिवेकर, डॉ. फैजान खान, डॉ. सुनील भडांगे तथा परिचारक विष्णु भोईर और प्रल्हाद वाघमारे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर नेता जी मुलिक ने बताया कि "यदि मानसिक रोगियों को समय पर उचित उपचार, धैर्य और मानवीय संवेदना मिले, तो वे भी स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच सम्मानपूर्वक लौट सकते हैं। मरीज के चेहरे की मुस्कान ही हमारी सेवा का सबसे बड़ा पुरस्कार है।"

# ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष बने दिलीप शिंदे, कार्याध्यक्ष पद पर दीपक शेलार निर्वाचित

### उपाध्यक्ष निलेश मंडलिक, सचिव राजीव डाके और सहसचिव प्रसाद सकट निर्विरोध चुने गए

तरुणमित्र



**ठाणे** : राज्य के प्रतिष्ठित ठाणे शहर दैनिक पत्रकार संघ के वर्ष 2026-28 के द्विवार्षिक कार्यकाल के लिए रविवार 19 जुलाई को हुए चुनाव में दिलीप शिंदे ने अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की वहीं, कार्याध्यक्ष पद के बेहद रोमांचक मुकाबले में दीपक शेलार ने जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर राजेश शेटकर ने भी शानदार जीत दर्ज कर नया इतिहास रचा। ठाणे महानगरपालिका के स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागार में संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए ठाणे महानगरपालिका के सेवानिवृत्त अधिकारी महेश राजदेरकर ने चुनाव अधिकारी तथा प्राची डिंगणकर ने सहायक चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी निभाई। चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में प्राची डिंगणकर और उनकी पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अध्यक्ष पद के लिए दिलीप शिंदे, अमोल पवार, दीपक दळवी और सुरेश साळवे के बीच चतुष्कोणीय मुकाबला हुआ।

इसमें दिलीप शिंदे ने 71 मत प्राप्त कर विजय हासिल की, जबकि दीपक दलवी को 50 मत मिले। कार्याध्यक्ष पद के चुनाव में दीपक शेलार ने 75 मत प्राप्त कर विकास काटे को 50 मत) मिले. कोषाध्यक्ष पद के मुकाबले में राजेश शेटकर ने 77 मत हासिल कर राहुल क्षीरसागर (47 मत) से शिकस्त दी। इस बीच, उपाध्यक्ष पद पर निलेश मंडलिक, सचिव पद पर राजीव डाके तथा सहसचिव पद पर प्रसाद सकट निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों के लिए हुए चुनाव में निकेश शार्दुल (90 मत), गजानन हरिमकर (71), अमर राजभर (65), सचिन देशमाने (58), नितीन दुधसागर (55) और प्रफुल्ल गांगुर्डे (54) विजयी घोषित किए गए। महिला सदस्य पद पर सारिका साळुंखे ने 86 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को सभी स्तरों से शुभकामनाएं और बधाइयां दी जा रही हैं।

# रजत जयंती वर्ष पर वृहद वृक्षारोपण का संकल्प

### श्री सार्वजनिक रामलीला मंडल का अनुठा प्रयास।

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी



**पालघर**। धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए 'श्री राम सेवा सत्संग रामायण प्रचार समिति' की पंजीकृत संस्था 'श्री सार्वजनिक रामलीला मंडल, पालघर' ने एक अनूठी मिसाल पेश की है। अपने स्थापना के रजत जयंती वर्ष (25वें वर्ष) के उपलक्ष्य में मंडल ने जिले को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने का बड़ा संकल्प लिया है। इस मुहिम में संस्था द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फलदार, छायादार और औषधीय (ऑक्सीजन देने वाले) पौधों का रोपण किया जा रहा है। जिला मुख्यालय के समीप आबादी के खाली हिस्से में बीते शुक्रवार, 17 जुलाई को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य न केवल पौधे लगाना है, बल्कि स्थानीय नागरिकों को प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराना और इस मुहिम से जोड़ना भी है। इस पर्यावरण-हितैषी कार्यक्रम श्री सार्वजनिक रामलीला मंडल के पदेन अध्यक्ष श्रवण सिंह राजपुरोहित,महासचिव स्वामीनाथ पाण्डेय,उपाध्यक्ष एस. एल. पाण्डेय, संयोजक पं. भूपेंद्र (राजू) शर्मा, विश्वस्त सुरेश सावरा और जयशंकर उपाध्याय के साथ बिल्डर्स महेंद्र प्रताप ओझा, दिनेश सिंह सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज शुक्ला, मनोज मिश्रा, प्रेमचंद मिश्रा, अजय प्रताप सिंह और ओमवीर रोशनलाल समेत अन्य सामाजिक लोग मुख्य रूप से शामिल हुए।

#### सराहनीय पहल की चौतरफा प्रशंसा

घनी आबादी वाले क्षेत्रों में किए गए इस वृक्षारोपण की स्थानीय निवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है। लोगों का मानना है कि जब धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं पर्यावरण जैसे गंभीर विषयों पर आगे आकर नेतृत्व संभालती हैं, तो समाज में इसका गहरा और सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रामलीला मंडल का यह 'रजत जयंती संकल्प' पालघर को एक नया 'ग्रीन हब' बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# मक्का बाजार में लगातार मजबूत का माहौल बना हुआ हैः सुरेशभाई ठक्कर

तरूणमित्र, ब्यूरो



**ठाणे**। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ के अध्यक्ष सुरेश भाई ठक्कर ने बताया कि आने वाले 15 दिन व्यापारियों व किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। बाजार में सीमित आवक, एथेनॉल एवं पोल्ट्री उद्योगों की मजबूत मांग तथा कमजोर मानसून के कारण उत्पादन को लेकर बढ़ी चिंता ने कीमतों को अच्छा समर्थन दिया है।महाराष्ट्र इस समय सबसे मजबूत बाजार के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां सांगली में प्लांट खरीद 2570–2620 प्रति क्विंटल तक पहुंच गई है, जबकि बारामती, मोहोल और समानगांव में भी 2500+ के भाव पर अच्छी खरीद जारी है।गुजरात में बड़े खरीदार सक्रिय हैं और दाहोद में हाईब्रिड मक्का 2450 तक बिक रहा है, वहीं प्लांटों ने 20–35 प्रति क्विंटल तक भाव बढ़ाए हैं। मध्य प्रदेश में पीथमपुर और सिमरोल के स्टार्च उद्योग 2390 के आसपास खरीद कर रहे हैं तथा प्लांटों में 2300– 2425 प्रति क्विंटल के भाव पर लगातार माल उठाया जा रहा है। बिहार के गुलाबबाग (पूर्णिया) और कटिहार में अच्छी गुणवत्ता का मक्का 2200– 2300 प्रति क्विंटल पर स्थिर है। केवीआई के अनुसार सीमित स्टॉक के कारण बड़ी गिरावट की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही। उत्तर प्रदेश में मिश्रित रुख देखने को मिल रहा है, हालांकि गोरखपुर की प्रीमियम लाइन लगभग 2360 पर मजबूती बनाए हुए है। दक्षिण भारत में कर्नाटक सहित कई राज्यों में फीड कंपनियां 2500–2720 प्रति क्विंटल तक के ऊंचे भाव पर खरीद कर रही हैं।बाजार की तेजी के पीछे प्रमुख कारण हैं—FCI द्वारा चावल आवंटन के बाद एथेनॉल प्लांटों की बढ़ी खरीद, कमजोर मानसून से संभावित उत्पादन जोखिम तथा मंडियों में नियंत्रित आवक। यदि यही परिस्थितियां बनी रहती हैं तो अगस्त महीने में अच्छी गुणवत्ता वाले मक्का में 50 से 100 प्रति क्विंटल तक की अतिरिक्त तेजी देखने को मिल सकती है। व्यापारियो को जल्दबाजी से बचते हुए बाजार की चाल, मांग और आवक पर लगातार नजर रखनी चाहिए।

## मुंब्रा के हकीम अजमल खान अस्पताल की जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष बने शमीम अहमद खान

तरुणमित्र सारा पुरी



**मुंब्रा** | ठाणे महानगर पालिका ने मुंब्रा स्थित स्वातंत्र्य सेनानी हकीम अजमल खान अस्पताल की जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष पद पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के मुंब्रा-कलवा अध्यक्ष शमीम अहमद खान की नियुक्ति की है। यह नियुक्ति विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड की अनुशंसा पर की गई। इस प्रक्रिया में सय्यद अली अशरफ तथा अशरफ शानू पठान का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शमीम अहमद खान की नियुक्ति के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि शमीम अहमद खान अपने लंबे जनसेवा अनुभव का लाभ अब स्वास्थ्य क्षेत्र में भी जनता को दिलाएंगे। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि ठाणे परिवहन समिति के सदस्य के रूप में शमीम अहमद खान ने मुंब्रा-कलवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनहित के कई महत्वपूर्ण कार्य किए और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। अब जन आरोग्य समिति के अध्यक्ष के रूप में वे मुंब्रा के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में हकीम अजमल खान अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार होगा तथा आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नियुक्ति पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शमीम अहमद खान को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# सिडको की लापरवाही का बोझ गरीबों पर क्यों?

### 53.75 करोड़ के टैक्स विवाद में मनसे का बोंबाबोंब आंदोलन का अल्टीमेटम

तरुणमित्र- सनी पांडेय




**नवी मुंबई**। नवी मुंबई के वाशी, सेक्टर 19 में गरीबों के लिए बन रहे गृहनिर्माण प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है. मनसे सहकार सेना के उपाध्यक्ष बालासाहेब शिंदे ने मनपा आयुक्त कैलाश शिंदे, महापौर और सिडको के प्रबंध निदेशक को एक कड़ा शिकायती पत्र सौंपा है। आरोप है कि सिडको ने इस भूखंड का करीब 53,75,48,473 रुपये का टैक्स नवी मुंबई महानगरपालिका को नहीं चुकाया है. मनसे का कहना है कि आम जनता का मामूली टैक्स बाकी होने पर मनपा नल काटने और जब्ती जैसी कार्रवाई करती है, तो सिडको के इतने बड़े बकाया पर चुप्पी क्यों साधी गई है? इस लापरवाही का खामियाजा भविष्य में लॉटरी के जरिए घर पाने वाले गरीब खरीदारों को भुगतना पड़ सकता है, क्योंकि बाद में इस बकाया राशि का बोझ ब्याज सहित उन पर डाला जा सकता है या ओसी और पानी कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाओं को रोका जा सकता है. मनसे ने मांग की है कि जब तक सिडको पूरा बकाया नहीं चुकाता, तब तक प्रोजेक्ट का काम रोका जाए और यह लिखित गारंटी दी जाए कि इसका एक रुपया भी खरीदारों से नहीं वसूला जाएगा. यदि 15 दिनों के भीतर इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो मनसे उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेगी और मनपा प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरकर तीव्र बोंबाबोंब आंदोलन करेगी. इस चेतावनी पर मनपा आयुक्त कैलाश शिंदे ने जल्द ही मामले की जांच कर बकाया टैक्स वसूलने का आश्वासन दिया है. इस दौरान बालासाहेब शिंदे के साथ नंदकुमार कोठावले, अरुण पवार, संजय खंडाले सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ठाणे में निर्माणाधीन इमारत के गड्ढे से धंसी जमीन, पेड़ और सुरक्षा दीवार खतरे में

तरुणमित्र युसुफ पुरी







**ठाणे** : नौपाड़ा स्थित भास्कर कॉलोनी में निर्माणाधीन इमारत के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे के कारण अचानक जमीन धंस गई। इस घटना से समीप स्थित नीलकंठ दीप इमारत परिसर का एक बड़ा पेड़ और सुरक्षा दीवार खतरनाक स्थिति में आ गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि या कोई घायल नहीं हुआ। घटना की सूचना सुबह करीब 8:30 बजे ठाणे महानगर पालिका के आपदा प्रबंधन कक्ष को मिली। सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन दल, भवन निर्माण विभाग के अभियंता, अग्निशमन विभाग, महानगर गैस कंपनी तथा वृक्ष प्राधिकरण की टीमें तत्काल मौके पर पहुंच गईं। स्थिति का जायजा लेने के बाद खतरा पैदा कर रहे पेड़ को हाइड्रोलिक लिफ्टर की सहायता से सुरक्षित तरीके से काटकर हटाया गया। वहीं, लगातार धंस रही मिट्टी को रोकने के लिए निर्माण कार्य कर रहे डेवलपर को तत्काल सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए, जिस पर आवश्यक कार्य शुरू कर दिया गया है। महानगर पालिका के अनुसार, स्थल की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आगे की आवश्यक कार्रवाई भवन निर्माण विभाग और शहर विकास विभाग द्वारा की जाएगी, ताकि आसपास की इमारतों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## दिनेश सोलंकी पूरे परिवार के साथ रामदेवरा पहुंचे

### देसूरी के सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश सोलंकी ने श्री बाबा रामदेव जी के रामदेवरा में पहुंचकर आशीर्वाद लेकर मारवाड़ क्षेत्र में अच्छी बरसात एवं खुशहाली की कामना की

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली



**रामदेवरा, देसूरी**। देसूरी के सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश अमराराम पकारामजी सोलंकी (देसूरी) ने आज समस्त परिवार के साथ रामदेवरा पहुंचे, सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश सोलंकी ने श्री बाबा रामदेव जी और डाली बाई जी से आशीर्वाद लेकर मारवाड़ क्षेत्र में अच्छी बरसात एवं अपने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। उन्होंने श्री बाबा रामदेवरा जी के सभी धार्मिक विभिन्न स्थलो पर पहुंच कर दर्शन करके और श्री बाबा रामदेव जी की वीरता और किए हुए धर्म कार्यों से पूरे विस्तार से जानने का मौका मिला, दिनेश सोलंकी ने बताया की रामदेवरा में पहुंचकर बहुत ही मन को शांति मिली है, दिनेश सोलंकी ने बताया कि अभी वह बाबा रामदेव जी के सामने संकल्प लेकर आए हर वर्ष को सही पूरे परिवार के साथ दर्शन करने के आते रहेंगे उन्होंने बाबा रामदेव जी के जयकारों लगाते हुए अपने क्षेत्र में रवाना हुए अनेक दोस्त मित्रों ने भी यात्रा करने पर शुभकामनाएं दी।

# कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है जीव

ईश्वर क्षेत्रज्ञ या चेतन है, जैसा कि जीव भी है, लेकिन जीव केवल अपने शरीर के प्रति सचेत रहता है, जबकि भगवान समस्त शरीरों के प्रति सचेत रहते हैं। चूंकि वे प्रत्येक जीव के हृदय में वास करने वाले हैं, अतएव वे जीवविशेष की मानसिक गतिशीलता से परिचित रहते हैं। परमात्मा प्रत्येक जीव के हृदय में ईश्वर या नियंता के रूप में वास कर रहे हैं और जैसा जीव चाहता है वैसा करने के लिए जीव को निर्देशित करते रहते हैं। जीव भूल जाता है कि उसे क्या करना है। पहले तो वह किसी एक विधि से कर्म करने का संकल्प करता है, लेकिन फिर वह अपने ही कर्म के पाप-पुण्य में फंस जाता है। वह एक शरीर को त्याग कर दूसरा शरीर ग्रहण करता है।

चूंकि इस प्रकार वह आत्मा देहांतरण कर जाता है, अत उसे अपने विगत (पूर्वकृत) कर्मों का फल भोगना पड़ता है। ये कार्यकलाप तभी बदल सकते हैं जब जीव सतोगुण में स्थित हो और यह समझे कि उसे कौन से कर्म करने चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो उसके विगत कर्मों के सारे फल बदल जाते हैं। इसीलिए हमने यह कहा है कि पांच तत्वों- ईश्वर, जीव, प्रकृति, काल तथा कर्म में से चार शाश्वत हैं, कर्म शाश्वत नहीं है। परम चेतन ईश्वर जीव से इस मामले में समान हैं- भगवान तथा जीव दोनों की चेतनाएं दिव्य हैं। यह चेतना पदार्थ के संयोग से उत्पन्न नहीं होती है। ऐसा सोचना भ्रांतिमूलक है। किंतु भगवान की चेतना भौतिकता से प्रभावित नहीं होती है। भगवान कहते हैं- जब वे इस भौतिक वि में अवतरित होते हैं तो उनकी चेतना पर भौतिक प्रभाव नहीं पड़ता। यदि वे इस तरह प्रभावित होते तो दिव्य विषयों के संबंध में उस तरह बोलने के अधिकारी न होते जैसा कि वे भगवद्गीता में बोलते हैं। भौतिक कल्मष-ग्रस्त चेतना से मुक्त हुए बिना कोई दिव्य-जगत के विषय में कुछ नहीं कह सकता। अतः भगवान भौतिक दृष्टि से कलुषित (दूषित) नहीं हैं। भगवद्गीता तो शिक्षा देती है कि हमें इस कलुषित चेतना को शुद्ध करना है।

# फुटबॉल का नया महाविस्तार और महाकुंभ का तार्किक अंतभूमिका

विशेष कुमार

तीन देश, 48 टीमें और एक वैश्विक दीवानगीजब 11 जून 2026 को मेक्सिको सिटी के ऐतिहासिक एस्टेका स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2026 का पहला बिगुल फूंका गया था, तब खेल समीक्षकों और फुटबॉल प्रेमियों के मन में इस नए, अभूतपूर्व और विशालकाय प्रारूप को लेकर कई तरह की आशंकाएं और उम्मीदें थीं। इतिहास में पहली बार तीन देशों—संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको—की संयुक्त मेजबानी में आयोजित इस टूर्नामेंट में 48 टीमों ने हिस्सा लिया। 32 टीमों के पारंपरिक और संतुलित ढांचे को छोड़कर 48 टीमों के इस महा-विस्तार ने फुटबॉल को वैश्विक स्तर पर अधिक समावेशी तो बनाया, लेकिन साथ ही 104 मैचों की इस मैराथन ने खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता और खेल की गुणवत्ता की भी कड़ी परीक्षा ली। आज, छह हफ्तों के रोमांचक, अनपेक्षित और ऐतिहासिक सफर के बाद, यह विश्व कप अपने अंतिम पड़ाव पर है, जहां गत चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोप की सबसे अनुशासित टीम स्पेन न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में एक-दूसरे के सामने हैं। यह विश्व कप केवल मैदान पर खेले गए मैचों के लिए नहीं, बल्कि इस खेल के बदलते चरित्र, नए नायक, महान खिलाड़ियों की विदाई और फुटबॉल के भविष्य की दिशा तय करने वाले एक मील के पत्थर के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। 1. विस्तार की राजनीति और खेल की गुणवत्ता: आशंकाएं बनाम वास्तविकताजब फीफा (FIFA) ने विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 32 से बढ़ाकर 48 करने का निर्णय लिया था, तो इसकी तीखी आलोचना हुई थी। आलोचकों का मानना था कि अधिक टीमों के आने से ग्रुप स्टेज के मैचों की गुणवत्ता गिरेगी, एकतरफा मुकाबले देखने को मिलेंगे और टूर्नामेंट बहुत अधिक व्यावसायिक हो जाएगा। लेकिन पिछले छह हफ्तों ने इन तमाम आशंकाओं को सिरे से खारिज कर दिया है।अंडरडॉग्स का उदयः 12 ग्रुप में विभाजित इस टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज से ही जो उलटफेर देखने को मिले, उसने यह साबित कर दिया कि आधुनिक फुटबॉल में अब कोई भी टीम कमजोर नहीं रह गई है। मोरक्को द्वारा नीदरलैंड जैसी महाशक्ति को राउंड ऑफ 32 में पेनाल्टी शूटआउट में बाहर करना और फिर क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करना इस बात का प्रमाण है कि छोटे देशों और बड़े देशों के बीच का अंतर अब सिमट रहा है।ऐतिहासिक रिकॉर्ड और गोलों की बरसातः इस बढ़े हुए प्रारूप में न केवल अधिक मैच हुए, बल्कि फुटबॉल इतिहास के कुछ सबसे बड़े और ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी बने। जर्मनी द्वारा कुराकाओ को 7-1 से हराना इस बात का उदाहरण था कि नई टीमों के लिए यह मंच कितना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन साथ ही 1,50,000 की आबादी वाले छोटे से द्वीप देश कुराकाओ के लिए विश्व कप के मंच पर गोल करना उनके फुटबॉल इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धि बन गया। 2. व्यक्तिगत प्रतिभा और रिकॉर्ड्स का नया कीर्तिमान यह विश्व कप पीढ़ियों के टकराव (Generational Clash) का भी गवाह बना है। एक तरफ जहां लियोनेल मेसी अपने करियर के आखिरी दौर में भी फुटबॉल के इतिहास को नए सिरे से लिख रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ किलियन एम्बाप्पे, एर्लिंग हालैंड और लामिन यामल जैसे युवा सितारे फुटबॉल के भविष्य पर अपना नाम दर्ज कर रहे हैं।मेसी का कालजयी सफर 39 वर्ष की उम्र में भी लियोनेल मेसी ने जिस तरह से अर्जेंटीना की टीम को अपनी जादुई कप्तानी और असाधारण खेल के दम पर फाइनल तक पहुंचाया है, वह किसी परियों की कहानी जैसा है। इस टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ही अल्जीरिया के खिलाफ शानदार हैट्रिक लगाकर मेसी ने जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोस के 16 गोलों के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर ऑस्ट्रिया के खिलाफ दो गोल दागकर वे विश्व कप इतिहास के सबसे सफल गोल-स्कोरर बन गए। वर्तमान में 21 गोल और 9 असिस्ट के साथ मेसी ने डिएगो माराडोना के भी रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ दिया है। यह संपादकीय इस बात को रेखांकित करता है कि मेसी का यह प्रदर्शन केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह खेल के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और अमरता का प्रमाण है। युवाओं का धावामेसी के इस दबदबे के बीच फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे 20 गोल के साथ उनके ठीक पीछे खड़े हैं। इस विश्व कप में हालैंड और एम्बाप्पे दोनों ही 8-8 गोल के साथ गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं, पहली बार विश्व कप खेल रहे नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड ने अपनी टीम के क्वार्टर फाइनल में बाहर होने से पहले 7 गोल दागकर अपनी आक्रामक क्षमता का लोहा मनवाया। यह इतिहास में पहली बार हुआ है जब किसी एक ही विश्व कप संस्करण में तीन अलग-अलग खिलाड़ियों ने 7 या उससे अधिक गोल किए हैं। 3. रक्षात्मक अनुशासन बनाम आक्रामक फुटबॉलः स्पेन की अभेद्य दीवारअर्जेंटीना की कहानी मेसी की आक्रामक जादूगरी और जज्बे के इर्द-गिर्द घूमती है, तो इस फाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी स्पेन की कहानी उनके अभेद्य रक्षात्मक अनुशासन (Defensive Masterclass) की है। स्पेनिश गोलकीपर उनाई सिमोन ने टूर्नामेंट में लगातार 650 मिनट तक कोई गोल न खाकर इटली के वाल्टर जेंगा के 1990 के ऐतिहासिक रिकॉर्ड (517 मिनट) को तोड़ दिया। स्पेन ने पूरे टूर्नामेंट में केवल एक गोल खाया है। लामिन यामल की युवा ऊर्जा और रॉड्री के मिडफील्ड नियंत्रण के साथ स्पेनिश टीम ने इस टूर्नामेंट में सबसे संतुलित फुटबॉल खेला है। फाइनल मुकाबला असल में अर्जेंटीना के बेतहाशा आक्रमण और स्पेन की चट्टानी रक्षा पंक्ति के बीच का महायुद्ध है।4. तीन देशों की मेजबानीः भविष्य के लिए एक नया मॉडलभौगोलिक रूप से इतने विशाल टूर्नामेंट का आयोजन करना बेहद जटिल काम था। मेक्सिको की गर्मी, कनाडा की ठंडक और अमेरिका के विभिन्न टाइम जोन्स के बीच खिलाड़ियों और प्रशंसकों का सफर करना आसान नहीं था। परिवहन और लॉजिस्टिक्स की कुछ शुरुआती समस्याओं को छोड़ दिया जाए, तो बुनियादी ढांचे के मामले में इस विश्व कप ने एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। स्टेडियमों की भव्यता, विशेष रूप से अटलांटा, मियामी और न्यू जर्सी के वेन्यूज ने यह दिखाया कि उत्तरी अमेरिका खेलों के इतने बड़े आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार था। हालांकि, मेक्सिको जैसे विकासशील देशों में इस टूर्नामेंट से होने वाले आर्थिक लाभ को लेकर कुछ निराशा भी हाथ लगी है, क्योंकि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को उम्मीद के मुताबिक उतना बड़ा उछाल नहीं मिला, जितना कि प्रचारित किया गया था। इसके बावजूद, आने वाले समय में जब कई देश मिलकर ओलंपिक या विश्व कप जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी की योजना बनाएंगे, तो 2026 का यह मॉडल एक महत्वपूर्ण केस स्टडी साबित होगा। 5. निष्कर्षः फुटबॉल का असली विजेता कौन?19 जुलाई 2026 की रात को मेटलाइफ स्टेडियम की चमचमाती लाइटों के नीचे जब विजेता टीम फीफा विश्व कप की सुनहरी ट्रॉफी को हवा में उठाएगी, तब औपचारिक रूप से इस महाकुंभ का समापन हो जाएगा। चाहे मेसी अपने करियर का दूसरा विश्व कप जीतकर एक परिकथा जैसा अंत पाएं, या स्पेन 2010 के बाद अपनी नई पीढ़ी के साथ विश्व विजेता का ताज पहने, इस टूर्नामेंट का असली विजेता फुटबॉल का खेल और उसके प्रशंसक हैं। 48 टीमों के इस प्रयोग ने हमें सिखाया है कि खेल को सीमाओं और पारंपरिक ढांचों में बांधकर नहीं रखा जा सकता। तमाम व्यावसायिकता, थकान और आलोचनाओं के बावजूद, जब भी गेंद मैदान पर लुढ़की, दुनिया भर के अरबों लोगों की सांसें थम गईं।




अहंकार मनुष्य का बहुत बड़ा दुश्मन है। वह सोने के हार को भी मिट्टी का बना देता है।
- महर्षि वाल्मीकि

यदि किसी युवती के दोष जानना हों, तो उसकी सखियों में उसकी प्रशंसा करो। - बेंजामिन फ्रेंकलिन

## आज का राशिफल



शुभ संवत 2083, शाके 1948, माह: आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की : सप्तमी तिथि (अगले दिन तड़के भोर 04:02 बजे तक, इसके बाद अष्टमी लगेगी) हस्त नक्षत्र (शाम 07:09 बजे तक, इसके बाद चित्रा नक्षत्र लगेगा) शिव योग (शाम 06:37 बजे तक, इसमें किए गए कार्य सफल होते हैं) दोपहर 12:55 PM से 02:35 PM तक।

**आज जन्म लिए बालक का फल...**

आज जन्म लेने वाले बच्चे बुध और चंद्रमा के शुभ प्रभाव से ये बच्चे व्यापार, बैंकिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, चिकित्सा, इंजीनियरिंग और कलात्मक क्षेत्रों में बहुत ऊंचा मुकाम हासिल करते हैं। उनमें बच्चे हाथ की कला (शिल्प, चित्रकारी, लेखन या तकनीक) में निपुण और बेहद बुद्धिमान होते हैं।

मेषः नौकरी में अच्छे अवसर मिलेंगे, लेकिन विरोधियों से सावधान रहें।

वृषभः छात्रों और कलाकारों के लिए दिन बहुत शानदार है। धन लाभ के योग हैं।

मिथुनः भूमि या वाहन खरीदने के योग बनेंगे।

कर्कः आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। छोटे भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

सिंहः आकस्मिक धन लाभ (अचानक पैसा मिलने) के प्रबल योग हैं।

कन्याः चंद्रमा आपकी ही राशि में हैं, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा।

तुलाः फिजूलखर्ची और बजट बिगड़ने की संभावना है।

वृश्चिकः आय में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी। बड़ों और बड़े भाई-बहनों के सहयोग से कोई बड़ा काम पूरा होगा।

धनुः नौकरी और बिजनेस में पदोन्नति या नए अधिकार मिलने के योग हैं।

मकरः भाग्य का साथ मिलेगा, लंबे समय से रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे।

कुंभः दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है, वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें।

मीनः पार्टनरशिप (साझेदारी) के बिजनेस में बड़ा मुनाफा होगा। जीवनसाथी के साथ संबंध बेहद मधुर और प्रेमपूर्ण रहेंगे।

# 'जी राम जीó के नाम पर यह कैसी ठगाई!

हरिशंकर व्यास

हिसाब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मनरेगा योजना खत्म करनी थी। प्रधानमंत्री बनने के बाद 2015 में उन्होंने कहा था यह योजना कांग्रेस की विफलताओं का जीता-जागता स्मारक है। आजादी के 60 साल बाद भी कांग्रेस गरीबों को गड्ढे खोदने का काम दे रही थी और यह उनकी विफलता को दर्शाता है। पर उसके बाद क्या हुआ? मोदी सरकार ने बिना काम के लोगों को सब्सिडी, पैसा बांटना शुरू किया। कोई सौ करोड़ लोगों को सीधे लाभार्थी बनाया, नोट के बदले वोट की राजनीति पकाई। और इस एक जुलाई को पुरानी मनरेगा योजना का नया नाम 'वीबी जी रामजीó (विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण या वीबी जी रामजी ) दे कर लागू किया है।

इसमें कहने के लिए कांग्रेस से आगे बढ़ कर एक सौ की बजाय 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। लेकिन खर्च का चालीस प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकारों के मत्थे मढ़ दिया है। राज्य सरकारें पहले से ही वित्तीय संकट में है। केंद्र सरकार खुद बुरी दशा में है और वह राज्यों को उनके हक का पैसा देने में भी कंजूसी, टालमटोल का रवैया अपनाए हुए है। मार्च 2026 तक राज्यों को केंद्र की कोई 17 हजार करोड़ रुपए की देनदारी थी, जिसमें 78 सौ करोड़ रुपए मनरेगा मजूदरी के थे। अब एक जुलाई से केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदल कर जी राम जी कर गांव-देहात के राम, राम सा बोलने वाले लोगों में नई ब्रांडिंग शुरू की है। पर असल में उसके पीछे होगा क्या?

हाल में मुझे देहात में नई रियलिटी मिली। खेतीहर घर के एक माली का बताना था किसान सब्सिडी के दो हजार रुपए तो आ गए हैं।

## अनमोल वाणी

### "सुख और दुःख "



प्रा जितेन्द्र शंकर पाण्डेय
प्रबंध संपादक, तरुणमित्र ठाणे

सुख और दुःख में बहुत ज्यादा भेद नहीं होता है, जिसे मन स्वीकार कर लें वही हमारा सुख होता है। जिसे मन स्वीकार न करें वही हमारा दुःख होता है, तो सारा खेल हमारी स्वीकृति व अस्वीकृति का ही है।

# संसद का मानसून सत्रः लोकतंत्र का महायुद्ध या राष्ट्रीय सहमति का महापर्व ?



विनोद कुमार सिंह 'तकियावाला'

स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार

सर्वदलीय बैठक से शुरू हुआ राजनीतिक संग्राम,महत्त्वपूर्ण विधेयकों,संवैधानिक विमर्श, परिसीमन,महिला आरक्षण, भ्रष्टाचार और जनसरोकारों के मुद्दों पर सत्ता–विपक्ष की निर्णायक परीक्षा

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संसद है। संविधान निर्माताओं ने संसद को केवल कानून बनाने की संस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संवाद, जनाकांक्षाओं की अभिव्यक्ति और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने वाले सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच के रूप में स्थापित किया। संसद की गरिमा केवल सत्ता पक्ष के बहुमत से नहीं,बल्कि एक सशक्त,जागरूक और उत्तरदायी विपक्ष से भी निर्मित होती है।लोकतंत्र का सौंदर्य इसी संतुलन में निहित है।सरकार जनादेश का प्रतिनिधित्व करती है,जबकि विपक्ष जनमत की निगरानी करता है।दोनों की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका ही संसदीय लोकतंत्र को जीवंत बनाती है।इसी लोकतांत्रिक परंपरा को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक संसदीय सत्र से पूर्व केन्द्र सरकार सर्वदलीय बैठक आयोजित करती है।यद्यपि यह संविधान द्वारा अनिवार्य नहीं है, फिर भी दशकों से विकसित यह संसदीय परम्परा सरकार और विपक्ष के बीच संवाद का सबसे महत्त्वपूर्ण माध्यम रही है। इस बैठक में आगामी सत्र की कार्ययोजना, विधायी प्राथमिकताओं, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा सदन को व्यवस्थित और सुचारु रूप से चलाने पर विचार-विमर्श किया जाता है। लोकतंत्र में संवाद की यह परम्परा ही राजनीतिक मतभेदों को संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर बनाए रखने का आधार बनती है।20 जुलाई से प्रारम्भ हुए संसद के मानसून सत्र की शुरुआत इस बार सहमति के वातावरण में नहीं,बल्कि तीखे राजनीतिक मतभेदों के साथ हुई है। सत्र से पूर्व आयोजित सर्वदलीय बैठक में आम आदमी पार्टी,तृणमूल कांग्रेस तथा इंडिया गठबंधन के कई दलों ने उन सांसदों को आमंत्रित किए जाने पर आपत्ति जताई,जिन्होंने अपनी मूल राजनीतिक पार्टी से अलग होने की घोषणा की है अथवा जिनकी स्थिति दल-बदल विरोधी कानून के अंतर्गत अभी लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विचाराधीन है।विपक्ष ने इसे संसदीय मर्यादाओं के विपरीत बताते हुए बैठक का बहिष्कार किया। सरकार का पक्ष है कि निमंत्रण संसदीय अभिलेखों और उपलब्ध आधिकारिक स्थिति के आधार पर भेजे गए हैं तथा इसमें किसी प्रकार की प्रक्रिया का उल्लंघन नहीं हुआ है।यह विवाद केवल एक बैठक तक सीमित नहीं है।इसके पीछे भारतीय राजनीति में लगातार बढ़ता अविश्वास,दल -बदल की घटनाएँ, गठबंधनों का विघटन,राजनीतिक ध्रुवीकरण तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे प्रश्न भी जुड़े हैं।विपक्ष का आरोप है कि सत्तारूढ़ दल विपक्ष को कमजोर करने की दीर्घकालिक राजनीतिक रणनीति पर कार्य कर रहा है।सरकार इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहती है कि लोकतंत्र में प्रत्येक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को कानून के दायरे में राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है तथा दल- बदल से जुड़े मामलों का अंतिम निर्णय संविधान की दसवीं अनुसूची के अनुसार संबंधित अध्यक्ष अथवा सभापति ही करते हैं।इस बार मानसून सत्र का महत्त्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि सरकार अनेक महत्त्वपूर्ण विधेयकों को संसद में प्रस्तुत करने अथवा पारित कराने की तैयारी में है।संसद की उपलब्ध कार्यसूची और सरकारी संकेतों के अनुसार आयकर(संशोधन) विधेयक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास(संशोधन)विधेयक, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने संबंधी विधेयक, राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक तथा विदेशी अंशदान(विनियमन)अधिनियम में संशोधन जैसे विषय सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं। हालाँकि संसद की कार्यसूची गतिशील होती है और कार्यमंत्रणा समिति अथवा सरकार के निर्णय के अनुसार इसमें परिवर्तन,नए विधेयकों का समावेश अथवा प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण भी संभव है।सरकार का दावा है कि इन विधेयकों का उद्देश्य प्रशासनिक सुधार,न्यायिक दक्षता, कर व्यवस्था का सरलीकरण, निवेश को प्रोत्साहन, सुशासन तथा पारदर्शिता को और अधिक सुदृढ़ करना है।सरकार का यह भी कहना है कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए विधायी सुधारों की गति बनाए रखना समय की आवश्यकता है। यही कारण है कि मानसून सत्र को सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के सबसे महत्त्वपूर्ण विधायी सत्रों में से एक मान रही है।दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श का सबसे संवेदनशील विषय संविधान संशोधन,परिसीमन तथा महिला आरक्षण का प्रभावी क्रियान्वयन बना हुआ है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पारित हो चुका है,किन्तु उसका वास्तविक क्रियान्वयन नई जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही संभव है।विपक्ष का आरोप है कि महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने के बजाय भविष्य की प्रक्रिया से जोड़ दिया गया है। सरकार का कहना है कि संविधान के वर्तमान प्रावधानों के अंतर्गत परिसीमन के बिना आरक्षण लागू करना संभव नहीं है।स्पष्ट है कि यह विषय राजनीतिक बहस के साथ-साथ संवैधानिक व्याख्या का भी प्रश्न बन चुका है।परिसीमन आने वाले वर्षों की भारतीय राजनीति का सबसे महत्त्वपूर्ण संवैधानिक विषय बनता दिखाई दे रहा है। जनसंख्या के आधार पर लोकसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन से राज्यों के संसदीय प्रतिनिधित्व में परिवर्तन की संभावना है।दक्षिण भारत के अनेक राज्यों और क्षेत्रीय दलों ने पहले ही आशंका व्यक्त की है कि जनसंख्या नियंत्रण में सफलता प्राप्त करने वाले राज्यों को प्रतिनिधित्व के स्तर पर नुकसान उठाना पड़ सकता है।दूसरी ओर उत्तर भारत के राज्य समान जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देते हैं। इसलिए परिसीमन केवल चुनावी गणित का विषय नहीं, बल्कि संघीय ढाँचे, क्षेत्रीय संतुलन और राष्ट्रीय राजनीतिक संरचना से जुड़ा संवेदनशील प्रश्न बन गया है। मानसून सत्र में विपक्ष की रणनीति भी लगभग स्पष्ट दिखाई दे रही है। विपक्ष संसद के भीतर सरकार को भ्रष्टाचार, बेरोज़गारी, महँगाई, कृषि संकट, राज्यों के अधिकार,संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता, जाँच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग, दल-बदल, सामाजिक न्याय तथा महिला आरक्षण के क्रियान्वयन जैसे विषयों पर घेरने की तैयारी में है। इसके अतिरिक्त लद्दाख को संवैधानिक संरक्षण, छठी अनुसूची के प्रावधानों तथा पर्यावरणीय संरक्षण की माँग को लेकर सोनम वांगचुक द्वारा चलाए गए आंदोलन को भी विपक्ष राष्ट्रीय विमर्श का विषय बनाने का प्रयास करेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास, पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय जनप्रतिनिधित्व अब केवल क्षेत्रीय मुद्दे नहीं,बल्कि राष्ट्रीय नीति के अभिन्न अंग बन चुके हैं। भ्रष्टाचार का प्रश्न भी इस सत्र में प्रमुखता से उठ सकता है।विपक्ष विभिन्न सरकारी निर्णयों, सार्वजनिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली तथा राजनीतिक जवाबदेही को लेकर सरकार से प्रश्न पूछने की तैयारी में है। वहीं सरकार डिजिटल भुगतान, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण,सरकारी खरीद की ई-प्रणाली, जीएसटी, डिजिटल प्रशासन तथा तकनीक आधारित पारदर्शिता को भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत कर रही है। स्वाभाविक है कि इस विषय पर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद केवल बहुमत का मंच नहीं होती। संविधान के अनुच्छेद107 से 111 तक विधेयकों की संसदीय प्रक्रिया का उल्लेख है,जबकि अनुच्छेद 368 संविधान संशोधन की विशेष प्रक्रिया निर्धारित करता है।इसी प्रकार दसवीं अनुसूची दल-बदल विरोधी कानून का आधार है।इन प्रावधानों का मूल उद्देश्य लोकतांत्रिक स्थिरता,जनादेश की रक्षा और संसदीय मर्यादाओं को सुरक्षित रखना है।यदि राजनीतिक विवादों का समाधान इन्हीं संवैधानिक व्यवस्थाओं के माध्यम से होता है तो लोकतंत्र मजबूत होता है; किन्तु यदि संवैधानिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास बढ़ता है,तो उसका प्रभाव लोकतांत्रिक व्यवस्था पर दूरगामी होता है।यह भी स्मरण रखना होगा कि संसद का दायित्व केवल विधेयक पारित करना नहीं है। संसद सरकार से प्रश्न पूछती है, नीतियों की समीक्षा करती है,सार्वजनिक धन के उपयोग पर निगरानी रखती है तथा जनता की आकांक्षाओं को राष्ट्रीय नीति में स्थान देती है।इसलिए संसद का प्रत्येक दिन और प्रत्येक घंटा राष्ट्र की अमूल्य लोकतांत्रिक पूँजी है। यदि पूरा सत्र केवल हंगामे, नारेबाजी और स्थगन की भेंट चढ़ जाता है,तो सबसे बड़ा नुकसान जनता के विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को होता है। आज भारत महँगाई, रोजगार, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन, कृषि सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक समरसता जैसी अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

# विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद!

सोनम लववंशी

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं अलग-अलग नहीं बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है। वर्ष 1986 में भी फ्रूट-फ्लाई की आशंका के कारण उसने भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था। लगभग बीस वर्षों की मेहनत, बेहतर क्वारंटीन व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के बाद 2006 में भारतीय आमों को फिर जापानी बाजार मिला। इस वर्ष निरीक्षण में दोबारा खामियां मिलने के बाद वही बाजार भारत के लिए बंद हो गया। यह केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, हमारी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर अविश्वास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे मूल्यवान चीज उत्पाद नहीं, भरोसा होता है। एक बार यदि कोई देश भारतीय उत्पादों पर संदेह करने लगे, तो उसका असर दूसरे बाजारों पर भी पड़ता है।

जापान द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी भारतीय कृषि उत्पादों की जांच और कड़ी कर देते हैं। परिणामस्वरूप हमारे प्रतिस्पर्धी देश पाकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड और ताइवान उन बाजारों में तेजी से अपनी जगह बना लेते हैं। वैश्विक व्यापार में खोया हुआ बाजार वापस पाना वर्षों की मेहनत मांगता है। इसका सबसे बड़ा नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है। महाराष्ट्र के अल्फांसो उत्पादक हों या गुजरात के केसर आम उगाने वाले किसान, वे पहले ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में निर्यात रुकने से प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद घरेलू बाजार में औने-पौने दाम पर बिकते हैं और किसानों की आय पर सीधा प्रहार होता है। विडंबना यह है कि दुनिया का सबसे बड़ा आम उत्पादक देश होने के बावजूद भारत अपनी कुल आम उपज का लगभग एक प्रतिशत ही निर्यात कर पाता है। समस्या उत्पादन की नहीं, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप परीक्षण, प्रसंस्करण, कोल्ड-चेन और गुणवत्ता नियंत्रण की है।

चिंता केवल कृषि उत्पादों तक सीमित नहीं है। नीति आयोग के हालिया आंकड़े बताते हैं कि जनवरी-मार्च 2026 की तिमाही में भारत का कुल व्यापार बढ़ा जरूर, जबकि वस्तुओं का निर्यात घटा और आयात उससे कहीं अधिक तेजी से बढ़ा। व्यापार घाटे को सेवा क्षेत्र ने संभाल लिया। यदि विनिर्मित और कृषि उत्पाद भी वैश्विक बाजार में भरोसा खोने लगेंगे, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य और कठिन हो जाएगा। सवाल यह है कि जिन खामियों का पता विदेशी प्रयोगशालाएं लगा रही हैं, वे भारत से उत्पाद भेजने से पहले हमारी जांच प्रणाली को क्यों नहीं दिखाई देतीं? यदि विदेशी एजेंसियां ही हमारे उत्पादों की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देंगी, तो मेड इन इंडिया की विश्वसनीयता कभी मजबूत नहीं हो सकेगी। सरकार ने जांच के निर्देश दिए, स्पाइस बोर्ड ने मानक कड़े किए और कुछ राज्यों ने कार्रवाई भी की। यह समस्या छिटपुट कदमों से हल नहीं होगी। खेत से लेकर प्रयोगशाला, प्रसंस्करण केंद्र, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी व्यवस्था को जीरो एरर की संस्कृति अपनानी होगी। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। यह सपना केवल उत्पादन बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। वैश्विक बाजार सस्ता माल नहीं, भरोसेमंद माल खरीदता है। अब समय आ गया है कि गुणवत्ता को औपचारिकता नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए। दुनिया में सबसे महंगा बिकने वाला उत्पाद मसाला, आम या चावल नहीं, विश्वसनीयता होती है। यदि हम उसे खो देंगे, तो विदेशी बाजार ही नहीं, भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं भी धीरे-धीरे हमारे हाथों से फिसलती चली जाएंगी। ( स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी )

(यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# पूर्व सभागृह नेता का आरोप भ्रष्टाचार और राजनीतिक हस्तक्षेप से विकास योजना के आरक्षण हटाने की साजिश

तरुणमित्र / ब्यूरो

**भिवंडी:** शहर के विकास के लिए तैयार की गई विकास योजना में वर्ष 2003 से आरक्षित भूखंडों का आरक्षण भ्रष्टाचार और राजनीतिक हस्तक्षेप के जरिए हटाए जाने का आरोप पूर्व सभागृह नेता विकास निकम ने लगाया है। उन्होंने पत्रकार परिषद में कहा कि यह सब बिल्डर लॉबी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान पूर्व उपमहापौर अहमद सिद्दीकी, पूर्व नगरसेवक मतलुब सरदार, सुरेश पाटील और हमीद शेख भी मौजूद थे। विकास निकम ने बताया कि वर्ष 2003 की विकास योजना में आरक्षित भूखंडों को वर्ष 2023 की विकास योजना में भी बरकरार रखा गया था। इसके बावजूद आरक्षण क्रमांक 6 (ट्रक टर्मिनल, पोगांव), 9 (एमएसईबी, पोगांव), 127 (वाहनतल, मौजे कणेरी अशोकनगर) और 274 (कम्युनिटी सेंटर, मौजे चाविंद्रा 100 फीट रोड) को सरकारी समिति द्वारा कथित रूप से गलत अभिप्राय देकर



राजनीतिक दबाव में रद्द कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में विकास योजना तैयार करते समय पुराने आरक्षणों को बनाए रखना आवश्यक था। इसके लिए गठित नियोजन समिति में तत्कालीन आयुक्त अजय वैद्य, नगररचना विभाग के सेवानिवृत्त सहायक संचालक मनोहर भार्गवे, अशोक खांडेकर, स्थापत्य अभियंता विनय निकम तथा आलीम फौजी सदस्य थे। निकम का आरोप है कि समिति ने शहर की जरूरतों की बजाय बिल्डर वर्ग के हितों को प्राथमिकता दी। पूर्व उपमहापौर अहमद सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि खुद को "विकास पुरुष" बताने वाले लोगों ने बिल्डरों को लाभ पहुंचाने के लिए पालिका और सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर आरक्षण बदलने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि आरक्षित जमीनें पहले अपने लोगों के माध्यम से सस्ते दामों में खरीदी गईं और बाद में बिल्डरों को करोड़ों रुपये का फायदा पहुंचाने का रास्ता तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और नगररचना संचालनालय से की गई है तथा उन्हें सरकार से न्याय मिलने की उम्मीद है।

आरक्षण का उद्देश्य बदलकर उसे बरकरार रखा जाना चाहिए था हमीद शेख ने कहा कि पिछले 25 वर्षों में शहर की आबादी तेजी से बढ़ी है। ऐसे में उद्यान, खेल मैदान, समाज हॉल, अस्पताल और महाविद्यालय जैसी सार्वजनिक सुविधाओं की आवश्यकता पहले से अधिक है।

उनका कहना था कि आरक्षण समाप्त करने के बजाय उसका उद्देश्य बदलकर उसे बरकरार रखा जाना चाहिए था, लेकिन कुछ लोगों के आर्थिक हित साधने के लिए आरक्षण समाप्त कर दिया गया। आरक्षण क्रमांक 6 (ट्रक टर्मिनल, पोगांव) निकम ने कहा कि पहले यहां जकात नाका होने के कारण ट्रक टर्मिनल प्रस्तावित था। समिति ने यह कहते हुए इसकी जरूरत खत्म बताई कि जकात व्यवस्था बंद हो चुकी है। उन्होंने इस तर्क को गलत बताते हुए कहा कि यह इलाका आज भी लॉजिस्टिक और औद्योगिक क्षेत्र है, जहां भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है, इसलिए ट्रक टर्मिनल की आवश्यकता बनी हुई है। आरक्षण क्रमांक 9 (एमएसईबी, पोगांव) समिति ने यह कहते हुए आरक्षण हटाने की सिफारिश की कि अब बिजली वितरण का कार्य टोरंट पावर कर रही है, इसलिए एमएसईबी के लिए आरक्षित जमीन की आवश्यकता नहीं है। इस पर भी निकम ने आपत्ति जताई। आरक्षण क्रमांक 127 (वाहनतल, कणेरी अशोकनगर) समिति का कहना है कि इस क्षेत्र में कोई सरकारी कार्यालय, बस या रेलवे स्टेशन नहीं है तथा भविष्य में मेट्रो और फ्लाईओवर के कारण यहां वाहनतल की आवश्यकता नहीं रहेगी।

विपक्षी नेताओं ने इस तर्क को भी गलत बताया। आरक्षण क्रमांक 274 (कम्युनिटी सेंटर, चाविंद्रा 100 फीट रोड) इस आरक्षण को हटाने के लिए समिति ने कहा कि यहां आरसीसी अस्पताल, अन्य निर्माण और खुली जगह मौजूद है, इसलिए कम्युनिटी सेंटर की आवश्यकता नहीं है। हालांकि सुरेश पाटील ने आरोप लगाया कि यहां कोई अस्पताल नहीं है और कुछ हिस्सों पर बिल्डरों ने अतिक्रमण किया हुआ है। उन्होंने दावा किया कि अतिक्रमण बचाने के लिए अधिकारियों की मिलीभगत से गलत अभिप्राय दिया गया।

# दिवा में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

### भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं ने लिया श्रीराम नाम का संकीर्तन, सुख-समृद्धि की कामना की

तरुणमित्र /रामकुमार मधुकर

**ठाणे।** दिवा शहर में सत्यम माली के निवास स्थान पर श्रद्धा, आस्था और भक्ति के साथ श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीराम तथा संकटमोचन हनुमान जी की आराधना कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ विधि-विधान के साथ भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी के पूजन से हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण "जय श्रीराम" और "जय बजरंगबली" के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडवोकेट बिपिन दुबे, संतोष तिवारी, परशुराम सेना , शिवम् माली, रजनीश सहित अनेक





गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने धार्मिक आयोजनों को समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।आयोजक सत्यम माली ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट होने का अवसर प्रदान करते हैं।

# मतदाता समस्याओं को लेकर चुनाव आयोग पहुंचे आव्हाड और जयंत पाटिल

### समय बढ़ाने समेत कई अहम मांगें

तरुणमित्र सारा पुरी

**मुंबई।** एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को हो रही परेशानियों को लेकर रविवार को मुख्य चुनाव अधिकारी एस. चोकलिंगम से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री विधायक जयंत पाटिल तथा एनसीपी (शरद पवार) के विधायक जितेंद्र आव्हाड एलजीबीओटी सेल की प्रमुख प्रिया पाटिल भी शामिल थीं। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मोबाइल ऐप पर उपलब्ध मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों, बीएलओ स्तर पर व्याप्त भ्रम, मतदाताओं तक पहुंचने में आ रही दिक्कतों और एलजीबीओटी समुदाय से जुड़े लंबित मुद्दों को




प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए समय रहते प्रभावी समाधान आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव अधिकारी के समक्ष एसआईआर प्रक्रिया की समय-सीमा बढ़ाने, मतदाताओं की शिकायतों का तत्काल समाधान करने, मतदाता सूची की त्रुटियों को शीघ्र सुधारने, पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सरल बनाने तथा एलजी बीओटी क्यू समुदाय से जुड़े मामलों को संवेदनशीलता के साथ निपटाने की मांग रखी। इस पर मुख्य चुनाव अधिकारी एस. चोकलिंगम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि चुनाव आयोग सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेकर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया पूरी करेगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी पात्र मतदाता के साथ अन्याय न हो।

# "वापी महानगरपालिका में बोगस दस्तावेज विवाद-कोर्ट आदेश के बाद दो भाजपा पार्षदों के खिलाफ FIR दर्ज"

### ▪ पत्रकार वार्ता में एड शशांक मिश्रा ने मामले की परत दर परत खोलते हुए इस धोखाधड़ी के बारे में किया खुलासा

तरुणमित्र

**वापी, 19 जुलाई 2026 :** वापी महानगरपालिका चुनाव के दौरान नामांकन में नकली दस्तावेज जमा करने के गंभीर आरोपों के बाद वलसाड कोर्ट के स्पष्ट आदेश पर डूंगरा पुलिस ने भाजपा के दो पार्षदो समसुद्दीन नुरुद्दीन चौधरी और सुनीता उमेशचंद्र तिवारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न कलमों के तहत FIR दर्ज कर दी है।

स्थानीय कांग्रेस के पदाधिकारियों महेश शाह , एड शशांक मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि वार्ड नंबर-3 से चुनाव लड़ने वाले दोनों मौजूदा पार्षदों ने शैक्षणिक योग्यता और पात्रता से जुड़े दस्तावेजों में धोखाधड़ी की, और इन्हीं "बोगस दस्तावेजों" के सहारे चुनाव जीतकर पद हासिल किया। पार्टी ने मांग की थी कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, जिसके बाद मामला वलसाड कोर्ट पहुंचा।

वलसाड कोर्ट ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद डूंगरा पुलिस स्टेशन में दोनों पार्षदों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। बता दें ,2026 के वापी महानगरपालिका चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत(37 सीटें), मिली थी जबकि कांग्रेस को 11 सीटें मिलीं। ऐसे में यह मामला स्थानीय राजनीति में तनाव बढ़ा सकता है। कांग्रेस इसे "चुनावी धोखाधड़ी" बताकर भाजपा पर हमला कर रही है, जबकि भाजपा की आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी सार्वजनिक रूप से विस्तृत नहीं आई है।

### तो क्या रद्द हो सकती है दोनों पार्षदों की सदस्यता

कानूनी जानकारों के मुताबिक, अगर पुलिस जांच में धोखाधड़ी के सबूत सामने आते हैं और कोर्ट इसे सिद्ध मानता है, तो संबंधित पार्षदों की सदस्यता रद्द हो सकती है और उस वार्ड में नया चुनाव कराया जा सकता है। स्थानीय स्तर पर वकील और नागरिक मंच भी अयोग्यता याचिका या जनहित याचिका की संभावना जता रहे हैं। फिलहाल ,इस मामले की अगली कोर्ट सुनवाई और पुलिस जांच की रिपोर्ट आने पर ही तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट होगी।

### आखिर क्या है पूरा मामला

शिकायत में कहा गया है कि उक्त स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट में शमसुद्दीन की जन्मतिथि 16 नवंबर 1994 दर्शाई गई, जिससे वे चुनाव लड़ने के लिए पात्र हो गए। शिकायत के अनुसार, शमसुद्दीन द्वारा प्रस्तुत चुनावी शपथपत्र (एफिडेविट) में यह भी उल्लेख किया गया है कि उन्होंने वर्ष 2007 में हिंदी विद्यामंदिर विद्यालय से केवल पांचवीं कक्षा तक अध्ययन किया था। आरोप है कि इसी कथित जाली स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के आधार पर आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी), पैन कार्ड, पासपोर्ट सहित अन्य सरकारी दस्तावेज एवं अभिलेख प्राप्त किए गए। इसके विपरीत, शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि शमसुद्दीन ने वास्तव में सेंट जेवियर्स स्कूल में दसवीं कक्षा तक अध्ययन किया था तथा विद्यालय के उपलब्ध रिकॉर्ड में उनकी जन्मतिथि 13 नवंबर 1998 दर्ज है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि उक्त रिकॉर्ड सही माना जाए, तो वर्ष 2015 में चुनाव के समय शमसुद्दीन की आयु केवल 16 वर्ष 11 माह थी और वे चुनाव लड़ने के लिए विधिक रूप से अयोग्य थे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2026 के वापी नगर निगम चुनाव में भी शमसुद्दीन ने उसी कथित स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट एवं उसी जन्मतिथि के आधार पर चुनाव लड़ा।

# श्री श्याम युवा चैरिटेबल ट्रस्ट का सफल रक्तदान शिविर, 127 यूनिट रक्त एकत्रित

तरुणमित्र

**वापी :** श्री श्याम युवा चैरिटेबल ट्रस्ट (वापी-दमण-सिलवासा) द्वारा रविवार को आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर अत्यंत सफल रहा। कचीगाम रोड स्थित जनसेवा हॉस्पिटल में सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चले इस शिविर में रक्तदाताओं ने भारी उत्साह दिखाया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 127 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। यह संचित रक्त जरूरतमंद मरीजों के आपातकालीन इलाज के लिए एक महत्वपूर्ण जीवनरक्षक भंडार साबित होगा। बता दें ,यह शिविर 'श्रेयस मेडिकेर' द्वारा संचालित जनसेवा हॉस्पिटल (वापी) तथा 'श्री श्याम युवा चैरिटेबल ट्रस्ट' के संयुक्त




तत्वावधान में आयोजित किया गया था। रक्त संग्रह और तकनीकी प्रबंधन में वलसाड रक्तदान केंद्र (वलसाड) की टीम का विशेष सहयोग रहा। मेडिकल टीम ने सभी रक्तदाताओं की प्राथमिक जांच, हीमोग्लोबिन (HB) परीक्षण और कड़े सुरक्षा मानकों के तहत ही रक्त संग्रह सुनिश्चित किया। डॉक्टरों के अनुसार, संपूर्ण दान प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू रही। शिविर की सफलता पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और रक्तदाताओं के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### बारिश को तरसा जोधपुर, सामान्य से 38% हुई कम

**तरुणमित्र, जोधपुर ।** जिले में मानसून की रफ्तार फिलहाल थम गई है। 19 जुलाई तक सामान्य से करीब 38 प्रतिशत कम बारिश दर्ज होने से लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 21 जुलाई के बाद मौसम में बदलाव की संभावना है और बारिश की गतिविधियां फिर से तेज हो सकती हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 19 जुलाई तक जोधपुर में सामान्यतः 94.6 एमएम वर्षा दर्ज होती है, जबकि इस वर्ष अब तक केवल 56.5 एमएम बारिश हुई है। इस प्रकार जिले में सामान्य से 38.1 प्रतिशत कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर तेज धूप, गर्मी और उमस के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मानसून की एंट्री के चार दिन बाद ही बारिश की गतिविधियां थम गईं। हालांकि मौसम विभाग ने आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था।

# उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में मुंब्रा में शिवसेना का जनता दरबार

### नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं

तरुणमित्र सारा पुरी

**मुंब्रा।** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में शिवसेना द्वारा मुंब्रा में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर सड़क, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं एवं शिकायतें शिवसेना पदाधिकारियों के समक्ष रखीं। जनता दरबार में मौजूद शिवसेना पदाधिकारियों ने नागरिकों की प्रत्येक शिकायत





को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना शिवसेना की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि जनता और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित कर प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने भी जनता दरबार की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि वर्षों से लंबित स्थानीय समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

# भुलेश्वर में उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज संघ का भव्य मंगल प्रवेश, चातुर्मास को लेकर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कर्मपालसिंह सवाली

**मुंबई।** पूज्य समाधि सम्राट गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के शिष्य उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज एवं मुनि श्री विसोम्या सागर जी संघ का रविवार को भुलेश्वर स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बैंड-बाजों, जयघोष और भक्ति भाव के साथ गुरुदेव का स्वागत किया।

मंगल प्रवेश यात्रा का शुभारंभ ताड़देव स्थित श्री सुपार्श्वनाथ जिनालय जैन बोर्डिंग से हुआ।





शोभायात्रा में ध्वज लिए हुए श्रद्धालु, सुसज्जित रथ तथा बैंड की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का पाद-प्रक्षालन, मंगल आरती, पुष्पवर्षा एवं भावभीना स्वागत किया। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा क्षेत्र धर्ममय वातावरण से सराबोर हो गया। मंगल प्रवेश के उपरांत आयोजित धर्मसभा में उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि संतों का आगमन और उनका विहार सदैव मंगलकारी होता है। संत जहां भी जाते हैं, वहां धर्म, संयम और सदाचार का संदेश फैलता है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास का उद्देश्य अहिंसा का पालन, सूक्ष्म जीवों की रक्षा तथा समाज में त्याग, तप, स्वाध्याय और धार्मिक संस्कारों का प्रचार प्रसार करना है। इस पावन काल में प्रत्येक व्यक्ति को आत्मकल्याण और धर्म साधना के लिए अधिक से अधिक समय देना चाहिए। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष लायन सुरेश जैन ने बताया कि 2 अगस्त 2026 को आचार्य महाप्रज्ञ भवन, कालबादेवी परिसर में चातुर्मास स्थापना का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया।

# विट्ठल माऊली सेवा यात्रा, ढाई सौ गरीब, महिला पुरुषों को बांटे कपड़ा साड़ी

तरुणमित्र, ब्यूरो

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर से सोहम फाउंडेशन की पंढरपुर में तीन दिवसीय सेवा यात्रा की शुरुआत 17 जुलाई की देर रात को 20 लोगो द्वारा की गई 1 इस यात्रा के दौरान सोहम फाउंडेशन के सेवाधारी, पदाधिकारी पंढरपुर पहुंच कर चंद्रभागा नदी के किनारे साफ सफाई किए और स्नान भगवान विठ्ठल के दर्शन किए। उसके बाद चंद्रभागा नदी के किनारे गरीब भिक्षुक , वृद्धाश्रम, कुष्ठ रोग बस्ती में साड़ी, कपड़े का वितरण किए। इतना ही नहीं पंढरपुर मे स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। इस यात्र मे मीना फर्डे, राजेंद्र देठे, नारायण वाघ, सुरेखा सावंत, विभव बांडे, वैष्णवी



बांडे, प्रतिभा काळे, उषा वाघ, वंदना शर्मा, राहुल गायकवाड, मयुरी आर गायकवाड, भावेश एन वाघ, आनंद देठे, सुगंधा देठे, रविंद्र शिंदे, राजू भालेराव, वंदना भालेराव, धनश्री एन वाघ, शोभा बी वाघ,जया गंगावणे जैसे लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध क्लिनिकों पर भदोही सीएमओ का एक्शन, जांच के आदेश

**बिना मान्यता के चल रहे संस्थानों पर होगी कार्रवाई**



**तरुणमित्र भदोही।** जिले के दुर्गागंज बाजार संदलूवीर और अभोली ब्लॉक के कई गांव में कथित रूप से बिना मान्यता और बिना आवश्यक अनुमति के निजी क्लीनिक पैथोलॉजी लैब एवं विभिन्न हेल्थ ट्रीटमेंट सेंटर संचालित होने की शिकायतें भदोही सीएमओ के सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर झोलाछाप डॉक्टर मरीज का इलाज कर रहे हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं जिले में कई मामले ऐसे आए हैं जहां लोगों की जान चली गई है और कार्रवाई कागजों तक रह गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं के विरुद्ध अभियान चला कर कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि आगे भी टीम गठित कर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

### नेहा मिश्रा ने उपजिलाधिकारी का पदभार ग्रहण किया



**तरुणमित्र आजमगढ़।** लालगंज तहसील में शनिवार को 2020 बैच की पीसीएस अधिकारी नेहा मिश्रा ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व इस पद पर कार्यरत नंदिनी शाह का स्थानांतरण प्रयागराज कर दिया गया है। नेहा मिश्रा का स्थानांतरण गोंडा जनपद से आजमगढ़ किया गया है। वर्ष 2020 की पीसीएस परीक्षा में उन्होंने प्रदेश में दसवीं रैंक प्राप्त की थी। इससे पहले वह जौनपुर जिले की केराकत तहसील में भी उपजिलाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं, जहां उनके कार्यों की सराहना की गई थी। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना, पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को सरल, पारदर्शी एवं उत्तरदायी प्रशासन उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है। शासन की मंशा के अनुरूप राजस्व मामलों का समयबद्ध निस्तारण, जनशिकायतों का प्रभावी समाधान तथा निष्पक्ष और त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका विधिसम्मत निस्तारण किया जाएगा तथा सुशासन, पारदर्शिता और जनविश्वास को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

### ब्रास सिटी इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट : मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट टीम ने स्काईलाइन को 29 रनों से दी मात

**तरुणमित्र मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद में ब्रास सिटी इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को एमपीएस क्रिकेट एकेडमी के ग्राउंड पर आयोजित लीग मैच में मॉडर्न पब्लिक क्रिकेट टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्काईलाइन को 28 रन से हराकर जीत दर्ज की। दानिश आलम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि रविवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट टीम ने निर्धारित 30 ओवर में आठ विकेट पर 236 रन की पारी खेली। जवाब में स्काईलाइन की टीम 30 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट टीम की ओर से दानिश आलम ने 71 गेंदों पर 97 रन की शानदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 11 चौके और चार छक्के जड़े। उनके अलावा आयुष सिंह नाबाद 24, प्रतिक्षा नाबाद 12, आयुष पाल 20 और राजवीर सिंह ने 20 रन का योगदान दिया। nलक्ष्य का पीछा करने उतरी स्काईलाइन की शुरुआत अच्छी रही। टीम की ओर से आरव कश्यप ने 37 गेंदों पर 55 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। दीपांशु चौधरी ने 30 और कप्तान रोहन सिंह ने 23 रन बनाए। अंत में पलक सिंह ने 19 गेंदों में 33 रन बनाकर संघर्ष किया लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। गेंदबाजी में एमपीएस रेड के लिए वंश सक्सेना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि प्रतीक्षा और सोहिल राघव ने दो-दो विकेट हासिल किए। दानिश आलम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### रेल यात्रियों से अभद्रता और हंगामे के आरोप में नौ किन्नर गिरफ्तार



**तरुणमित्र कानपुर।** कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से अभद्रता करने, जबरन पैसे मांगने और विरोध करने पर गाली-गलौज कर हंगामा करने के आरोप में जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने रविवार को नौ किन्नरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ शांति भंग की आशंका में बीएनएसएस की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि कोई व्यक्ति यात्रियों से जबरन धन वसूलने, अभद्रता करने या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम लगातार अभियान चला रही है। जीआरपी को आज सूचना मिली थी कि प्लेटफॉर्म संख्या-10 और वहां से गुजरने वाली ट्रेनों में कुछ किन्नर यात्रियों से जबरन पैसे मांग रहे हैं। पैसे नहीं देने पर वे यात्रियों से अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं और विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और संबंधित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने और पुलिसकर्मियों के सामने भी हंगामा करने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मौके पर ही सभी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के आधार पर कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के दौरान सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की उम्र 19 से 22 वर्ष के बीच की है। ये कानपुर नगर, कानपुर देहात, लखनऊ, कन्नौज और उन्नाव के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं। जीआरपी का कहना है कि रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों से जबरन वसूली और अभद्रता की शिकायतों पर आगे भी लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव सम्पन्न पांच सदस्य चुने गए

**शिवपुर वार्ड 9 के पार्षद बलिराम कनौजिया बने कार्यकारिणी सदस्य, क्षेत्र में छाई खुशी की लहर**

तरुणमित्र



**वाराणसी।** काशी के पावन शहर में नगर निगम की कार्यकारिणी के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गए। चुनाव में राज्य सरकार के प्रभावशाली मंत्रियों, विधायकों और सदन के सभी पार्षदों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान के बाद पांच सदस्यों को कार्यकारिणी में चुन लिया गया। इस महत्वपूर्ण चुनाव में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल, राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, विधायक एवं पूर्व मंत्री नीलकंठ तिवारी, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक सुनील पटेल, एमएलसी धर्मेंद्र राय, एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह सहित नगर निगम सदन के सभी पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने और नगर विकास के लिए सकारात्मक योगदान देने की बात कही। शिवपुर में उत्साह का माहौल चुनाव परिणाम आने के बाद शिवपुर वार्ड 9 के पार्षद बलिराम कनौजिया के नगर निगम वाराणसी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य बनने की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय मार्केट में बड़े बुजुर्गों, मित्रों और समर्थकों ने बलिराम कनौजिया पर माल्यार्पण किया। क्षेत्रवासियों ने इस सफलता को सामूहिक उपलब्धि बताते हुए मिठाइयां बांटीं और शुभकामनाएं दीं। इस पावन अवसर पर सुनील चौधरी, दूर्गे पाण्डेय, आर.एन. सिंह, विकास सिंह, रवि कपूर, अतुलेश उपाध्याय सुजीत श्रीवास्तव (मोनू), राजेश राय, अधिवक्ता उज्जवल वर्मा, अखिलेश सेठ, रोमी श्रीवास्तव, रिषभ कपूर, संतोष शर्मा मल्लू समेत क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने बलिराम कनौजिया को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्ति से शिवपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। नगर निगम की कार्यकारिणी में चुने गए सदस्यों के नाम और उनकी जिम्मेदारियों को लेकर जल्द ही आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है। वाराणसी नगर निगम के इस चुनाव को स्थानीय राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि कार्यकारिणी सदस्य नगर के विकास योजनाओं, बजट आवंटन और विभिन्न परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्रवासी अब उम्मीद कर रहे हैं कि नई कार्यकारिणी शहर की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, नाली, पानी, सफाई और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए काम करेगी।

### टूटते रिश्तों को मिला नया जीवन, परिवार परामर्श ने 5 दम्पतियों को फिर से मिलाया

▪ पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र की प्रभावी कार्यवाही

तरुणमित्र

**भदोही।** जिले के पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी के कुशल निर्देशन व शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक विवादों के निस्तारण एवं बिछड़े दम्पतियों को पुनः एकजुट करने हेतु निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में माह जुलाई-2026 के दौरान अब तक परिवार परामर्श केन्द्र भदोही द्वारा कुल 05 बिछड़े दम्पतियों के मध्य आपसी सुलह-समझौता कराकर उन्हें पुनः साथ रहने के लिए राजी किया गया। इन मामलों में आवेदिकाओं द्वारा अपने पति एवं ससुराल पक्ष के विरुद्ध पारिवारिक विवाद संबंधी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए थे, जिन पर दोनों पक्षों को नोटिस एवं मोबाइल फोन के माध्यम से सूचित कर परिवार परामर्श केन्द्र पर बुलाया गया।परिवार परामर्श केन्द्र की टीम द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए धैर्यपूर्वक काउंसलिंग की गई तथा आपसी संवाद स्थापित कर मतभेदों को दूर करने का प्रयास किया गया। अथक प्रयासों के फलस्वरूप दोनों पक्षों ने बिना किसी दबाव के अपनी पूर्व की गलतफहमियों एवं विवादों को भुलाकर नए सिरे से पति-पत्नी के रूप में एक-दूसरे का सम्मान करते हुए साथ रहने की सहमति व्यक्त की।

परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा टूटते हुए रिश्तों को पुनः जोड़ते हुए दम्पतियों की विदाई कराई गई, जिससे न केवल परिवारों में खुशियाँ लौटीं बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को भी नई दिशा मिली।

**कार्यवाही के दौरान उपस्थित पुलिस टीम में** :प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंह , मु0आ0 विद्यानंद सिंह , म0मु0आ0 कुमारी अंजनी , म0आ0 प्रीति यादव , म0आ0 ममता चौहान , म0आ0 नेहा सिंह व का0 विवेक कुमार मौजूद रहे।

### सीतामढ़ी घाट की ओर बढ़ रहा गंगा का पानी

**जुलाई में गंगा का जलस्तर 68.160 2025 की तुलना में 10 मीटर कम**

अधिशासी अभियंता सिंचाई सुधीर कुमार पाल ने कहा कि बारिश न होने से गंगा का पानी अभी काफी नीचे है। सुरक्षा के मद्देनजर तैयारी पूरी की गई है। जिले में चेतावनी बिंदु 80.20 मीटर और खतरे का निशान 81.20 मीटर है।




तरुणमित्र

**भदोही।** पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश का असर गंगा के जलस्तर पर दिखने लगा है। गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। जल स्तर बढ़ने से गंगा तरी में उभरे रेत के टीले पानी में डूबने लगे हैं। हालांकि मध्य जुलाई में जहां गंगा का पानी पक्की सीढ़ी के पास तक पहुंच जाता था वहीं अभी गंगा का जलस्तर काफी नीचे है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार पिछले साल की अपेक्षा इस साल करीब 10 मीटर नीचे पानी है। 2025 में 18 जुलाई को 78.50 मीटर जलस्तर पहुंचा था जबकि इस साल 68.160 तक पहुंचा है। मानसून की बेरुखी के कारण जिले में रुक रुक के बारिश हो रही है। छिटपुट को छोड़ दिया जाए तो अभी तक 125 मिमी बारिश ही हो सकी है। जिससे धान की रोपाई भी किसान नहीं कर पा रहे हैं। पश्चिम यूपी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण जलस्तर में कुछ इजाफा हो रहता है। 12 बजे गंगा का जलस्तर 68.160 मीटर दर्ज किया गया।

मार्च के प्रथम सप्ताह में जल स्तर 66.190 पर था और जून माह में जल स्तर 65.590 मीटर पर था। वर्तमान में जलस्तर बढ़ने से गंगा का पानी धीरे-धीरे घाटों के ऊपर चढ़ने लगा है। सीतामढ़ी में लव कुश जन्मोत्सव नवमी मेले के मद्देनजर स्नान घाट पर गंगा में बैरिकेडिंग करा दी गई है। साथ ही पुलिस एवं जल पुलिस की तैनाती भी गंगा घाट पर देखी जा रही है। उधर स्नानार्थियों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ रही है। एक पखवाड़े पूर्व जहां गंगा में रेत के टीले और बड़े भू भाग पर रेत और बालू दिख रहा था वहीं अब पानी दिखने लगा है।

### नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव सम्पन्न पांच सदस्य चुने गए

तरुणमित्र



▪ शिवपुर वार्ड 9 के पार्षद बलिराम कनौजिया बने कार्यकारिणी सदस्य, क्षेत्र में छाई खुशी की लहर

**वाराणसी।** काशी के पावन शहर में नगर निगम की कार्यकारिणी के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गए। चुनाव में राज्य सरकार के प्रभावशाली मंत्रियों, विधायकों और सदन के सभी पार्षदों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान के बाद पांच सदस्यों को कार्यकारिणी में चुन लिया गया। इस महत्वपूर्ण चुनाव में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल, राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, विधायक एवं पूर्व मंत्री नीलकंठ तिवारी, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक सुनील पटेल, एमएलसी धर्मेंद्र राय, एमएलसी अन्नपूर्णा सिंह सहित नगर निगम सदन के सभी पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने और नगर विकास के लिए सकारात्मक योगदान देने की बात कही। शिवपुर में उत्साह का माहौल चुनाव परिणाम आने के बाद शिवपुर वार्ड 9 के पार्षद बलिराम कनौजिया के नगर निगम वाराणसी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य बनने की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय मार्केट में बड़े बुजुर्गों, मित्रों और समर्थकों ने बलिराम कनौजिया पर माल्यार्पण किया। क्षेत्रवासियों ने इस सफलता को सामूहिक उपलब्धि बताते हुए मिठाइयां बांटीं और शुभकामनाएं दीं। इस पावन अवसर पर सुनील चौधरी, दूर्गे पाण्डेय, आर.एन. सिंह, विकास सिंह, रवि कपूर, अतुलेश उपाध्याय सुजीत श्रीवास्तव (मोनू), राजेश राय, अधिवक्ता उज्जवल वर्मा, अखिलेश सेठ, रोमी श्रीवास्तव, रिषभ कपूर, संतोष शर्मा मल्लू समेत क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने बलिराम कनौजिया को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्ति से शिवपुर क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। नगर निगम की कार्यकारिणी में चुने गए सदस्यों के नाम और उनकी जिम्मेदारियों को लेकर जल्द ही आधिकारिक घोषणा होने की संभावना है। वाराणसी नगर निगम के इस चुनाव को स्थानीय राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि कार्यकारिणी सदस्य नगर के विकास योजनाओं, बजट आवंटन और विभिन्न परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्रवासी अब उम्मीद कर रहे हैं कि नई कार्यकारिणी शहर की मूलभूत समस्याओं जैसे सड़क, नाली, पानी, सफाई और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए काम करेगी।

# राष्ट्रीय रामायण मेले में बिजली संकट: सीतामढ़ी, सेमराध और वहिदानगर के उपभोक्ता बेहाल

▪ पावर हाउस से जुड़े हजारों उपभोक्ता खराब विद्युत व्यवस्था और अघोषित बिजली कटौती से परेशान

तरुणमित्र

**भदोही।** जनपद में भीषण गर्मी और उमस के बीच भदोही जिले के सीतामढ़ी, सेमराध और वहिदानगर पावर हाउस से जुड़े हजारों उपभोक्ता खराब विद्युत व्यवस्था और अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं। घंटों बिजली गुल रहने, बार-बार ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल सीतामढ़ी में इन दिनों ऐतिहासिक राष्ट्रीय रामायण मेला चल रहा है, जहां दूर-दराज़ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। लेकिन बिजली आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था के कारण श्रद्धालुओं, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेले में बिजली कटौती से व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दिनभर कई बार बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। कभी शटडाउन तो कभी भारी लोड का हवाला देकर घंटों बिजली काट दी जाती है। लगातार हो रही कटौती के कारण घरों में रहने वाले लोगों, विद्यार्थियों, दुकानदारों और छोटे कारोबारियों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उधर, धान की रोपाई के महत्वपूर्ण समय में किसान भी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। पर्याप्त बिजली न मिलने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे फसल पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि समय पर पानी नहीं मिलने से उनकी मेहनत पर संकट खड़ा हो गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है। लगातार हो रही अघोषित कटौती से इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं और भीषण गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है।

क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी एवं विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाई जाए, खराब विद्युत व्यवस्था में सुधार किया जाए तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

इस संबंध में वहिदानगर पावर हाउस के एसडीओ रविंद्र कुमार यादव ने बताया कि विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही बिजली आपूर्ति को दुरुस्त कर निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जिले के सबसे बड़े धार्मिक और पर्यटन स्थलों में से एक सीतामढ़ी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन हो रहा है, तब भी वहां निर्बाध बिजली व्यवस्था सुनिश्चित क्यों नहीं की जा सकी? आखिर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर पर्याप्त ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं?

# रोटरी क्लब ने निःशुल्क वितरित किए 400 से अधिक पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया सशक्त संदेश

तरुणमित्र




**कुशीनगर।** "एक पौधा, अनेक पीढ़ियों का जीवन" के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब कुशीनगर ने रविवार की सुबह कसया स्थित गांधी चौक पर भव्य पौधा वितरण अभियान आयोजित किया। इस अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के 400 से अधिक पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम को लेकर नागरिकों में उत्साह का ऐसा माहौल रहा कि गांधी चौक पर पौधे लेने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। अनेक लोगों ने अपने घर, विद्यालय, प्रतिष्ठान और आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण करने का संकल्प भी लिया। रोटरी के सह संरक्षक वाहिद अली ने बताया कि विगत वर्ष की भांति ही लोगों में अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु जागरूकता फैलाने के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम किया गया है। रोटरी के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि इन 400 पौधों में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण किया गया। इन पौधों को लेने के लिए गांधी चौक पर जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। रोटरी के सचिव दुर्गेश चतुर्वेदी ने कहा कि रोटरी के द्वारा ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने में सहयोगी बन सके।कार्यक्रम के दौरान रोटरी सदस्यों ने लोगों से केवल पौधे लेने का ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करने और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का भी आग्रह किया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र आज पूरी मानवता के सामने चुनौती बन चुके हैं। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली, अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सचिव दुर्गेश चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, उपाध्यक्ष सदरे आलम, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, निदेशक अरुण वर्मा, अमित श्रीवास्तव, सह सचिव सुनील सिंह, अमरेंद्र नारायण सिंह, मीडिया प्रभारी रंजीत श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्त, इम्तियाज आलम, महेंद्र तिवारी, आशीष अग्रवाल, फौजिया परवीन, आदिल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मुरादाबाद में मंडलीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल निर्माण का रास्ता साफ, ईएसआईसी को जमीन ट्रांसफर

तरुणमित्र



▪ शासन के निर्देश पर संबंधित जमीन को ईएसआईसी के लिए हस्तांतरित कर दी : एडीएम प्रशासन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिला प्रशासन ने सौ बेड के मंडलीय सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल निर्माण कराने के लिए वेब सिनेमा के पीछे की जमीन ईएसआईसी को ट्रांसफर कर दी है। अब सीपीडब्ल्यूडी निर्माण कार्य कराने के लिए टेंडर जारी करेगा। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्राम हरथला की 2.25 हेक्टेयर जमीन पर ईएसआईसी अस्पताल निर्माण के लिए स्वीकृति दी थी। शासन से पत्र आने के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। अपर जिलाधिकारी संगीता गौतम ने रविवार को बताया कि शासन के निर्देश पर संबंधित जमीन को ईएसआईसी के लिए हस्तांतरित कर दी है। अस्पताल के निर्माण पर 150 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। ईएसआईसी के क्षेत्रीय निदेशक केसी झा के अनुसार जिला प्रशासन ने ग्राम हरथला रामगंगा विहार वेब सिनेमा के पीछे स्थित 2.25 हेक्टेयर जमीन को राज्य कर्मचारी बीमा निगम के पक्ष में स्थानांतरण कर दिया है।





## संक्षिप्त समाचार

### कक्षा में छात्र को बंद छोड़ने के मामले में प्रधानाध्यापिका व सहायक अध्यापिका निलंबित

**तरुणमित्र जौनपुर,जफराबाद।** विकास खंड सिरकोनी के प्राथमिक विद्यालय बनपुरवा, परियांव में कक्षा-2 के छात्र के कक्षा में बंद रह जाने के मामले जीमें बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) समीर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रधानाध्यापिका श्रीमती कृष्णा कुमारी तथा सहायक अध्यापिका महिमा सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मुंगराबादशाहपुर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। बीईओ सिरकोनी की आख्या के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को सोशल मीडिया और स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिली कि विद्यालय में कक्षा-2 का छात्र विपिन निषाद कक्षा के अंदर बंद रह गया है। सूचना पर अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से पूछताछ की। जांच में प्रथम दृष्टया यह तथ्य सही पाया गया कि छात्र कक्षा के अंदर बंद रह गया था। घटना के बाद छात्र के परिजनों ने विद्यालय के शिक्षकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीर मानते हुए बीएसए ने दोनों शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया। निलंबन आदेश के अनुसार, प्रधानाध्यापिका श्रीमती कृष्णा कुमारी को निलंबन अवधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय परियांव (सिरकोनी) से संबद्ध किया गया है, जबकि सहायक अध्यापिका महिमा सिंह को प्राथमिक विद्यालय कुड़वा से संबद्ध किया गया है। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी, मुंगराबादशाहपुर को मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

## जेसीबी के फावड़े की चपेट में आने से युवक की मौत

**पांच माह की मासूम के सिर से उठा पिता का साया**



**तरुणमित्र सरायख्वाजा।** थाना क्षेत्र के पोटारिया गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में जेसीबी मशीन के पीछे लगे फावड़े (बकेट) की चपेट में आने से 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकरौरा निवासी मोहम्मद आसिफ (23) पुत्र स्वर्गीय तुफैल बचपन से ही अपने ननिहाल में मामा रफीक के घर रहकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार सुबह वह किसी कार्य से गाभिरन किसी काम के सिलसिले में गया था लौटते समय टिकरी मोड़ के पास सड़क पर कार्य कर वापस लौट रही जेसीबी मशीन के पीछे लगे फावड़े की चपेट में आ गए हादसे में फावड़ा उनके सिर और सीने में लग गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मां याशमीन और पत्नी सिम्पा का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक तीन भाइयों और चार बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसके परिवार में पांच माह की एक मासूम बेटी भी है, जिसके सिर से पिता का साया उठ गया। थाना अध्यक्ष अमलेंद्र पांडेय ने बताया कि जेसीबी मशीन व और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नीट-यूजी में दो बेटियों ने बढ़ाया जनपद का मान

- मानीकलां की अज़कह को 5582वी और गुरैनी की लवीज़ा को 30544वीं ऑल इंडिया रैंक





**तरुणमित्र खेतासराय।** नीट-यूजी 2026 के परिणाम में खेतासरा क्षेत्र की दो बेटियों ने शानदार सफलता हासिल कर परिवार के साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानीकलां गांव की अज़कह इकबाल खान और गुरैनी गांव की शेख लवीज़ा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दोनों की सफलता से गांवों में जश्न का माहौल है और लोग उन्हें बधाई देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं। मानीकलां गांव की अज़कह इकबाल खान नेनीट-यूजी में 720 में से 617 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 5582 हासिल की है। वह मोहम्मद इकबाल खान और शबनम खातून की पुत्री हैं। अज़कह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित पढ़ाई को दिया। उन्होंने बताया कि उनका सपना एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना है। परिणाम आने के बाद परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई, जबकि ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने घर पहुंचकर बधाई दी। वहीं, गुरैनी गांव की शेख लवीज़ा ने दूसरे प्रयास में नीट-यूजी परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने घर पर रहकर ऑनलाइन तैयारी करते हुए 720 में से 559 अंक अर्जित किए और ऑल इंडिया रैंक 30,544 प्राप्त की। उनके पिता मोहम्मद साकिब सऊदी अरब में कार्यरत हैं। इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, भिवंडी से करने वाली लवीज़ा ने सीमित संसाधनों के बीच लगातार मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और निरंतर अभ्यास को देते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और ईमानदारी से किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता।

### सीढ़ियों से गिरकर मासूम बच्ची की मौत , पालतू कुत्ते ने भी अंतिम विदाई दी

**तरुणमित्र बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के थाना शेरकोट नगर के मोहल्ला रायजादा में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची की सीढ़ियों से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मोहल्ला रायजादा निवासी रिहान की डेढ़ वर्षीय पुत्री घर की छत पर अपने दादा के साथ खेल रही थी। इसी दौरान खेलते समय वह अचानक असंतुलित होकर सीढ़ियों से नीचे गिर गई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को परिजन तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया | बच्ची के अंतिम संस्कार के दौरान एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब परिवार का पालतू कुत्ता भी जनाजे के पीछे-पीछे कब्रिस्तान तक पहुंचा और अंतिम रस्मों के दौरान वहीं बैठा रहा। बताया गया है कि कुत्ते को बच्ची अपने पापा के साथ बिस्कुट खिलाती थी, आज शमशान में कुत्ते को बिस्कुट खाने को दिया गया पर कुत्ते ने कुछ नही खाया बल्कि दाफिना के बाद सभी के साथ वापस लौटा | लोगों ने इसे बेजुबान जानवर की वफादारी और लगाव का प्रतीक बताया।

# पहली बारिश में खुली विकास की पोल: डमरुआ गांव में जलभराव से उठे गुणवत्ता और जवाबदेही पर सवाल

## ‘विकास’ पानी में डूबा! डमरुआ गांव में जलभराव के बाद तकनीकी जांच की उठी मांग

तरुणमित्र





**जौनपुर।** जनपद के ग्राम सभा डमरुआ में बारिश के बाद उत्पन्न जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। गांव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सड़कों और नालियों में पानी भरा दिखाई दे रहा है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते पांच वर्षों में कराए गए विकास कार्य अपेक्षित स्तर के नहीं रहे। उनका कहना है कि प्रत्येक बार समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन धरातल पर स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। बारिश शुरू होते ही गांव की सड़कें जलमग्न हो गईं और जल निकासी व्यवस्था की खामियां उजागर हो गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नालियों और सड़कों का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया गया होता, तो बारिश के दौरान इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा सरकारी धन के उपयोग पर भी सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम डमरुआ में कराए गए विकास कार्यों की तकनीकी एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। उनका कहना है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या भ्रष्टाचार सामने आता है, तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। फिलहाल इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि जांच होती है तो उसके निष्कर्षों के आधार पर आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए गांव की जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं में शीघ्र सुधार कराया जाएगा।

## बैडमिंटन कोर्ट की मांग लेकर विधायक से मिला 11 वर्षीय बालक, सौंपा ज्ञापन

तरुणमित्र



**जौनपुर, शाहगंज ।** शाहगंज विधानसभा क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर 11 वर्षीय बालक राघव पालीवाल ने रविवार को क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह से मुलाकात कर बैडमिंटन के लिए इंडोर स्टेडियम स्थापित कराने की मांग की। राघव ने विधायक के बस्ती बंदगान स्थित आवास पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सेंट थॉमस रोड, शाहगंज निवासी एवं पशुचिकित्साधिकारी डॉ. आलोक सिंह पालीवाल के पुत्र राघव ने ज्ञापन में कहा कि शाहगंज क्षेत्र में बच्चों और युवाओं के लिए बैडमिंटन खेलने की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं है। यदि इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया जाए तो स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद विधायक रमेश सिंह ने राघव की जागरूकता और खेलों के प्रति उसके उत्साह की सराहना की। उन्होंने तत्काल नायब तहसीलदार पियूष सिंह एवं हल्का लेखपाल सौरभ से मोबाइल पर वार्ता कर उपयुक्त भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शाहगंज में बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम का निर्माण उनकी प्राथमिक योजनाओं में शामिल है और इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर पंकज सिंह सहित अन्य उपस्थित लोगों ने भी राघव की पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के खेल विकास के लिए प्रेरणादायी कदम बताया।

## खबर का असर: पूर्वांचल लाइव अखबार की खबर के बाद कुसम्ही गांव में क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत शुरू

तरुणमित्र



**डोभी ।** क्षेत्र के कुसम्ही गांव में जलजमाव एवं क्षतिग्रस्त खड़ंजा मार्ग की समस्या को लेकर दैनिक भास्कर में दो दिन पूर्व प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था। खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और क्षतिग्रस्त खड़ंजा मार्ग को गड्ढामुक्त करने का कार्य तेजी से शुरू करा दिया गया। वर्तमान में सड़क की मरम्मत का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। बरसात के मौसम में जलजमाव और गड्ढों के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मरम्मत कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी है और उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही सड़क पूरी तरह दुरुस्त हो जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की सक्रियता बढ़ी है। सड़क की मरम्मत पूरी होने से बरसात के दौरान लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। ग्रामीणों ने समाचार के माध्यम से उनकी समस्या को प्रमुखता से उठाने पर पूर्वांचल लाइव अखबार के संवाददाता आनंद कुमार का आभार भी व्यक्त किया।

## भगवान जगन्नाथ को अर्पित किया गया कढी भात का भोग

तरुणमित्र

- सुबह से देर शाम तक मंदिर में लगा दर्शन पूजन के लिए तांता
- प्रसाद वितरण के साथ हुआ चार दिवसीय रथोत्सव का समापन





**जौनपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के समापन पर रविवार को सुबह प्रभु जगन्नाथ, बड़े भ्राता बलभद्र व बहन देवी सुभद्रा का षोडषोपचार पूजन आचार्य डा.रजनीकांत द्विवेदी ने सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान हरदेव सिंह, नीलम सिंह, रोहन सिंह, तुषित गुप्ता रहे। आरती पूजन के बाद प्रभु को कढ़ी भात, मौसमी सब्जी, मालपुआ तथा शाही खीर का भोग लगाया गया। भक्तों ने भगवान के विग्रह की आरती उतारी। तत्पश्चात विशाल कढ़ी-भात भंडारे का शुभारम्भ मुख्य अर्चक पंडित दिनेश चंद्र द्विवेदी जी द्वारा किया गया। रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, महामंत्री शिवशंकर साहू, राजेश गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, सभासद नंदलाल यादव,महेश जायसवाल, संतोष गुप्ता राशन, दयाशंकर निगम,राजेश जवा, सभासद बसंत प्रजापति,आशीष यादव, मनोज मिश्रा, राजन, शैलेंद्र मिश्रा, स्वयं यादव, प्रशांत मौर्या,संतोष साहू, जगदीश सेठ, सीए संजय गुप्ता, आशुतोष मिश्र,पूर्व अध्यक्ष अनिल अस्थाना, सरिता मिंगलानी,नीलिमा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, युवराज मिश्रा,शुधांशु मिश्रा,केतन,गणेश अस्थाना समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं को कढ़ी भात भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया। इसी के साथ चार दिवसीय रथयात्रा महोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर मंत्री गिरीश चंद्र यादव, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह, श्याम मोहन अग्रवाल, डा.एमएम वर्मा, देव दीपावली समिति के पूर्व अध्यक्ष निशाकांत द्विवेदी, आशीष गुप्त आशु, रवीन्द्र अग्रहरि, प्रदीप सिंह रिंकू, अतुल सिंह, गणेश साहू, मोहन गाढ़ा , डॉ.क्षितिज शर्मा,डॉ.वी एस उपाध्याय,श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल, मोती लाल यादव, संतोष सिंह वत्स, डॉ. ब्रह्मेश शुक्ला, संतोष त्रिपाठी, ज़िला व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, जय कृष्ण साहू, दिलीप सिंह, प्रदीप सिंह, विष्णु सहाय, विपिन अग्रवाल, डॉ.विकास रस्तोगी अन्य उपस्थित रहे। जगन्नाथ मंदिर के ट्रस्टी CA संजय गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## काजू थाईलैंड में कंसीव हुआ था, इसीलिए वहां के बच्चों जैसा दिखता है: भारती सिंह



**मुंबई।** हाल ही में मशहूर कॉमेडियन भारती सिंह ने अपने बेटे यशवीर (काजू ) को लेकर एक मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में मजाकिया अंदाज में बताया कि उनका बेटा काजू थाईलैंड में कंसीव हुआ था, इसीलिए वह थोड़ा बैंकॉक के बच्चे जैसा दिखता है। इतना सुनते ही आसपास मौजूद सभी लोगों की हंसी छूट गई। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि भारती सिंह और उनके पति, राइटर हर्ष लिम्बाचिया अब दो प्यारे बच्चों के माता-पिता हैं। वे पहले से ही अपने बड़े बेटे गोला उर्फ लक्ष्य के माता-पिता हैं, जिसका जन्म अप्रैल 2022 में हुआ था। पिछले साल दिसंबर में, यह प्यारा कपल दूसरी बार माता-पिता बना, जब उनके छोटे बेटे यशवीर का जन्म हुआ। भारती अक्सर अपने बच्चों और पति हर्ष के साथ वीडियो और व्लॉग साझा करती रहती हैं, जो उनके प्रशंसकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। उनके वीडियो में परिवार की मस्ती, प्यार और भारती का अनोखा सेंस ऑफ ह्यूमर साफ झलकता है। कुछ दिन पहले, भारती और हर्ष ने अपने 7 महीने के बच्चे काजू की अन्नप्राशन सेरेमनी मनाई, जो भारतीय परंपरा में बच्चे को पहली बार ठोस आहार (सॉलिड फ़ूड) खिलाने का एक शुभ अवसर होता है। अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में, भारती और हर्ष बच्चे काजू को अपनी गोद में लिए हुए दिखे, जबकि परिवार के सदस्य और मेहमान उसे खीर खिलाकर आशीर्वाद दे रहे थे। यह पल परिवार के लिए बेहद खास था और फैंस ने भी काजू को पहली बार खाना खाते देख खूब प्यार लुटाया। इस साल 3 जुलाई को, भारती सिंह ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ गोवा की एक यादगार ट्रेन यात्रा के साथ अपने जन्मदिन का जश्न मनाया था। भारती सिंह ने इस पूरी ट्रेन जर्नी का एक विस्तृत वीडियो (व्लॉग) शेयर किया था, जिसमें रेलवे स्टेशन से लेकर ट्रेन में चढ़ने तक की पूरी यात्रा को दिखाया गया था।

## बाबा नीम करौली जी की दिव्य कृपा से विगत कई बर्षो से निःशुल्क भोजन वितरण करा रही: बृज की रसोई

तरुणमित्र

- इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) की अपील- जनसहयोग से और अधिक जरूरतमंदों तक पहुँचेगी सेवा की यह मुहिम: जालिम सिंह
- सेवा ही धर्म का संदेश, बृज की रसोई का निःस्वार्थ भोजन वितरण अभियान संपन्न: सी. एच. तिवारी
- हर रविवार मानवता की मिसाल बन रही है बृज की रसोई: बलवंत सिंह






**लखनऊ।** प्रेरणास्त्रोत बाबा नीम करौली जी की कृपा से इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) के सेवा प्रकल्प बृज की रसोई के अंतर्गत रविवार को आशियाना क्षेत्र के चिन्हित स्थानों पर लगभग 2 हजार से अधिक जरूरतमंद, निराश्रित, असहाय एवं श्रमिक परिवारों के लिए निःशुल्क भोजन वितरण सेवा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संजय श्रीवास्तव ने कहा संस्था के स्वयंसेवकों ने पूरे अनुशासन, आत्मीयता और सेवा-भाव के साथ सभी जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन वितरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा ही धर्म है, भोजन ही सबसे बड़ा दान है का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया। संस्था के संस्थापक श्री विपिन शर्मा ने बताया कि बृज की रसोई केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करने का एक सतत जनसेवा अभियान है, जो पिछले कई वर्षों से प्रत्येक रविवार निरंतर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सेवा की सबसे बड़ी शक्ति समाज का सहयोग है। विकास पाण्डेय ने सभी आमजनमानस, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संस्थानों, युवाओं एवं सेवाभावी लोगों की सहभागिता से अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाई जा सकती है। दीपक भुटियानी ने सभी सम्मानित नागरिकों से आग्रह किया कि इस जनहितकारी अभियान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ तथा अपने सहयोग, मार्गदर्शन और सहभागिता से इस सेवा को और व्यापक बनाने में योगदान दें। आशीष श्रीवास्तव ने इस सेवा कार्य में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं, स्वयंसेवकों, समाजसेवियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जनसहयोग से इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने का विश्वास व्यक्त किया। अनुराग दुबे ने बताया इस अवसर पर सी.एच. तिवारी, जालिम सिंह, संजय श्रीवास्तव, बलवंत सिंह, दीपक भुटियानी, नवलेश सिंह,आशीष श्रीवास्तव, विकास पाण्डेय, उमाशंकर, अखिलेश सिंह, मुकेश कनौजिया, गोविन्द सिंह सहित अनेक स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## बॉलीवुड की गॉसिप से हमेशा अपडेट रहते हैं निक जोनास



**मुंबई।** हाल ही में ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनास ने अपनी शादीशुदा जिंदगी से जुड़ा एक ऐसा राज खोला, जिसे सुनकर प्रियंका भी अपनी हंसी नहीं रोक पाईं। सिंगर-एक्टर निक ने बॉलीवुड से जुड़े अपने एक खास शौक का भी खुलासा किया, जबकि प्रियंका ने उनकी इस आदत को लेकर ऐसी बात कह दी, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया। निक जोनास ने बताया है कि ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा से शादी के बाद उन्हें जो चीज सबसे ज्यादा पसंद है, वह है बॉलीवुड की चटपटी गॉसिप से हमेशा अपडेट रहना। जोनास ब्रदर्स की नई पॉडकास्ट सीरीज ‘हे जोनास!’ के एक एपिसोड में, जिसमें निक, प्रियंका चोपड़ा, केविन जोनास और जो जोनास सभी शामिल थे, निक ने मजाक में कहा कि उनकी लगभग आठ साल की शादी का सबसे बड़ा फायदा यह रहा है कि उन्हें बॉलीवुड की ताजा खबरों और गॉसिप के बारे में पता चलता रहता है। उन्होंने बड़े ही मजाकिया अंदाज में कहा, “इन आठ सालों में मुझे जो चीज सबसे ज्यादा पसंद आई, वह है बॉलीवुड की गॉसिप जो मुझे सुनने को मिली।” निक की इस बात पर प्रियंका ने अपने पति की टांग खींचते हुए कहा, “हमारी पूरी शादी में तुम्हें यही सबसे ज्यादा पसंद आया? उनका पूरा फीड गॉसिप से भरा रहता है।” उन्होंने आगे यह भी बताया कि निक को अक्सर बॉलीवुड में होने वाले ब्रेकअप्स के बारे में उनसे पहले ही खबर हो जाती है। प्रियंका ने इस बात को मजाकिया अंदाज में साझा करते हुए कहा, “मुझे पता नहीं चलता कि किसका किसके साथ ब्रेकअप हो गया है और तुम ही मुझे बताते हो। अक्सर ऐसा तब होता है जब मैं किसी को टेक्स्ट कर रही होती हूं और कहती हूं, ‘अरे, फलां-फलां को मेरा प्यार देना।’ और वह कहते हैं, ‘नहीं, उनका ब्रेकअप हो गया है।





# बाजारों में किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा अतिक्रमण’

## उत्तरी जिला पुलिस समन्वय समिति की बैठक में सांसद खंडेलवाल ने अधिकारियों को दिए निर्देश

तरुणमित्र, ब्यूरो

**नई दिल्ली**। कॉन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने उत्तरी जिला पुलिस समन्वय समिति की बैठक में कहा चांदनी चौक समेत अन्य बाजारों में किसी भी कीमत पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। बाजार, सड़क, फुटपाथ एवं सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने वालों को हटाने के लिए पुलिस, एमसीडी और अन्य संबंधित एजेंसियों द्वारा व्यापक संयुक्त अभियान चलाया जाएगा। चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने “समृद्ध बाजार” को बताया कि उत्तरी जिला पुलिस समन्वय समिति की अहम बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि किसी भी सूरत में सड़कों पर अवैध पार्किंग, अनधिकृत ई-रिक्शा संचालन और यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।व्यापारिक संगठनों द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण विरोधी विशेष अभियान चलाए जाएंगे।



बैठक में सांसद प्रवीण खंडेलवाल, जिला मजिस्ट्रेट प्रेमदेव कुमार, सिविल जज कंचन, अतिरिक्त डीसीपी ईशा नेगी, अतिरिक्त डीसीपी यश दुल्हे, विधायक अशोक गोयल, सरस्वती महतो, ओमप्रकाश शर्मा, निगम पार्षद सुमन गुप्ता, एसीपी, एसएचओ तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख व्यापारी नेता अशोक चांदना, देवकरण बंसल, रमेश यादव, अशोक गर्ग, रविंद्र मित्तल, गंगा विष्णु गुप्ता, गोपाल गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान बाजारों की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, नियमित कूड़ा उठाव, सार्वजनिक शौचालयों के बेहतर रखरखाव, स्ट्रीट लाइटों की कार्यक्षमता, सीसीटीवी निगरानी के विस्तार और बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि चांदनी चौक, खारी बावली, सदर बाजार, नई सड़क, कश्मीरी गेट एवं अन्य प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में नियमित संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। व्यापारिक संगठनों से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी व्यापारिक संगठनों से अपील की कि वे अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बाजारों के निर्माण में प्रशासन के साथ मिलकर सहयोग करें।

# अण्णाभाऊ साठे को नमन और रक्तवीर जुटाने का महासंकल्प

- नवी मुंबई भाजपा की बड़ी संगठनात्मक बैठक में बनी रणनीति
- देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर नवी मुंबई में सजेगा रक्तदान और सेवा कार्यों का महामंच

तरुणमित्र/ब्यूरों



**नवी मुंबई**। भारतीय जनता पार्टी नवी मुंबई जिला की ओर से लोकशाहीर स्वर्गीय अण्णाभाऊ साठे की पुण्यतिथि के अवसर पर नेरुल के शिरवणे विद्यालय और जूनियर कॉलेज में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान उपस्थित गणमान्यों ने लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इस स्मृति सभा के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश पाटिल के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक भी संपन्न हुई, जिसमें आगामी सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा तय की गई. इस गरिमामयी अवसर पर भाजपा नवी मुंबई जिला प्रभारी शशिकांत कांबले, भाजपा नवी मुंबई जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश पाटिल, कोंकण संभाग के संवादक अभिजीत पेडणेकर और बेलापुर के BLA-1 निलेश म्हात्रे मुख्य रूप से उपस्थित रहे. इनके साथ ही मौजूदा व पूर्व कॉर्पोरेटर, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व समर्पित कार्यकर्ता भी इस बैठक का हिस्सा बने। बैठक में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. राजेश पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का जन्मदिन 22 जुलाई को है. उनके इस विशेष दिन को पूरे महाराष्ट्र में समाजोपयोगी और जनसेवा के कार्यों के रूप में मनाया जाएगा. इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी नवी मुंबई जिला की तरफ से पूरे नवी मुंबई शहर में बड़े पैमाने पर भव्य रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा. डॉ. पाटिल ने सभी नगरसेवकों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे अभी से रक्तदाताओं की सूची तैयार करने में जुट जाएं. इसके साथ ही मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए शहर भर में स्वास्थ्य शिविर और अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# बिजली के तार और अवैध होर्डिंग बने जानलेवा, दो युवकों की मौत

### जिम्मेदारों पर कार्रवाई की उठी मांग

तरुणमित्र, ब्यूरो



**अंबरनाथ/उल्हासनगर**। शहरों में अनियंत्रित होर्डिंग और बिजली के उच्च-दाब तारों के बीच बिना सुरक्षा के किए जा रहे विज्ञापन जानलेवा साबित हो रहे हैं। अंबरनाथ और उल्हासनगर में हुई दो दर्दनाक घटनाओं ने प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 18 जुलाई को कटाई–कर्जत महामार्ग पर डी-मार्ट के सामने एक होर्डिंग पर बिल्डर का विज्ञापन लगाते समय उत्तर प्रदेश निवासी इंद्रेश राजभर (24) की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। इंद्रेश वर्तमान में ठाणे के बालकुम क्षेत्र में रहकर रोजगार की तलाश में इस तरह का काम कर रहा था। पोस्टर लगाते समय वह पास से गुजर रहे उच्च-दाब बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे वह होर्डिंग से नीचे गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के साथी आनंद राजभर ने बताया कि इंद्रेश की सिर्फ दो महीने पहले ही शादी हुई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए वह महाराष्ट्र आया था, लेकिन एक हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। घटना के बाद उसके परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। इसी तरह 18 जून को उल्हासनगर के खेमानी परिसर स्थित रूहानी सत्संग हॉल के सामने बिजली के खंभे पर तत्कालीन महापौर भगवान भालेराव के जन्मदिन का बैनर लगाते समय रवि अशोक मोरे (31) भी बिजली के करंट की चपेट में आ गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में रवि की पत्नी आरती मोरे ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर अपने पति की मौत के लिए भगवान भालेराव को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। इधर, अंबरनाथ के शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालकर ने इस घटना के लिए नगर परिषद प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्याधिकारी से शहर में लगे बड़े और असुरक्षित होर्डिंग तत्काल हटाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो शिवसेना प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष घाटकोपर में विशाल होर्डिंग गिरने से कई लोगों की जान चली गई थी। उस दर्दनाक हादसे के बाद भी प्रशासन ने कोई ठोस सबक नहीं लिया। आज भी बिजली के तारों के पास होर्डिंग लगाने और बिना सुरक्षा मानकों के काम कराने से आए दिन लोगों की मौत हो रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि ऐसे अधिकांश मामलों में पुलिस आकस्मिक मृत्यु (एडीआर) दर्ज कर मामले को समाप्त कर देती है, जबकि यह सवाल अनुत्तरित रह जाता है कि बिना सुरक्षा इंतजामों के यह कार्य कराने वाले, अनुमति देने वाले और निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों व संबंधित एजेंसियों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। इन लगातार हो रही घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर निर्दोष लोगों की जान जाने के बाद भी प्रशासन और संबंधित विभाग कब जागेंगे।

# डान्स बार के खिलाफ मनसे का महासंग्राम टला, पुलिस के कड़े एक्शन के भरोसे 7 दिन का अल्टीमेटम

तरुणमित्र/ब्यूरो



**नवी मुंबई**। शहर में फल-फूल रहे अवैध डान्स बार और आर्केस्ट्रा बार के खिलाफ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा होने वाला आमरण अनशन फिलहाल टल गया है. मनसे के पनवेल महानगर अध्यक्ष योगेश चिले के नेतृत्व में कल से यह उग्र आंदोलन शुरू होने वाला था, लेकिन उससे ऐन पहले पुलिस प्रशासन और मनसे पदाधिकारियों के बीच हुई एक मैराथन बैठक में फिलहाल बीच का रास्ता निकाल लिया गया है. पुलिस से मिले ठोस आश्वासन के बाद मनसे ने अपने इस आंदोलन को अगले सात दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। बता दें कि इस महत्वपूर्ण बैठक में डीसीपी मैडम, एसीपी और क्षेत्र के सभी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों के साथ मनसे के जिला अध्यक्ष संदेश ठाकुर, महिला मोर्चा की स्वरूपा सुर्वे और योगेश चिले मौजूद रहे. पुलिस अधिकारियों ने विधानमंडल में डान्स बार के खिलाफ पारित हुए नए सख्त कानून का हवाला देते हुए बताया कि आने वाले समय में इसके तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिससे शहर में डान्स बार चलाना नामुमकिन हो जाएगा. पुलिस ने पिछले एक महीने में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी मनसे पदाधिकारियों के सामने रखी. पुलिस के इस सकारात्मक रुख और भविष्य में होने वाली संयुक्त कार्रवाई के भरोसे पर मनसे ने फिलहाल अपना रुख नरम किया है. हालांकि, योगेश चिले ने साफ चेतावनी दी है कि यह राहत सिर्फ सात दिनों के लिए है. अगर पुलिस प्रशासन ने इस समय सीमा के भीतर अपने वादे के मुताबिक डान्स बार पर नकेल नहीं कसी, तो मनसे इससे भी बड़ा और अधिक आक्रामक आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी।

# संघ समाज में अच्छे चरित्रवान व्यक्तियों का निर्माण करता है : सुहास हिरेमठ

तरुणमित्र / अनिल वर्मा




भिवंडीः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समाज में अच्छे चरित्रवान व्यक्तियों का निर्माण निस्वार्थ भावना से करता है। यह बात आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुहास हिरेमठ ने कही। वे रविवार (19 जुलाई) को आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भिवंडी में आयोजित प्रमुख जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंच पर शहर जिला संघचालक नरेश मारू और अजय मुडपे उपस्थित थे। कार्यक्रम में शहर के बुद्धिजीवी, शिक्षक, प्राध्यापक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर, वकील, बिल्डर, पत्रकार तथा समाजसेवक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सुहास हिरेमठ ने कहा कि आरएसएस समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि कुछ शक्तियां समाज को तोड़ने का प्रयास कर रही हैं, जबकि संघ परिवार समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज में चरित्र निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में बचपन से ही अच्छे संस्कार विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल हिंदू ही नहीं, बल्कि ईसाई और मुस्लिम धर्म के विद्यार्थियों को भी अच्छे चरित्र और संस्कारों की शिक्षा दी जानी चाहिए। इसके लिए बचपन से ही रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों का परिचय कराया जाना चाहिए। वहीं, आरएसएस के पंच परिवर्तन कार्यक्रम पर मार्गदर्शन करते हुए अजय मुडपे ने कहा कि परिवार संस्था को बचाना और उसका संवर्धन करना समय की आवश्यकता है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो वर्तमान सामाजिक समस्याएं आने वाले 25 से 50 वर्षों तक बनी रह सकती हैं। उन्होंने कहा कि भौतिक सुख-सुविधाओं की चाह में लोग देर से विवाह कर रहे हैं और संतानोत्पत्ति भी टाल रहे हैं, जिससे हिंदू समाज की जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। इसके लिए उन्होंने शिक्षित समाज को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही देश की पहचान है और वही देश को प्रगति के मार्ग पर आगे ले जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति में सामाजिक दायित्व की भावना जागृत करना आवश्यक है।कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तर का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने संघ, उसकी कार्यपद्धति और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जुड़े प्रश्न पूछे। इनका उत्तर सुहास हिरेमठ ने विस्तार से दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत जिला संघचालक नरेश मारू ने किया। समापन एड. चेतना नाईक द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम् से हुआ, जबकि कार्यक्रम का संचालन चंदनसिंह राजपुरोहित ने किया।

# नवी मुंबई में लग्जरी आयोजनों का नया ठिकाना

### शिकारा बैंक्वेट एंड बॉलरूम का भव्य आगाज

तरुणमित्र/ब्यूरों

**नवी मुंबई**। नवी मुंबई के सानपाड़ा-तुर्भे मुंबई-पुणे हाईवे के पास आलीशान समारोहों के एक नए युग की शुरुआत हो चुकी है. बेहतरीन आतिथ्य के लिए मशहूर शिकारा ग्रुप ने अपने अत्याधुनिक शिकारा बैंक्वेट एंड बॉलरूम का बेहद शानदार उद्घाटन किया. इस खास मौके पर शिकारा ग्रुप के संस्थापक अशोक मेहरा, निदेशक विशाल मेहरा और मेहरा परिवार ने मेहमानों का स्वागत किया. समारोह की चमक बढ़ाने के लिए अभिनेत्री प्रेरीना भट्ट सहित उद्योग जगत की कई बड़ी हस्तियां और सेलिब्रिटी शामिल हुए. यह नया वेन्यू करीब 1,500 मेहमानों की क्षमता के साथ तैयार किया गया है, जहां छोटे पारिवारिक फंक्शंस से लेकर भव्य शादियां और बड़े कॉर्पोरेट इवेंट्स बेहद रॉयल अंदाज में होस्ट किए जा सकेंगे. उद्घाटन के दौरान आए मेहमानों ने इसके आलीशान इंटीरियर, मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर और लजीज व्यंजनों की जमकर तारीफ की. लाइव डीजे और ग्रैंड डिनर के साथ यह शाम बेहद यादगार रही. अपने विश्वस्तरीय आतिथ्य और लग्जरी सुविधाओं के दम पर यह बॉलरूम अब नवी मुंबई में प्रीमियम आयोजनों की पहली पसंद बनने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# सुरीली शाम में गूंजा सुरों का जादू, सोमा घोष की मनमोहक प्रस्तुति ने जीता दिल

तरुणमित्र, अभिषेक पोद्दार




**मुंबई**। संगीत और संस्कृति से सराबोर एक भव्य सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध गायिका सोमा घोष ने अपनी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उनकी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।इस अवसर पर महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने सोमा घोष की गायिकी की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा, “सोमा घोष की आवाज़ सचमुच अद्भुत और मन को छू लेने वाली है। उनकी गायिकी में भारतीय संगीत की आत्मा बसती है, जो हर श्रोता को भावविभोर कर देती है।”

सोमा घोष ने अपनी शानदार प्रस्तुति से शास्त्रीय और सुगम संगीत का ऐसा संगम प्रस्तुत किया, जिसने संगीत प्रेमियों को भावविभोर कर दिया। उनकी सधी हुई आवाज़, सुरों पर बेहतरीन पकड़ और भावपूर्ण गायन ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी, गणमान्य अतिथि और सांस्कृतिक जगत की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। सभी ने सोमा घोष की प्रस्तुति की भरपूर सराहना करते हुए इसे एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक संध्या बताया।

# गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य सेवा का अनूठा संगमः भिवंडी की श्री गोपाल गौशाला में 200 पौधे लगाने का संकल्प, 100 से अधिक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

तरुणमित्र, अभिषेक पोद्दार





**ठाणे**, श्याम सोशल फाउंडेशन (रजि.), ठाणे के तत्वावधान में गौ सेवा समिति, ठाणे द्वारा रविवार को भिवंडी स्थित श्री गोपाल गौशाला, अन्नगांव में गौ सेवा, वृक्षारोपण एवं निःशुल्क मेडिकल कैंप का भव्य आयोजन किया गया। सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौ भक्तों और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, ! गौ सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश झाझुका और सचिव जीतेन्द्र खेतान ने बताया कि समिति प्रत्येक माह गौ सेवा का आयोजन करती है। इस बार पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौशाला परिसर में 200 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसके तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान गो सेवकों और गौशाला कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर विजय सेवक (लोढ़ा अमारा) एवं उनकी टीम के सहयोग से निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। शिविर में 100 से अधिक गौ भक्तों और गौशाला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया। आध्यात्मिक वातावरण में किशन कुमार एवं उनकी टीम द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ और भजन-कीर्तन किया। गौ भक्तों ने गौ माता को लापसी, हरा चारा, फल एवं सब्जियां खिलाकर गौ सेवा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में श्री गोपाल गौशाला अन्नगांव के अध्यक्ष उमाशंकर रुंगटा, सचिव दिलीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, संयोजक त्रिलोक चंद जैन, श्री एकल हरि वनवासी विकास ट्रस्ट थाना समिति के अध्यक्ष महेश मित्तल, सहसचिव अभिषेक पोद्दार, श्याम परिवार के अध्यक्ष होशियार शर्मा, सचिव संजय अग्रवाल, अग्रकुल समिति के संजीव अडूकिया, अग्रवाल ट्रस्ट के कैलाश गोयल, विश्वनाथ बगड़िया, फ्रेंड्स फाउंडेशन के महादेव कन्ना तथा गौ सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप गोयनका, सुशील डालमिया, पंकज जैन, फूलचंद पंसारी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में समिति के सदस्यों जीतेन्द्र खेतान, संजय पंसारी, कैलाश जोशी, नन्दलाल जांगिड़, किशन कुमार, अमित अग्रवाल तथा विजय वितकरें, शेर बहादुर सिंह, कपिल शर्मा सहित अनेक गौ भक्तों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन अवसर पर श्याम सोशल फाउंडेशन एवं गौशाला समिति के कोषाध्यक्ष सीए अमित अग्रवाल ने डॉक्टर विजय सेवक एवं उनकी टीम सहित सभी सहयोगियों और गौ भक्तों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आगामी 10 अक्टूबर 2026 को पितृ पक्ष अमावस्या के अवसर पर श्री गोपाल गौशाला, अन्नगांव में एक भव्य गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों से गौ सेवा एवं प्रकृति संरक्षण के इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।



**बोईसर (पालघर)**। जिले में वोटर वेरिफिकेशन (मैपिंग) को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कैंपेन बड़ी तेजी से चलाया जा रहा है। कैंपेन के दौरान बीएलओ को सरकार के निर्देशों के मुताबिक मतदाताओं की जानकारी एवं आवश्यक कागजातों की पड़ताल शुरू है। रविवार,१९ जुलाई को औद्योगिक शहर बोईसर पूर्व वंजारवाडा में आयोजित कैंपेन के दौरान मतदाताओं के सहयोग में भाजपा की युवा नेत्री एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्या सालोनी अ.वडे और बोईसर मंडल के महासचिव मनीष सिंह वोटरों के आवेदन और अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पुरा कराने में बीएलओ के साथ डटे दिखें। भाजपाइयों की ओर से इस कैंपेन को लेकर बड़ा उत्साह देखा जा रहा है। **कैमरा क्रेडिट** : तरुणमित्र ब्यूरों


स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित।
RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबाः 09415287970, 7400223777, 9892789606,
ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।





# हिंदुत्व विरोधी, मोदी विरोधी और 'माफीनामे' के भंवर में फंसा हुआ, मात्र आराजक कुनबा बन गया विपक्ष - अरविन्द सिसोदिया

कर्मपालसिंह सवाली

**कोटा।** राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्यासी एवं वरिष्ठ बुद्धिजीवी अरविन्द सिसोदिया नें भारतीय विपक्ष के आराजकतावाद पर कटाक्ष करते हुये कहा है कि " लोकतंत्र में एक मजबूत और वैचारिक रूप से समृद्ध विपक्ष का होना अनिवार्य माना जाता है। सत्तापक्ष की कमियों को उजागर करना, जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरना और वैकल्पिक नीतियां पेश करना विपक्ष का प्राथमिक धर्म है। लेकिन, पिछले एक दशक और विशेषकर हालिया वर्षों के राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजर डालें, तो भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदला हुआ नजर आता है। आज देश का विपक्ष बुनियादी मुद्दों की राजनीति करने के बजाय चार धुरियों के इर्द-गिर्द सिमटता दिख रहा है, सनातन हिंदुत्व का अंधविरोध, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत शत्रुतापूर्ण बदजुबानी और गलत बयानों के लिए अदालतों में जाकर माफी मांगने का सिलसिला। ऐसा लगता है मानो विपक्ष जनसरोकारों से कटकर केवल एक विशिष्ट नकारात्मक आराजक एजेंडे और 'माफी मांगो समूह बनकर रह गया है।

### वैचारिक भटकाव और हिंदुत्व का विरोध

सिसोदिया नें कहा कि " विपक्ष की सबसे बड़ी वैचारिक कमजोरी यह साबित हो रही है कि वह 'सत्तारूढ़ दल के विरोध' और 'बहुसंख्यक समाज की आस्था के विरोध' के बीच का अंतर भूल चुका है। उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना जानलेवा बीमारियों से करना, ए. राजा द्वारा 'जय श्री राम' के उद्घोष को चुनौती देना, और समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा रामचरितमानस जैसी पूजनीय कृतियों पर कीचड़ उछालना, यह महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। चुनावी लाभ और एक खास वोट बैंक को साधने की इस होड़ ने बहुसंख्यक समाज के मन में यह संदेश गहरा कर दिया है कि विपक्ष को हिंदू आस्था और संस्कृति से परहेज है। राजनीति में नीतियों का विरोध स्वीकार्य है, लेकिन किसी सभ्यता और



संस्कृति के समूल नाश की पैरवी करना आत्मघाती साबित हो रहा है।"

### मोदी विरोध में व्यक्तिगत शत्रुता तक

सिसोदिया नें कहा कि "विपक्ष का दूसरा सबसे बड़ा संकट प्रखर राष्ट्रवादी नरेंद्र मोदी के प्रति बदजुवानी पूर्ण शत्रुता है। विपक्ष के नेताओं का विरोध व्यक्तिगत नफरत में बदल गया है, इसीलिए भारत की जनता उनसे दूरी बना रही है। राफेल सौदे को लेकर 'चौकीदार चोर है' के अनर्गल नारे से लेकर प्रधानमंत्री के संदर्भ में "बोटी-बोटी काटने" जैसे हिंसक बयानों ने विपक्ष की भाषा की गरिमा को तार-तार किया है। नीतिगत कमियां ढूंढने के बजाय विपक्ष हर उस अंतरराष्ट्रीय मंच या घरेलू मोर्चे पर सरकार को कोसने लगता है, जहां देश गौरव महसूस कर रहा होता है। नतीजा यह होता है कि जनता इस विरोध को सरकार का विरोध न मानकर देश के मान सम्मान और विकास का विरोध मानने लगी है।"

### माफी मांगो समूह, कानूनी घुटने टेक

सिसोदिया नें कहा कि " विपक्ष की राजनीति का सबसे दिलचस्प और कमजोर पहलू है 'बयान दो और बाद में माफी मांगो' की संस्कृति। देश के शीर्ष विपक्षी नेता सुर्खियों में रहने के लिए बड़े-बड़े मंचों से गंभीर और आधारहीन आरोप लगाते हैं, लेकिन जैसे ही कानून का शिकंजा कसता है, वे अदालतों में जाकर लिखित में बिना शर्त माफी मांग लेते हैं। अरविंद केजरीवाल द्वारा अरुण जेटली, नितिन गडकरी और अन्य नेताओं से कोर्ट में लिखित माफी मांगना, या फिर राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को गलत तरीके से पेश करने पर राहुल गांधी द्वारा हलफनामा देकर क्षमा याचना करना,यह दर्शाता है कि विपक्ष के आरोपों में कोई तथ्यात्मक दम नहीं होता। जब आप बिना सबूत के किसी की साख पर हमला करते हैं और बाद में कानूनी डर से माफी मांगते हैं, तो जनता की नजरों में आपकी राजनीतिक विश्वसनीयता शून्य हो जाती है।"

### विपक्ष स्वयं को ही खलनायक सिद्ध करने में जुटा

सिसोदिया नें कहा कि " इस चार कोणीय जाल अर्थात हिंदुत्व विरोध, मोदी विरोध, माफीनामा और आराजकता में फंसे होने के कारण विपक्ष आज जनता के सामने एक मजबूत 'वैकल्पिक विजन' रखने में पूरी तरह नाकाम रहा है। जब तक विपक्ष अपनी इस नकारात्मक छवि से बाहर नहीं निकलेगा, तब तक वह जनता का विश्वास हासिल नहीं कर पाएगा। किन्तु तुष्टिकरण की प्रतियोगिता में विपक्ष नें अपने आपको स्वयं ही खलनायक सिद्ध कर लिया है। उसकी यह छवि उसे भावी राजनीती से भी बाहर कर रही है।" वरिष्ठ बुद्धिजीवी सिसोदिया नें कहा कि " भारतीय मतदाताओं के लिए देश और देशहित सबसे महत्वपूर्ण है। उन्हें केवल सत्ता का विरोध करने वाला नहीं, बल्कि देश को आगे ले जाने वाला एक जिम्मेदार और सकारात्मक नेतृत्व चाहिए। जो फिलहाल पूरे देश को प्रधानमंत्री मोदीजी में ही नजर आता है।"

# छह माह बाद भी आमेट उप जिला चिकित्सालय में नहीं सुधरी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं, जनता में बढ़ता आक्रोश

### पूर्व मे हुई भूख हड़ताल, आश्वासन और बैठकों के बावजूद ब्लड स्टोरेज सेंटर व नई एम्बुलेंस का इंतजार में आमेट की जनता

चीफ ब्यूरो किशन पालीवाल

**राजसमंद/ आमेट**=राजसमंद जिले के आमेट कस्बे स्थित मे राजकीय उप जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली को लेकर क्षेत्रवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। करीब छह माह पहले 26 जनवरी 2026 को अस्पताल में ब्लड स्टोरेज सेंटर, आधुनिक एम्बुलेंस और अन्य मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर नगर के दो युवकों ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी। आंदोलन को क्षेत्र की जनता का व्यापक समर्थन मिला और विभिन्न सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर पहुंचकर समर्थन जताया था।उस दौरान जिला चिकित्सा प्रशासन और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने आंदोलनकारियों को शीघ्र मांगें पूरी कराने का भरोसा दिलाया।स्थानीय् चिकित्सा अधिकारियों ने भी आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद भूख हड़ताल समाप्त कर दी गई। लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी अस्पताल में न तो ब्लड स्टोरेज सेंटर शुरू हो सका है और न ही नई एम्बुलेंस साथ एम आर आई व सिटी स्क्रीन मशीन आज तक उपजिला अस्पताल को उपलब्ध नही कराई गई। ऐसे में लोगों का कहना है कि उन्हें केवल आश्वासन मिला, सुविधाएं लगता मिली।इन दिनों मे सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक पोस्ट ने एक बार फिर इस मुद्दे को चर्चा में ला दिया है। पोस्ट में सवाल उठाया गया है कि आखिर छह महीने बाद भी आमेट की जनता को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कब तक इंतजार करना पड़ेगा। पोस्ट में यह भी उल्लेख है कि यदि इस माह तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी 15 ,अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन से पुनः भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।क्षेत्रवासियों का कहना है कि ब्लड स्टोरेज सेंटर नहीं होने से दुर्घटना और गंभीर मरीजों को तत्काल रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता।

जिनको बाद मे उदयपुर, राजसमंद अथवा अन्य बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। वहीं आधुनिक एम्बुलेंस के अभाव में भी मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता और गंभीर रोगियों को रेफर करना मजबूरी बन जाता है।सिटी स्क्रीन मशीन व एम आर आई मशीनों के नही होने से गरीबो को अन्य निजी अस्पतालो व लेबो मे हजारों रुपये खर्च करने पड़ रहे जिससे उनकी आर्थिक हालात बदतर हो रहे है।पोस्ट में प्रशासन द्वारा पहले दिए गए जवाब का भी उल्लेख किया गया कि। जिसमें ब्लड स्टोरेज सेंटर के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने तथा नई बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस स्वीकृत कराने की प्रक्रिया जारी होने की बात कही गई थी।साथ ही दोनो चिकित्सीय मशीनों को लगाने की पर सहमति बनी थी। हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि आज तक इन घोषणाओं का धरातल पर कोई असर दिखाई नहीं दिया।

नगरवासियों का कहना है कि कई जनप्रतिनिधियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने समय-समय पर अस्पताल की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया, लेकिन स्थिति आज भी पहले जैसी बनी हुई है। लोगों का मानना है कि स्वास्थ्य सुविधाएं किसी का उपकार नहीं बल्कि जनता का मौलिक अधिकार हैं और अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा।क्षेत्र की जनता ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि आमेट उप जिला चिकित्सालय में शीघ्र ब्लड स्टोरेज सेंटर शुरू किया जाए। आधुनिक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई जाए तथा अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों व् निजि अस्पतालो का रुख न करना पड़े। अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इन मांगों पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

# बाल संस्कार केन्द्र छोटी रानी, इटंदरा चारणान, बोया व सेवाडी के भैया बहनों को नोटबुक वितरित

तरुणमित्र

**रानी 19जुलाई।**सेवा भारती द्वारा संचालित एकलव्य बाल संस्कार केन्द्र छोटी रानी व डा अंबेडकर बाल संस्कार केन्द्र इटंदरा चारणान,बाल संस्कार केन्द्र बोया व सेवाड़ी के 112भैया बहनों को सेवा भारती के प्रांत सहमंत्री विजय सिंह माली व जिला मंत्री शंकर लाल मालवीय के करकमलों से श्रीमती कांता देवी सुभाष जी खीमावत चेरिटेबल ट्रस्ट खिमेल द्वारा नोट बुक वितरित की गई।







सेवा भारती जिला शिक्षा आयाम प्रमुख मूलचंद गर्ग ने बताया कि सेवा भारती द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्रों में अध्ययनरत भैया बहनों को माली ने नियमित विद्यालय जाने व अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।उन्होने संस्कारों का महत्व बताया।इस अवसर पर केंद्र के भैया बहनों ने दीप मंत्र ,गायत्री मंत्र,वेदमन्त्र,गुरु महिमा व भजनों की प्रस्तुति दी जिसे माली ने सराहा।इस अवसर पर मीठा लाल,प्रकाश कुमार,प्रकल्प शिक्षिका आशा , ललिता,भीमाराम व जगदीश उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार रावल व जिला सेवा प्रमुख गोविंद वैष्णव ने नोटबुक वितरण के लिए ट्रस्ट व भंवरलाल गजराज जी खीमावत का आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि सेवा भारती नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय के साथ शिक्षा,स्वास्थ्य ,स्वावलंबन व सामाजिक आयाम के सेवा कार्य करती है।

# फालना में हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित, करीब 50 मरीजों ने कराई जांच

तरुणमित्र

**फालना ( रितेश अग्रवाल )** । मेडीपल्स हॉस्पिटल, जोधपुर एवं श्रीनाथ पॉलीक्लिनिक एंड लैब के तत्वावधान में शनिवार को फालना स्थित भारत स्टील अलाइनमेंट के पास, सांडेराव रोड, अंबावाड़ी नगर में हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की समाजसेवी रामकिशोर गोयल, अनिल अग्रवाल, सुरेशचंद्र अग्रवाल, अमित मेहता, रितेश अग्रवाल ने बहुत बहुत सराहना की। शिविर में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ बंसल (DM Cardiology) ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर के दौरान हृदय संबंधी समस्याओं





जैसे सीने में दर्द, घबराहट, उच्च रक्तचाप, अनियमित धड़कन, सांस फूलना तथा अन्य हृदय रोगों से संबंधित मरीजों की विशेष जांच की गई। वही शावेज आलम सहायक ने बताया की शिविर में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा करीब 50 मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। डॉ. बंसल ने मरीजों को हृदय रोगों से बचाव, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। भावेश सोनी आयोजक ने बताया कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# पाली फैक्ट्री हादसा: स्वर्गीय भेराराम जाट को न्याय दिलाने की मांग तेज, ठाकुर अभिमन्युसिंह ने मुआवजा, नौकरी और निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**फालना/पाली।** पाली जिले की एक फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत भेराराम जाट की दर्दनाक मृत्यु के बाद न्याय की मांग लगातार तेज होती जा रही है। बाली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता ठाकुर अभिमन्युसिंह (फालना) ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसी मेहनतकश श्रमिक की इस प्रकार कार्यस्थल पर मौत केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की चिंता का विषय है। ठाकुर अभिमन्युसिंह ने कहा कि यदि कोई श्रमिक अपने कार्यस्थल पर जान गंवा देता है, तो यह आवश्यक है कि घटना के कारणों की निष्पक्ष जांच हो और यह पता लगाया जाए कि कहीं सुरक्षा मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही तो नहीं हुई। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा से किसी भी परिस्थिति में समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने राज्य सरकार और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की कि मृतक भेराराम जाट के परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा दिया जाए। साथ ही परिवार के एक योग्य सदस्य को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाए, ताकि परिवार का भविष्य सुरक्षित रह सके। ठाकुर अभिमन्युसिंह ने यह भी मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए और यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या जिम्मेदारी सामने आती है तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल कंपनी प्रबंधन ही नहीं, बल्कि संबंधित विभागों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है, ऐसे में यह सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है कि प्रत्येक फैक्ट्री में श्रम कानूनों, औद्योगिक सुरक्षा मानकों और आपातकालीन व्यवस्थाओं का पूरी गंभीरता से पालन हो। समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट और निरीक्षण भी नियमित रूप से किए जाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। ठाकुर अभिमन्युसिंह ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़े हैं और न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने सरकार से अपील की कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान करने के साथ-साथ इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रमिकों का कानून और प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

# देसूरी स्थित देवासी समाज छात्रावास में देवासी क्रांति संगठन राजस्थान के प्रधान कार्यालय में ट्राई साइकिलों का वितरण किया गया








### गौ सम्मान आह्वान के हस्ताक्षर भी करवा कर गौ माता को राजमाता का दर्जा देने की मांग की गई

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**पाली।** भामाशाह श्रीमती हंजाबाई पेमाजी देवासी निवासी कोट बालियान बाली द्वारा देवासी क्रांति संगठन राजस्थान की प्रेरणा से दिव्यांग भाई बहनों को निशुल्क तीन पहिया ट्राई साइकिल वितरित की गई, भामाशाह परिवार के किशन लाल नितिन एवं एडवोकेट सांखलाराम देवासी ने दिव्यांग भाई बहनों का स्वागत सम्मान कर उन्हें ट्राई साइकिल सुपुर्द की गई, वही संस्थान के पदाधिकारीयों द्वारा भामाशाह परिवार के सदस्य सांकलाराम देवासी का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं दिव्यांग भाई बहनों को सम्मान उन्हें सहयोग व संबल देने हेतु धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया, गौ सम्मान आह्वान के हस्ताक्षर भी करवाये गये, गौमाता को राजमाता का दर्जा देने की मांग की, इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष सुदर्शन देवासी पाली, भावेश सादड़ी,भीकाराम घाणेराव, अर्जुन पनोता,ओगडराम बागोल सवाराम गुड़ा मेघ सिंह, समेलाराम लांपी, बगदाराम सादड़ी सावताराम घाणेराव, भगाराम देसूरी, मानाराम पनौता भजन गायक भीकाराम, वेनाराम,एडवोकेट सांकलाराम, मागीलाल कोट बालियान, दिनेश, रमेश जूणा, वागाराम वणदार, प्रभुराम मुंडारा सहित दिव्यांग भाई बंधु जो मुंडारा डूंगरली,राजपुरा, जूणा, चांचौड़ी माडपुर ,करणवा लालराई सहित आसपास के सैकड़ो समाज बंधु उपस्थित रहे

# समिति के सभी कार्यकर्ता तैयारियो में जुटे, कावड़ यात्रा 2026 की तैयारियां जोरों पर, 10 अगस्त को गोकल वाव से होगा प्रस्थान

कर्मपालसिंह सवाली

सादड़ी, 4 अप्रैल 2026 श्रावण माह के दूसरे सोमवार 10 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस संबंध में यात्रा समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यात्रा की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में यात्रा कमेटी के मुख्य सलाहकार मोतीलाल बोराणा ने बताया कि कावड़ यात्रा प्रातः 6 बजे गोकल वाव






से प्रारंभ होगी। यात्रा मार्ग ब्रज का भाटा, महाकाली चौक, गांछवाड़ा और आखरिया चौक होते हुए परशुराम महादेव पर पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान भक्तों के लिए जगह-जगह पर ज्यूस, आइस क्रीम, फराली, चाय, निम्बु पानी, इत्यादि व्यवस्थाए रहेगी,समिति सदस्य रमेश प्रजापत एवं महेंद्र राठौड़ ने बताया कि कावड़ यात्रा को अनुशासन में चलना रहेगा एवं सभी साथी एक साथ चलेंगे कहीं रुकने पर कावड़ को जमीन पर न रखकर अपने निर्धारित स्टैंड पर ही रखा जाएगा

इस दौरान कावड़ यात्रा मीटिंग में मोतीलाल बोराणा, महेंद्र राठौड,पार्षद रमेश प्रजापत, मोटाराम घांची, भंवरलाल भाटी, भावेश प्रजापत, सुरेश लुनिया, सोहन कवाड़िया, नरेश सोलंकी, गोपाल लूनिया, गणेश रिंडर, दीपक राव,जयेश सेन, जीतू भाटी,जसराज सोलंकी, सोहन प्रजापत, ललित रिन्डर इत्यादि जन मौजूद रहे।

# हरित राजस्थान : पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ



दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**सोजत सिटी** - नगर के जोधपुरिया गेट के बाहर सरगरा समाज मुक्तिधाम परिसर में स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हरित राजस्थान अभियान अंतर्गत रविवार को सघन पौधारोपण किया गया। इस मौके पर्यावरणप्रेमी नारायणलाल गहलोत ने कहा कि पेड़ पौधे से ही वातावरण शुद्ध रह पाता है। सोजत भाजपा मण्डल मंत्री डॉ. महेश सोनी ने कहा कि वृक्षों से ही हमें विभिन्न उपयोगी वस्तुएं मिलती है। पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार हैं, हम सबको अनिवार्य रूप से अधिक से अधिक वृक्ष लगा उनकी देखरेख करनी चाहिए। इस अवसर पर जगदीश गहलोत, कैलाश गहलोत, जवरीलाल बौराणा, चम्पा लाल खोरवाल, राहुल कुमार , विजय सोलंकी, गजेन्द्र गहलोत एडवोकेट, सुरेश गहलोत, सुरेश प्रजापत, रतन राधे, राकेश गहलोत, जितेन्द्र गहलोत एडवोकेट, रामचन्द्र भाटी, लोकेश गहलोत सहित कई जने उपस्थित थे।

# "यदुवंश का दावा और आरक्षण का सवाल - सच्चाई क्या है?"

तरुणमित्र

मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर जब भी चर्चा होती है, तो कुछ नेताओं द्वारा ये कहा जाता है कि "हम यदुवंशी हैं, श्रीकृष्ण हमारे वंशज हैं"। सवाल उठता है - क्या वास्तव में आज के सभी यादव श्रीकृष्ण के रक्त-संबंधी वंशज हैं? और यदि हां, तो फिर आरक्षण का क्या होगा?



**1. शास्त्र और इतिहास क्या कहते हैं :** श्रीकृष्ण का जन्म चंद्रवंश की शाखा यदुवंश में हुआ। उनके पिता वसुदेव और माता देवकी दोनों वृष्णि वंश के यदुवंशी क्षत्रिय थे। पालन-पोषण नंद बाबा के घर हुआ, जो ग्वाल थे। इसलिए कृष्ण को लोक में "ग्वाला" कहा गया।

महाभारत के अनुसार द्वारिका में आपसी कलह से यदुवंश नष्ट हो गया। बाद में जिन राजाओं ने यदु को अपना पूर्वज माना, वे यदुवंशी क्षत्रिय कहलाए। इतिहासकारों के अनुसार गुजरात के चूड़ासमा, राजस्थान के जादौन, भाटी, जाड़ेजा राजपूत अपने को प्रत्यक्ष यदुवंशी मानते हैं और उनके पास वंशावली भी उपलब्ध है।

**2. "यादव" शब्द की सामाजिक पहचान :** "यादव" शब्द 20वीं सदी में एक सामाजिक पहचान के रूप में आया। इसमें मुख्य रूप से अहीर, ग्वाल, गोप समुदाय शामिल हैं। ये सभी श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानते हैं और सांस्कृतिक रूप से उनसे जुड़े हैं।

मथुरा के जादौन समाज का स्पष्ट कहना है - "टाइटल चोरी हो सकता है, DNA नहीं"।

**3. सबसे बड़ा विरोधाभास - वंश और आरक्षण :** यहीं पर एक बड़ा संवैधानिक और सामाजिक सवाल खड़ा होता है।

**पहला पक्षः** यदि कोई समुदाय यह मानता है कि वह श्रीकृष्ण के क्षत्रिय यदुवंशी वंशज है, तो ऐतिहासिक और संवैधानिक रूप से उसे क्षत्रिय श्रेणी में गिना जाएगा।




**दूसरा पक्षः** वर्तमान में अधिकांश यादव समुदाय को OBC श्रेणी में आरक्षण प्राप्त है। आरक्षण का आधार सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन है। अब दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकतीं। या तो आप कहें कि "हम श्रीकृष्ण के क्षत्रिय वंशज हैं" - तो फिर आरक्षण का आधार समाप्त हो जाता है। या फिर आप कहें कि "हम सांस्कृतिक रूप से कृष्ण से जुड़े हैं, पर वंशज नहीं" - तो आरक्षण बना रहता है। कानून और संविधान भी यही कहता है - वंश और वर्ग दोनों को एक साथ नहीं गिना जा सकता।

**निष्कर्षः** श्रीकृष्ण निर्विवाद रूप से यदुवंशी चंद्रवंशी क्षत्रिय थे। आस्था और श्रद्धा के स्तर पर पूरा यादव समाज कृष्ण से जुड़ा है। इसमें कोई दो राय नहीं। वंश के दावे के स्तर पर इतिहास और वंशावली के आधार पर जादौन, भाटी आदि क्षत्रिय कुल ज्यादा मजबूत दावे करते हैं। आरक्षण के स्तर पर यदि वंश का दावा किया जाता है, तो उसे कानूनी और सामाजिक रूप से भी स्वीकार करना होगा।

मीडिया और राजनीति को इस विषय पर भ्रम नहीं फैलाना चाहिए। न तो आस्था का अपमान होना चाहिए, न ही तथ्यों से खिलवाड़।

सनातन में सबसे बड़ा यदुवंशी वही है जो कृष्ण के आदर्श - धर्म, न्याय और गौ-रक्षा - पर चले। जय श्री कृष्ण, जय सनातन

**प्रस्तुतिः** सूबेदार मेजर रमेश सिंह शेखावत, ब्यूरो चीफ, गुजरात, तरुणमित्र राष्ट्रीय दैनिक हिंदी अखबार, 20 जुलाई 26. संस्थापक - आपजी आर्मी अकादमी, भायली, वडोदरा, गुजरात, M: 8511148777

# राजस्थान के निवेश प्रोत्साहन प्रयासों पर लगी राष्ट्रीय मुहर

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर, 19 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेश प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों पर राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण मुहर लगी है। नीति आयोग द्वारा जारी निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान को 'अग्रणी राज्य' की श्रेणी में स्थान मिला है। समग्र रैंकिंग में राज्य देशभर में 10वें तथा बड़े राज्यों में 8वें स्थान पर रहा। वहीं, बड़े राज्यों की श्रेणी में नियमों के सरलीकरण में राजस्थान ने दूसरा, निवेश प्रोत्साहन नीतियों में तीसरा तथा संसाधनों के क्षेत्र में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। यह राज्य में निवेश को बढ़ावा देने, उद्योगों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने और कारोबार को आसान बनाने की दिशा में किए गए सुधारों का परिणाम है। राज्य में उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने, निवेशकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने, औद्योगिक भूमि, आधारभूत सुविधाओं तथा निवेश-अनुकूल वातावरण विकसित करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब नीति आयोग की रिपोर्ट में भी दिखाई दिया है। बड़े राज्यों की श्रेणी में नियामकीय सुगमता के क्षेत्र में राजस्थान ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



राज्य सरकार ने निवेशकों को तेज, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज निवेश पोर्टल को लगातार सुदृढ़ किया है। वर्तमान में इस पोर्टल पर 18 विभागों की 190 सेवाएं उपलब्ध हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पोर्टल पर कुल 34,704 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 30 जून तक कुल 30 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 17 हजार से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। इस अवधि में आवेदनों के निस्तारण की समग्र दर 64 प्रतिशत रही, जबकि सर्वाधिक उपयोग वाली 11 प्रमुख सेवाओं में यह दर 68 प्रतिशत रही। साथ ही, प्रमुख सेवाओं के औसत निस्तारण समय में कमी दर्ज की गई है। प्रदेश में नए विद्युत कनेक्शन की औसत स्वीकृति अवधि पिछले वित्तीय वर्ष के 20 दिनों से घटकर 10 दिन हो गई है, इसी प्रकार पर्यटन परियोजनाओं की स्वीकृति अवधि 22 दिनों से घटकर 16 दिन हो गई है। राज्य सरकार द्वारा पिछले ढाई वर्षों में निवेश और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 30 से अधिक नई नीतियां लागू की गई हैं। इनमें एमएसएमई, निर्यात प्रोत्साहन, टेक्सटाइल एवं अपैरल, लॉजिस्टिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, डेटा सेंटर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस एवं डिफेंस जैसी सेक्टर आधारित नीतियां शामिल हैं। साथ ही, इसमें कई ऐसे क्षेत्र भी शामिल हैं, जिनके लिए राजस्थान में पहली बार नीतियां बनाई गई हैं। इन्हीं व्यापक नीतिगत सुधारों का परिणाम है कि नीति आयोग ने निवेश प्रोत्साहन के लिए बनाई गई सरकारी नीतियों के मामले में बड़े राज्यों की श्रेणी में राजस्थान को देश में तीसरा स्थान दिया है। नीति आयोग के इस सूचकांक की विशेषता यह है कि इसमें केवल सरकारी आंकड़ों के आधार पर ही मूल्यांकन नहीं किया गया है, बल्कि देशभर के निवेशकों से प्राप्त सुझावों और अनुभवों को भी शामिल किया गया है। इस कारण यह रिपोर्ट निवेशकों की वास्तविक धारणा को भी सामने लाती है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि राजस्थान में निवेशकों का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है और राज्य निवेश के लिए अधिक पारदर्शी, विश्वसनीय तथा उद्योग-अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है।

# माही परियोजना का पानी जालोर सिरोही तक पहुँचाने की महत्वाकांक्षी योजना को लेकर आज सांसद जन सुविधा केंद्र सिरोही में सांसद लुंबाराम चौधरी जी उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई

सरदार कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर, सिरोही।** दिनांक 19.07.26 ,माही परियोजना का पानी जालोर सिरोही तक पहुँचाने की महत्वाकांक्षी योजना को लेकर आज सांसद जन सुविधा केंद्र सिरोही में सांसद लुंबाराम चौधरी जी उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक के जालौर सिरोही में अनास सोम कमला साबरमती का पानी को लेकर चर्चा की गई, जिसमें जालौर सिरोही तक पानी पहुंचने का सबसे अच्छा विकल्प कोनसा हों सकता है पानी को किस किस जगह स्टोरेज किया जा सकता है इसको लेकर विचार विमर्श किया गया । साथ ही बांधों कि उंचाई बढ़ा कर जालौर सिरोही कि नदिया पुनर्जीवित हो जिसमें मुख्य नदी जंवाई,कृष्णावती, एवं अन्य लूनी बेसीन कि नदियां में पानी कैसे आए इत्यादि तकनीकी बिन्दुओं पर भी गहन विचार किया गया। विचारित बिन्दुओं को DPR में शामिल करवाने को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में भारतीय किसान संघ जिला जालोर कि टीम जिसमें जिला अध्यक्ष रतन सिंह, प्रान्त युवा प्रमुख खीम सिंह संभाग उपाध्यक्ष गणेशाराम जिला मंत्री जगाराम, तहसील अध्यक्ष चक्रवर्ती सिंह बागोड़ा तहसील अध्यक्ष चेला राम , अमराराम , एवं सिरोही से भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष मावाराम चौधरी,संभाग मंत्री सुजान सिंह, केसाराम पुरोहित,सिंचाई विभाग से माही परियोजना के अधीक्षण अभियंता प्रकाश कुमार, जालौर के अधिशासी अभियंता विजेश कुमार सहायक अभियंता महेंद्र जी आदि उपस्थित रहे।



# भिवंडी में भाजपा उपाध्यक्ष लालसिंह राजपूत का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

कर्मपालसिंह सवाली/ सुरेश पुरोहित

**भिवंडी।** भारतीय जनता पार्टी के भिवंडी उपाध्यक्ष लालसिंह राजपूत, तुरा का जन्मदिन ओसवाल वाड़ी परिसर में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारी वर्ग तथा विभिन्न समाजों के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विधायक महेश चौघुले, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि सावंत, जिला महासचिव विकास बाफना, जिला महासचिव श्याम भोईर, नगरसेवक निलेश चौधरी, युवा नेता विकी चौधरी, नगरसेवक काटेकर साहब, शिवसेना के प्रतिनिधि, युवा नेता विराज साईनाथ पवार, रूप सिंह राजपुरोहित, पूर्व सैनिक फूलसिंह, जितेंद्रसिंह राठौड़, राजूसिंह राठौड़, ओमकार पंडित सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने उपस्थित होकर लालसिंह राजपूत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अतिथियों ने लालसिंह राजपूत के सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की। जन्मदिन पर मिले स्नेह और सम्मान से भावुक हुए लालसिंह राजपूत ने सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने समाज सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। मुंबई और महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए शुभचिंतकों एवं व्यापारी वर्ग ने भी लालसिंह राजपूत को जन्मदिन की बधाई दी। पूरे आयोजन में उत्साह और सौहार्द का वातावरण बना रहा।





# "एक शाम मुकेश के नाम" जन्म जयंती पर 22 को

तरुणमित्र

**उदयपुर।** सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश चंद्र माथुर की जयंती के अवसर पर अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान द्वारा "एक शाम मुकेश के नाम" संगीतमय संध्या का आयोजन 22 जुलाई, बुधवार शाम 5:00 बजे संस्थान परिसर, हरियाली रेस्टोरेंट एवं होटल मुकुंद विलास के मध्य, गुलाब बाग रोड, उदयपुर में किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में शहर के सुप्रसिद्ध संगीत साधक एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी ओमप्रकाश टांक अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को स्वर्णिम फिल्म संगीत के दौर में ले जाएंगे।

अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि ओमप्रकाश टांक वर्षों से संगीत साधना में निरंतर सक्रिय हैं। वे मधुर एवं प्रभावशाली आवाज़ के धनी होने के साथ-साथ उत्कृष्ट ग़ज़ल गायक, फिल्मी गीतों के सशक्त प्रस्तुतकर्ता, भावपूर्ण भजन गायक तथा कराओके सिंगिंग के कुशल कलाकार हैं। इसके साथ ही वे सितार, गिटार वादन में भी विशेष दक्षता रखते हैं और मंच पर अपनी आकर्षक एवं जीवंत प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। उनकी गायकी में सुर, भाव, अभिव्यक्ति और प्रस्तुति का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है, जिसके कारण वे संगीत प्रेमियों के बीच विशेष पहचान रखते हैं। कार्यक्रम में मुकेश के कालजयी एवं सदाबहार गीतों की संगीतमय संजीव प्रस्तुति दी जाएगी, जो श्रोताओं को स्वर्णिम फिल्म संगीत की मधुर स्मृतियों से रूबरू कराएगी। संस्थान ने सभी संगीत प्रेमियों, कलाकारों एवं शहरवासियों से इस गरिमामय संगीतमय आयोजन में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने तथा मुकेश की अमर संगीत विरासत को नमन करने का आग्रह किया है।




# खेतवाड़ी में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

तरुणमित्र

**मुंबई।** सकल हिंदू समाज, पितले मारुति बस्ती, खेतवाड़ी के तत्वावधान में रविवार को एस.वी.पी. रोड स्थित वनिता विश्राम सभागृह में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विभिन्न समाजों, संस्थाओं, महिलाओं, युवाओं एवं नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में हिंदू समाज की एकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर हिंदुत्ववादी विचारक उमेश गायकवाड़, पूज्य मुनिराज राजपर्व विजयजी महाराज साहब (सांचौर पट्टी) तथा इस्कॉन चौपाटी के एच.जी. विश्वंभर प्रभु ने अपने विचार व्यक्त किए। पूज्य मुनिराज राजपर्व विजयजी महाराज साहब ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्रभक्ति, मानवता, प्रेम, करुणा और सद्भाव को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया। एच.जी. विश्वंभर प्रभु ने कहा कि समाज में स्थायी शांति और एकता का आधार आध्यात्मिक जीवन है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति, संस्कार, सेवा, भक्ति और सदाचार को अपनाने का आह्वान किया। हिंदुत्ववादी विचारक उमेश गायकवाड़ ने कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता है। उन्होंने समाज से जाति, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। सम्मेलन में परिवार व्यवस्था को मजबूत बनाने, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों के पालन तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राष्ट्र और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेंद्रभाई चौधरी, रणजीत माथुर एवं पवन संघवी ने सभी अतिथियों, संत-महात्माओं एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उपाध्यक्ष संदीप भांगिर्दे, योगेश जेठवा, सुनील आमराळे, प्रग्नेश मिस्त्री, कोषाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित सहित सभी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। सम्मेलन का समापन "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "हम सब हिंदू एक हैं" के सामूहिक उद्घोष के साथ हुआ।






# काबिलियत को सलाम : हमेशा अपना संघर्ष जारी रखें सफलता निश्चित मिलेगी : संतोष कुमार सिंह

- **सफलता लक्ष्य नहीं यह एक यात्रा है - डॉ. सुदाम खाड़े**
- **मीडियाकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों का प्रेस क्लब में हुआ सम्मान**

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली/ जयसिंह रघुवंशी

**इंदौर।** जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। ऐसे में रूकना नहीं हमेशा अपना संघर्ष जारी रखे। इस बार जो बच्चे सफलता के आसपास पहुंचे हैं वे भी अपना प्रयास न छोड़े क्योंकि आपका संघर्ष ही एक दिन आपको सपलता दिलाएगा। यह बात इंदौर के पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कही। वे रविवार को इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित काबिलियत को सलाम कार्यक्रम में बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि समाज में बच्चों को आगे लाने और बढ़ाने में उनके अभिभावकों का बहुत संघर्ष होता है। जीवन में सफलता पाने के साथ ही रोल मॉडल बने। किसी भी परिस्थिति में पीछे न हटे। इंदौर प्रेस क्लब के इस सालाना सम्मान समारोह में मीडिया परिवार के कक्षा 5वीं से 12वीं के छात्रों के साथ ही विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 100 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, वरिष्ठ शिक्षाविद एवं म.प्र. लोकसेवा आयोग की पूर्व सदस्य शोभा पेठनकर, शिक्षाविद श्रीद्धांत जोशी विशेष रूप से उपस्थित थे। संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि जीवन में सफलता कोई लक्ष्य नहीं है यह एक निरंतर जारी रहने वाली यात्रा है। इसलिए सफलता की यात्रा हमेशा जारी रखें। उन्होंने पत्रकार जीवन के बारे में बच्चों से कहा कि आप जिस पत्रकार परिवार से आते हैं वो बड़ा कठिन है। इसलिए अपने अभिभावकों के संषर्ष याद रखिएं। जीवन में सफलता पाने का समय निश्चित है लेकिन आज के दौर में परीक्षा बहुत है इसलिए हमेशा तैयार रहें। शिक्षाविद शोभा पेठनकर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार से बच्चों को संस्कार मिलते है, लेकिन अच्छी शिक्षा मनुष्य का निर्माण करती है, समाज को आगे बढ़ाती है। जीवन में अपना लक्ष्य तय रखने के साथ ही उसे पाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। शिक्षाविद श्रीद्धांत जोशी ने अपना उद्बोधन शुरू करने से पहले बच्चों से जीवन में क्या बनना चाहते हैं ऐसे 5 सवाल किए। उनका पांचवां सवाल था कि जीवन में अच्छा इंसान किसे बनने है तो सभागृह में उपस्थित सभी ने हाथ उठाया। इस पर उन्होंने कहा कि समाज में एक अच्छा इंसान ही सबकुछ बन सकता है। विद्यार्थी जीवन में आलस सबसे बड़ा दुश्मन होता है। किसी को मोटिवेट करना मतलब उसे उसकी शक्तियों को याद दिलाना होता है। आरंभ में इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि बच्चों आपके माता-पिता ने आपको लेकर बहुत सपने देख रखे हैं। इन्हें पूरा करना अब आपका दायित्व है। वे जो सुविधा आपको उपलब्ध करवा रहे हैं, वह आज के समय में कोई आसान नहीं है। आपका दायित्व है कि आप अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करें। यह दौर प्रतिस्पर्धा का है। प्रतिस्पर्धा में बने रहने और विजयी होकर निकलने के लिए यह जरूरी है कि आप अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें। यह ज्ञान आपको अपने टीचर्स, पेरेंट्स व सहपाठियों से ही मिल सकता है। बीते 15 वर्ष से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में इस बार एक नया प्रयास शुरू किया गया। सम्मानित हुए मेधावी विद्यार्थियों का एक लकी ड्रा प्रोग्राम भी हुआ। सभी बच्चों के नाम की पर्ची बनाकर बॉक्स में रखी गई, जिसे अतिथियों के हाथों से निकवाया गया। 5 बच्चे जिनके नाम पर्ची में आए उन्हें इंडेक्शन कूकर इनाम स्वरूप प्रदान किए गए। मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान नशे से दूरी, है जरूरी 2.0 से काबिलियत को सलाम कार्यक्रम को भी जोड़ा गया, ताकि समाज विशेषकर बच्चों को नशे के दुष्परिणामों को समझाया जा सके और इस बुराई से उन्हें बचाया जा सके। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और उनके अभिभावकों नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से 7 करोड़ लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का लक्ष्य है। वहीं उन्होंने शहर, प्रदेश के साथ देश को 2029 तक ड्रग फ्री बनाने की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने नशा विरोधी अभियान से संबंधित एक प्रजेंटेशन दिया, जिसमें मुख्यमंत्री, डीजीपी, पुलिस कमिश्नर के संदेश भी शामिल थे। अभियान से संबंधित केप और पेम्पलेट का वितरण भी कार्यक्रम में किया गया। सम्मान समारोह में इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम के अनुरोध पर एक अनुकरणीय पहल श्रीद्धांत जोशी ने करते हुए घोषणा कि की आज जिन मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान हुआ है, उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए उनके परीक्षा में जितने प्रतिशत अंक आए हैं, उतने प्रतिशत डिस्कॉउंट कौटिल्य एकेडमी द्वारा दिया जाएगा।





# गौ सम्मान अव्हान अभियान का द्वितीय चरण 27 जुलाई को 5,51000 हस्ताक्षरों के साथ संकीर्तन रैली से प्रार्थना पत्र पेश किया जाएगा

तरुणमित्र चीफ ब्यूरो किशन पालीवाल




**राजसमंदः** राजस्थान गौ सेवा समिति जयपुर शाखा राजसमंद के महामंत्री सुशील बडाला ने बताया की पुरे देश में गौ सम्मान आव्हान अभिमान का द्वितीय चरण 27 जुलाई को देश के 790 जिलों में एक साथ मनाया जाएगा। प्रत्येक जिले में लाखों हस्ताक्षर के पत्रकों के साथ सनातनी भाई,बहनों, गौ भक्तों,गौ सेवकों व सन्त महात्माओं के सानिध्य में संकीर्तन रैली के माध्यम से जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री महोदय, मनानीय मुख्यमंत्री महोदय और महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम प्रार्थना पत्र दिया जाएगा।जिसमें गौ माता को सम्मान, सेवा और संरक्षण का निवेदन किया जाएगा। राजस्थान गौसेवा समिति जयपुर शाखा राजसमंद समिति के जिला अध्यक्ष जेठुसिंह राजपुरोहित ने बताया की राजसमंद की 12 तहसीलों से सभी गौ सेवक,गौ भक्त, सनातन धर्म के सभी सज्जन, मात्र शक्ति 27 जुलाई 26 को जिला मुख्यलय पर आएंगे। कांकरोली स्थित द्वारकेश वाटिका जहां राजसमंद के प्रमुख साधु संतों के सानिध्य में धर्म सभा का आयोजन होगा जिसमें जिले भर के आये हुऐ हस्ताक्षर पत्रों को मंत्र द्वारा अभिमंत्रित किया जाएगा साथ ही विजय मंत्र के साथ सभा का प्रारंभ किया जाएगा धर्म सभा में राजसमंद जिले से आये प्रमुख संतों का आशीर्वचन होगा उसके पश्चात द्वारकेश वाटिका से रैली के रूप में जेके मोड,मैन चौपाटी, पुराना बस स्टैंड, जल चक्की होते हुऐ कलेक्टेड में पहुंचेंगे जहां जिला कलेक्टर महोदय को प्रार्थना पत्र दिया जाएगा। प्रमुख गोसेवक मनीष पुरोहित ने बताया की पुरे जिले में हस्ताक्षर अभियान जोर शोर से चल रहा है अभी तक पुरे जिले में लगभग करीब 3 लाख तक हो चूके हैं और 5.51लाख के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन रात गौ भक्त लगे हुए हैं।सभी धर्मिक, सामाजिक संगठनों, धर्मिक व सामाजिक संस्थाओं, सभी संत महानुभाव, सभी व्यापारिक संगठनों, विद्यालयों के प्रधानाचार्य से अपील है की आप अपने-अपने क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान को गति देते हुऐ अधिकतम हस्ताक्षर करवाकर गौमाता की सेवा, सम्मान व संरक्षण में सहभागी बनते हुए गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अभियान को सफल बनाने में राजसमंद जिले के सभी गौ सेवक गौ भक्त, सनातनी भाई, बहिने लगे हुऐ हैं।

जिला अध्यक्ष जेठुसिंह राजपुरोहित ने बताया की राजसमंद तहसील से सुशील बडाला,मनीष पुरोहित,सुन्दर विजयवर्गीय, आदित्य शर्मा, तेजराम कुमावत, जितेंद्र लड्ढा, परशराम तेली, कमलेश पालीवाल, उमेश पालीवाल, शिवलाल कीर, राजेश सिंह ओदिच्य, पुष्पेंद्र जोशी, घनश्याम पालीवाल, नाथद्वारा तहसील से अर्जुन सोनी, संगीता शर्मा, गायत्री देवी साहू, धीर सनाढ्य, खुश माली, ऋषि जैन, आशा शर्मा, आमेट तहसील से मुकेश कुमार हरियाल, चंद्र प्रकाश गर्ग ,पन्नालाल प्रजापत, रूप सिंह राव धर्मेश छीपा,खमनोर तहसील से भैरु लाल गुर्जर, उमेश वैष्णव, हर्ष व्यास, कुम्भलगढ तहसील से लता पालीवाल, सोहन सिंह चारभुजा तहसील से धर्मचंद गुर्जर, भीम तहसील से राकेश सरपंच, लोकेश कुमार, देवगढ़ तहसील से कमलेश सिंह लक्ष्मण सिंह, निर्भयनाथ, हरलाल, शेर सिंह, मुकेश, कुवारिया तहसील से,सुनील खटीक धर्मचंद गुर्जर, रेलमगरा तहसील से प्रेम सिंह, राजेश रावत, बाबूराम, पवन,सुरेश, अंबालाल सरदारगढ़ तहसील से भभुत सिंह कीतावत, जमनालाल सोनी, बाबूलाल बाबेल, गजेंद्र मालवीय, छोटिया देवी सेन, लोकेश माली, रेखा सोनी, शिव कुमार सुथार आदि। 27जुलाई 2026 को राजसमंद के सन्त महात्माओं परम पूजनीय महामंडलेश्वर सीताराम दास जी महाराज आमेट,पू. संत दास झडोल,पू. नंद दास त्यागी आमेट,पू. हंस दास परवाना आश्रम, पू.हरिदास आडावाड़ा,पू. महामंडलेश्वर ईश्वरी नंद गिरी उदयपुर,पू.अवधूत शरण महाराज, अवधेश चेतन्य महाराज सूरजकुंड,पू. खुशाल भारती महाराज,पू. मुमुक्षुराम आमेट,पू. नवीन पुरी महाराज और पू. राजेंद्र पुरी महाराज बैरों का मठ,पू. संतोष नाथ आयतों की धूनी आदि पूज्यवर संतों का सानिध्य रहेगा।

# समेजा कोठी की इंदिरा कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की चर्चा

### लोगों में बढ़ी चिंता पुर्व विधायक बलबीर सिंह निवास पर पहुंचे लोग

कर्मपालसिंह सवाली





श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत समेजा कोठी स्थित वन विभाग की भूमि पर बसी इंदिरा कॉलोनी में राज्य सरकार के आदेशों के तहत सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की संभावित प्रक्रिया को लेकर क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। कार्रवाई की चर्चाओं के बाद कॉलोनी वासियों में चिंता और असमंजस का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बीच क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। चर्चा है कि कुछ लोग इस मुद्दे पर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। वहीं कई लोगों का मानना है कि सरकारी भूमि से जुड़े मामलों में अंतिम निर्णय कानून और सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार ही होता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की कार्रवाई सरकार के आदेशों और प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत ही की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संवेदनशील मामले का समाधान भी प्रशासन और सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही होना चाहिए, ताकि सभी पक्षों के साथ न्याय हो और अनावश्यक भ्रम की स्थिति पैदा न हो। अब क्षेत्र की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई और आधिकारिक निर्णय पर टिकी हुई हैं। समेजा कोठी से श्रीमती गोगा देवी नायक, हेतराम पूर्व सरपंच, महावीर स्वामी, गोविंद राम , लालपुरा, सुखदेव सिंह,इब्राहिम खान,मदन खान, सुखदेव पत्रकार पूर्व विधायक बलबीरसिंह लूथरा के निवास पर पहुंचे और इस कारवाई को रोका जाए नहीं तो गांव के गांव खाली हो जाएंगे।

# न्यू केयर क्लिनिक का भव्य शुभारंभ, विधायक अमीन पटेल व आकाश पुरोहित ने किया उद्घाटन

कर्मपालसिंह सवाली
वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पुरोहित





**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के नवजीवन सोसायटी स्थित रतन हाइट्स (बी विंग) में न्यू केयर क्लिनिक का भव्य शुभारंभ सी एवं डी विभाग के प्रभाग समिति अध्यक्ष एवं नगरसेवक आकाश राजपुरोहित तथा मुंबादेवी विधानसभा के विधायक अमीन पटेल के हाथों फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में आकाश राजपुरोहित ने क्लिनिक के संचालक डॉ. गजेंद्र राजपुरोहित को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद डॉ. गजेंद्र राजपुरोहित ने सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। अपने संबोधन में आकाश राजपुरोहित ने कहा कि मुंबई में राजपुरोहित समाज के युवा डॉ. द्वारा क्लिनिक की शुरुआत समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह क्लिनिक सभी वर्गों के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। मुंबादेवी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस

विधायक अमीन पटेल ने भी डॉ. गजेंद्र राजपुरोहित को बधाई देते हुए कहा कि प्रमुख स्थान पर शुरू किया गया यह क्लिनिक क्षेत्र के नागरिकों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा और लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। डॉ. गजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि न्यू केयर क्लिनिक में ईसीजी, ब्लड टेस्ट, डायबिटीज सहित विभिन्न प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मरीजों के भर्ती होने की सुविधा भी क्लिनिक में उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर नगरसेवक जावेद जुनेजा, नगरसेविका राजेश्वरी भाटनकर, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश पांडे, वचनाराम दासपा, मुकेश तवाव, गुमानराम दासपा, बलवंत दासपा, सुरेश वाली, सरदारमल भीनमाल, जबराराम भादरड़ा, प्रताप भादरड़ा, रतनाराम पादरा, देवाराम घासेड़ी, राजुभाई सामरानी, निम्बाराम रघुनाथपुरा, प्रताप चित्तलवाना, पताराम खांडादेवल, मनोज भेटाला, जयंतीलाल दासपा, अमृत दासपा, सुरेश दासपा, भावेश पाथावाड़ा, दिनेश चित्रोंड़ी, भमराराम भीनमाल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# होथीगांव में विधार्थी बाल शिविर का आयोजित

ब्यूरो चीफ प्रकाश कुमार परमार





**जालोर,चितलवाना ।** होथीगांव शिव मंदिर में आयोजित विद्यार्थी बाल शिविर जो कि शनिवार दोपहर से रविवार सायकाल तक चला जिसमें चितलवाना ओर हाडेचा उपखण्ड के 246 बाल स्वयंसेवकों ने भाग लिया ।इस शिविर में चरित्र निर्माण,बौद्धिक सत्र,शारीरिक प्रशिक्षण, सामाजिक सेवा भावना के बारे में बताया गया जिसमें संतो का सानिध्य रहा जिसमें महंत श्री संतोषपुरी जी महाराज होथीगांव मठ

महंत श्री हंसगिरी जी महाराज रतोड़ा मठ महंत श्री भरतनाथ जी महाराज कमलापुरा मठ श्री रतनपुरी जी महाराज गोलासन मठ आदि के सानिध्य में आयोजित हुआ, संतों ने बताया बाल शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना व्यक्तिगत विकास के गुणों के लिए के समय-समय पर ऐसे बाल शिविर आयोजित जरुरी है और विद्यार्थियों को मोबाइल फोन नहीं इस्तेमाल कि सलाह दी खण्ड कार्यवाह गजाराम ने बताया विद्यार्थी बाल स्वयंसेवकों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रीय मूल्यों, अनुशासन, और सेवा भाव का संचार करना है इस मोके पर खण्ड संघसंचालक सांवलाराम ने बताया ऐसे बाल शिविर के माध्यम से छात्रों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना, उनके अंदर नेतृत्व क्षमता विकसित करना और उन्हें समाज के प्रति जागरूक व जिम्मेदार बनाना होता है बाल प्रशिक्षण में जिला प्रचारक विक्रम कुमार खंड संघचालक सांवलाराम ,खंड कार्यवाह गजाराम ,खंड शारीरिक प्रमुख ओमप्रकाश खंड विस्तारक ओम ,हाडेचा उपखण्ड महेन्द्र ,चितलवाना मंडल कार्यवाह अर्जुन , डूंगरी मंडल कार्यवाह करण , रमेश पुरोहित, सांवलाराम माली शिवपुरा, रमेश खीचड़,महेशदान ,हेमाराम सियाक,जगदीश चौधरी,अभिषेक सोनी,कृष्ण कुमार आदि स्वयंसेवकों कि उपस्थित रहे।

# पूर्व NSG कमांडो के बेटे ने NEET-UG में लहराया परचम, AIR 1574 के साथ एमबीबीएस में चयन

तरुणमित्र ब्यूरो चीफ
प्रकाश कुमार परमार





**जालोर, रानीवाड़ा,** पंसेरी गांव के पूर्व NSG (ब्लैक कैट कमांडो) एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के निरीक्षक/जीडी रहे स्वर्गीय रमनभाई पिराजी परमार के छोटे पुत्र ललित कुमार परमार ने NEET-UG 2026 में 533 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक (AIR) 1574 (SC) हासिल करते हुए एमबीबीएस के लिए शानदार सफलता प्राप्त की है।

ललित कुमार सैनिक परिवार के अनुशासन, राष्ट्रसेवा और संस्कारों के वातावरण में पले-बढ़े हैं। उन्होंने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परिवार की एक और विशेष उपलब्धि यह है कि ललित कुमार के बड़े भाई लक्ष्मण रमनभाई परमार वर्तमान में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। एक ही परिवार के दोनों बेटों का डॉक्टर बनने की राह पर अग्रसर होना क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। ललित कुमार की इस सफलता पर परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। सभी ने उनके सफल चिकित्सकीय जीवन की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में एक योग्य एवं संवेदनशील डॉक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करेंगे।

# आमेट में सांप के काटने से युवक की मौत

चीफ ब्यूरो किशन पालीवाल





**राजसमंद/आमेट=** उपखंड क्षेत्र के सालमपुरा गांव में सांप के काटने से युवक की मौत हो गई । जानकारी के अनुसार आमेट थाना अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि सालमपुरा निवासी नाथू सिंह पुत्र जय सिंह उम्र 52 वर्ष खेत पर काम कर रहा था जहां बड़ा भाई भेरु सिंह खेत पर 9:30 बजे पहुंचा देखा कि नाथूसिंह बेसुध होकर खेत में पड़ा था 1 जिसे निजी वाहन द्वारा आमेट चिकित्सालय लाये व आमेट थाने में सूचना की 1 भाई भेरू सिंह की रिपोर्ट पर थानाधिकारी ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की । मृतक नाथू सिंह के पैर के अंगूठे पर दो निशान थे । डॉक्टर ने जांच कर नाथू सिंह को मृत घोषित किया । भाई की रिपोर्ट पर थाना अधिकारी ने पीएम करा लाश परिजनों को सौंपी ।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन जयपुर में आने के लिए प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन को निमंत्रण पत्रिका दी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो चीफ टोंक डॉ नरेन्द्र मेहरा



**टोंक ।** राजस्थान प्रदेश मेहरा, कहार, कश्यप महासभा के तत्वावधान में 25 जुलाई को आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन मानसरोवर जयपुर में आने के लिए दूनी, टोंक सहित आस पास के समाज बंधुओं को निमंत्रण पत्र दिया और प्रचार-प्रसार किया जयपुर जिलाध्यक्ष जगदीश मेहरा आमेर ने बताया की 25 जुलाई को मानसरोवर जयपुर में आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन में आने के लिए महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजूलाल चौहान, श्रवण मेहरा, कमल मेहरा, राजूलाल कोटड़ा, सुरज मेहरा ने दूनी मे प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन, माधुलाल आढ़तिया, रामदेव सेवानिवृत्त व्याख्याता, प्रकाश मेहरा प्रधानाध्यापक, सोभाग मल कीर अध्यापक, सत्यनारायण कम्पाउंडर, महावीर पी टी आई, रामफूल, महर्षि कश्यप स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूनी के निदेशक डॉ नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट सहित सभी समाज बंधुओं को निमंत्रण पत्रिका दी और प्रचार-प्रसार किया गया तथा सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही है

# रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर हेरिटेज की नई कार्यकारिणी घोषित, अशीष सिंह बने अध्यक्ष

### सत्र 2026-27 के लिए हितेष पानेरी सचिव एवं विजय वाधवानी कोषाध्यक्ष नियुक्त

ब्यूरो चीफः ऋचा पानेरी




**उदयपुर।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर हेरिटेज ने सत्र 2026-27 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। क्लब की नई टीम में रोटेरियन अशीष सिंह को अध्यक्ष, रोटेरियन हितेष पानेरी को सचिव तथा रोटेरियन विजय वाधवानी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी के गठन पर क्लब सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 के अंतर्गत कार्यरत रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर हेरिटेज समाजसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से लगातार उल्लेखनीय कार्य करता रहा है। नई कार्यकारिणी से भी सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष अशीष सिंह ने कहा कि क्लब की पूरी टीम "Create Lasting Impact" की थीम को साकार करते हुए समाजहित में नवाचार और सेवा के नए आयाम स्थापित करने का प्रयास करेगी। वहीं सचिव हितेश पनेरी ने सभी सदस्यों के सहयोग से क्लब की गतिविधियों को व्यापक बनाने का विश्वास जताया। कोषाध्यक्ष विजय वाधवानी ने पारदर्शिता एवं बेहतर प्रबंधन के साथ क्लब के सेवा प्रकल्पों को सफल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। नई कार्यकारिणी के गठन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों, रोटेरियनों एवं गणमान्य नागरिकों ने तीनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# मालवाडा पुलिस चौकी में एसआई भरत सिंह भाटी ने संभाला कार्यभार

### बोले- "अपराधियों में डर, आमजन में विश्वास हमारी प्राथमिकता"

तरुणमित्र, ब्यूरो चीफ
प्रकाश कुमार परमार



**जालोर,मालवाडा** स्थानीय पुलिस चौकी में नए चौकी प्रभारी के रूप में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) भरत सिंह भाटी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। वहीं मालवाडा पुलिस चौकी में लादुराम की नए कांस्टेबल के रूप में नियुक्ति भी हुई है। कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत में एसआई भरत सिंह भाटी ने कहा कि पुलिस का मूल मंत्र "अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास" उनकी कार्यशैली का आधार रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना और आमजन का विश्वास जीतना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण कायम रखा जा सकता है। यदि आमजन पुलिस का सहयोग क रेंगे तो कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस हर नागरिक की सहायता के लिए 24 घंटे तत्पर रहेगी। एसआई भाटी ने असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या कानून का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

# पी.वी. सिंधु ने रचा इतिहास, अकाने यामागुची को हराकर जीता जापान ओपन 2026 का खिताब

**एजेंसी, टोक्यो**

भारत की स्टार शटलर पी.वी. सिंधु ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में हराकर जापान ओपन 2026 महिला एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।



फाइनल मुकाबले में सिंधु ने आक्रामक स्मैश, सटीक ड्रॉप शॉट और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए घरेलू खिलाड़ी यामागुची को 21-17, 21-17 से मात्र 50 मिनट में पराजित किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 खिताब भी जीत लिया। 31 वर्षीय सिंधु के लिए यह सिंगापुर ओपन सुपर 500 (2022) के बाद पहला बड़ा खिताब है। पिछले दो वर्षों में चोटों के कारण उन्हें कई कठिन दौर से गुजरना पड़ा था और वह अपनी लय व निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही थीं। जापान ओपन का यह खिताब उनके शानदार वापसी का प्रमाण है।

इस जीत के साथ सिंधु ने तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची के खिलाफ अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड को 16-14 कर लिया। इससे पहले उन्होंने यामागुची को 2022 थाईलैंड ओपन में पूर्ण मुकाबले में हराया था। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मध्यांतर तक यामागुची दो अंकों की बढ़त पर थीं, लेकिन इसके बाद सिंधु ने अपने खेल का स्तर ऊंचा किया और लगातार दबाव बनाया। 17-15 के स्कोर पर दोनों खिलाड़ियों के बीच 38 शॉट की शानदार रैली हुई, जिसमें यामागुची ने बेहतरीन रक्षण किया। हालांकि 17-17 की बराबरी के बाद सिंधु ने लगातार चार अंक जीतकर पहला गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधु ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और 8-3 तथा फिर 14-7 की मजबूत बढ़त बना ली।

यामागुची ने अंतिम चरण में वापसी करते हुए स्कोर 19-17 तक पहुंचाया, लेकिन सिंधु ने संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक जीतकर मैच तथा खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ पी.वी. सिंधु ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह विश्व बैडमिंटन की सबसे बड़ी खिलाड़ियों में शामिल हैं और आने वाले बड़े टूर्नामेंटों के लिए भी उन्होंने अपने मजबूत इरादों का संकेत दे दिया है।

## एफआईएच यूथ हॉकी5एस एशियाई चैंपियनशिप में भारत की नजर खिताब पर

**एजेंसी, नई दिल्ली** । भारतीय सब-जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें उद्घाटन एफआईएच यूथ हॉकी5एस एशियाई चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन के इरादे से मैदान में उतरेंगी। ओमान के मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाला यह टूर्नामेंट उद्घाटन एफआईएच अंडर-18 यूथ हॉकी5एस विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर भी होगा। इस प्रतियोगिता में एशिया की उभरती हुई सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेंगी और महाद्वीपीय खिताब के साथ विश्व कप का टिकट हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगी। सरदार सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय सब-जूनियर पुरुष टीम हाल ही में अंडर-18 एशिया कप 2026 का खिताब जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। भारत ने फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया था। टीम को एलीट पूल में मेजबान ओमान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। पूर्व भारतीय कप्तान रानी की कोचिंग में भारतीय सब-जूनियर महिला टीम भी प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेगी। यह टीम अंडर-18 महिला एशिया कप 2026 में कांस्य पदक जीत चुकी है। महिला टीम को एलीट पूल में चीन, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 जुलाई को करेगा। महिला टीम पहले कजाकिस्तान से भिड़ेगी, जबकि पुरुष टीम शाम को बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। इसके बाद पुरुष टीम 21 जुलाई को ओमान और पाकिस्तान का सामना करेगी तथा 23 और 24 जुलाई को इन्हीं टीमों के खिलाफ वापसी मुकाबले खेलेगी। महिला टीम 21 जुलाई को चीन और उज्बेकिस्तान से भिड़ेगी, जबकि 23 जुलाई को दोबारा कजाकिस्तान और 24 जुलाई को चीन तथा उज्बेकिस्तान के खिलाफ वापसी मैच खेलेगी। वर्गीकरण मुकाबले 25 जुलाई को होंगे। टूर्नामेंट में एलीट पूल के मुकाबले डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेले जाएंगे। लीग चरण की शीर्ष दो टीमें सीधे स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचेंगी, जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई करेगी। भारतीय सब-जूनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच सरदार सिंह ने कहा, "अंडर-18 एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के दम पर खिलाड़ियों ने यह अवसर हासिल किया है।



## हम कोच डिडिएर डेशां को जीत के साथ विदाई देना चाहते थेः एम्बाप्पे

**एजेंसी, मियामी**

फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में इंग्लैंड से 6-4 की हार के बाद फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने कहा कि टीम अपने विदाई ले रहे मुख्य कोच डिडिएर डेशां को जीत के साथ विदाई देना चाहती थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी टीम पहले हाफ में पूरी तरह बिखर गई थी, लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने फिर विश्व स्तरीय प्रदर्शन किया। मियामी स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले हाफ में 4-0 की बढ़त बना ली थी। डेक्लान राइस, एजरी कॉन्सा और बुकायो साका (दो गोल) ने इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। विश्व कप इतिहास में यह पहला अवसर था जब फ्रांस ने किसी एक हाफ में चार गोल खाए। मैच के बाद एम्बाप्पे ने कहा, "मैच के दो बिल्कुल अलग-अलग हिस्से थे। पहले हाफ को देखकर मैं समझ सकता हूं कि कुछ लोगों को लगा होगा कि हमने खुद को हास्यास्पद बना लिया और फ्रांस की जर्सी का सम्मान नहीं किया। लेकिन मैं कहूंगा कि हम इंसान हैं, हालांकि इस स्तर पर हमें ऐसी गलती की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। हम पूरी तरह हिल गए थे और इंग्लैंड ने हमें झकझोर कर रख दिया।" उन्होंने आगे कहा, "दूसरे हाफ में हम फिर वही शीर्ष स्तर के खिलाड़ी बन गए, मानसिक रूप से मजबूत और पूरी तरह तैयार। दुर्भाग्य से हम मैच नहीं जीत सके और इसका सबसे ज्यादा दुख हमारे कोच डिडिएर डेशां के लिए है। हम उनके लिए कुछ खास करना चाहते थे। पहले हाफ को देखकर ऐसा लगा जैसे हमने उन्हें निराश किया, लेकिन हम कभी भी उन्हें ऐसा महसूस नहीं कराना चाहते थे। हालांकि मुझे पूरा विश्वास है कि यह एक मैच डिडिएर डेशां की महान विरासत को कभी धूमिल नहीं करेगा।" चार गोल से पिछड़ने के बाद फ्रांस ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी की। एम्बाप्पे ने दो गोल किए, जबकि ब्रैडली बारकोला ने एक गोल कर स्कोर 4-3 कर दिया।



## नरेन-होल्डर की घातक गेंदबाजी से एलए नाइट राइडर्स ने पहली बार जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

**एजेंसी, ओकलैंड**

सुनील नरेन और जेसन होल्डर की शानदार गेंदबाजी के दम पर लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स (एलए नाइट राइडर्स) ने इतिहास रचते हुए पहली बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया। ओकलैंड कोलिजियम में स्थानीय समयानुसार शनिवार रात खेले गए रोमांचक फाइनल में एलए नाइट राइडर्स ने गत चैंपियन वॉशिंगटन फ्रीडम को एक रन से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस जीत के साथ एमआई न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन फ्रीडम के तीन साल के दबदबे का भी अंत हो गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलए नाइट राइडर्स की टीम 19.4 ओवर में 164 रन पर सिमट गई। टीम के लिए आंद्रे फ्लेचर ने 27 गेंदों में 47 रन, कॉलिन मुनरो ने 29 गेंदों में 40 रन और मैथ्यू ट्रॉम्प ने 21 गेंदों में 39 रनों की तेज पारी खेली। वॉशिंगटन फ्रीडम की ओर से बेन ड्वारशुइस ने तीन विकेट, जबकि रचिन रविंद्र और निखिल चौधरी ने दो-दो विकेट लिए। 165 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉशिंगटन फ्रीडम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन और कप्तान जेसन होल्डर ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर टीम को दबाव में बनाए रखा। नरेन ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि होल्डर ने तीन विकेट हासिल किए। हालांकि, ओबस पीनार ने निचले क्रम में 24 गेंदों पर 53 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर मुकाबले को आखिरी गेंदों तक पहुंचा दिया। उन्होंने अकेले दम पर वॉशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन उनकी शानदार पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी।



# बिजनेस

## भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जल्द ही वैश्विक विकास में इसका छठा हिस्सा होगा: सीतारमण

**एजेंसी, मदुरै**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, जल्द ही वैश्विक विकास में इसकी हिस्सेदारी एक-छठे हिस्से से ज्यादा होगी। उन्होंने युवाओं और उद्यमियों से जोखिम उठाने और इस योगदान को वैश्विक विस्तार के एक-चौथाई तक ले जाने का आह्वान किया। सीतारमण ने तिमलनाडु के मदुरै में आयोजित यंग इंडियंस फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस (वाईआईएफआई) समिट 2026 के विशेष पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा, "भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। अनुमान है कि आने वाले वर्षों में वैश्विक विकास में हमारा योगदान लगभग 1/6वां हिस्सा होगा।"







सीतारमण ने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम अब दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा है। उन्होंने उद्यमियों से जोखिम उठाने और मौकों का फ़ायदा उठाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री ने कहा, "दुनिया में सबसे युवा वर्कफोर्स हमारे पास है। इनमें उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त 2.4 लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स ने मिलकर 23 लाख से ज़्यादा डायरेक्ट नौकरियां पैदा की है।" उन्होंने कहा, "हमारे पास 2,100 से ज्यादा वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) हैं, जो मेट्रो शहरों से आगे बढ़ चुके हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमारा डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एक इंटरनेशनल बेंचमार्क बन गया है। यूपीआई हर महीने 20 अरब से ज्यदा लेन-देन की प्रक्रिया कर रहा है। साथ ही महत्वाकांक्षी और उद्यमी भारतीयों के लिए नए मौके बन रहे हैं, जो रुकावटें कभी टैलेंट और मौकों के बीच थीं, वे धीरे-धीरे कम हो रही हैं।

## एपीडा ने जम्मू-कश्मीर से पहली बार सिंगापुर को प्रीमियम चेरी और आलूबुखारे का किया निर्यात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां और पुलवामा जिलों से पहली बार प्रीमियम अरेको चेरी और सेंटरोज प्लम (आलूबुखारा) की खेप सिंगापुर निर्यात कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल से क्षेत्र के बागवानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी और उनकी आय में 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि यह उपलब्धि जम्मू-कश्मीर के बागवानी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे पहले कश्मीर से ताजी चेरी और प्लम का सफल निर्यात संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी और दुबई के बाजारों में किया जा चुका है। अब सिंगापुर जैसे नए और उच्च मूल्य वाले बाजार तक पहुंच बनने से कश्मीर के प्रीमियम शीतोष्ण फलों की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी। मंत्रालय के अनुसार, एपीडा ने मेसर्स ओसुम फूड सॉल्यूशंस एलएलपी तथा मेसर्स फ्रूट मास्टर एग्रो फ्रेश प्राइवेट लिमिटेड, पुलवामा के सहयोग से 16 जुलाई को सिंगापुर के लिए पहली निर्यात खेप को रवाना किया। इस अवसर पर फ्लैग-ऑफ समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें निर्यातकों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की अनुकूल कृषि-जलवायु परिस्थितियां उच्च गुणवत्ता वाले चेरी, प्लम, सेब और अन्य शीतोष्ण फलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बढ़ने से स्थानीय किसानों और बागवानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।




## एचडीएफसी बैंक का पहली तिमाही में मुनाफा पांच फीसदी बढ़कर 19,059.72 करोड़ रुपये

**एजेंसी, नई दिल्ली**

निजी क्षेत्र के सबसे बड़े एचडीएफसी बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 (अप्रैल-जून) की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं। बैंक का एकल आधार (स्टैंडअलोन) पर शुद्ध लाभ (नेट प्रॉफिट) सालाना आधार पर लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 19,059.72 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 18,155.21 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। चडीएफसी बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया कि पहली तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय घटकर 92,184 करोड़ रुपये रह गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में यह 99,200 करोड़ रुपये थी। बैंक के अनुसार, एकीकृत (कंसोलिडेटेड) आधार पर पहली तिमाही में शुद्ध लाभ बढ़कर 19,245 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ ही बैंक की ब्याज आय (इंटरेस्ट अर्न्ड) बढ़कर 79,363 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 77,470 करोड़ रुपये थी। बैंक ने बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय (नेट इंटरेस्ट इनकम-एनआईआई) सात प्रतिशत बढ़कर 33,530 करोड़ रुपये हो गई। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 31,440 करोड़ रुपये थी। बैंक के अनुसार, ऋण वितरण में वृद्धि और मजबूत परिचालन प्रदर्शन का सकारात्मक प्रभाव शुद्ध ब्याज आय पर देखने को मिला। तिमाही परिणामों में बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता (एसेट क्वालिटी) में भी सुधार दर्ज किया गया। अप्रैल-जून तिमाही के अंत तक सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (ग्रॉस एनपीए) घटकर कुल ऋण का 1.17 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 1.40 प्रतिशत थी।




## आईडीबीआई बैंक को अप्रैल-जून तिमाही में 2115 करोड़ रुपये का मुनाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की (अप्रैल-जून) पहली तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। बैंक को पहली तिमाही में 2,115 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है, जो सलाना आधार पर पांच फीसदी अधिक है। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में 2,007 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

आईडीबीआई बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,573 करोड़ रुपये हो गई है, जो वित्त 2025-26 की समान तिमाही में 8,458 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 7,541 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 7,021 करोड़ रुपये थी। बैंक के मुताबिक मुख्य शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 10 फीसदी बढ़कर 3,486 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 3,166 करोड़ रुपये रही थी। हालांकि, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बैंक का परिचालन लाभ घटकर 2,168 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 2,354 करोड़ रुपये था। आईडीबीआई बैंक ने कहा कि बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) भी घटकर इस दौरान 3.61 फीसदी रहा, जो वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 3.68 फीसदी था। बैंक ने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बैंक के प्रदर्शन में सुधार हुआ है। अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात घटकर सकल ऋण के 2.3 फीसदी पर आ गया है, जो एक साल पहले 2.93 फीसदी था। इसी तरह पहली तिमाही में बैंक की शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनएनपीए) यानी फंसा कर्ज भी घटकर 0.16 फीसदी रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 0.21 फीसदी था। आईडीबीआई बैंक की कुल जमा राशि भी 30 जून, 2026 तक 10 फीसदी बढ़कर 3,25,757 करोड़ रुपये हो गई, जो 30 जून, 2025 को कुल 2,96,782 करोड़ रुपये थी। बैंक की शुद्ध कर्ज राशि 30 जून, 2026 को 22 फीसदी बढ़कर 2,58,968 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि में 2,11,907 करोड़ रुपये थी।

